ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 8 जून 2024
वर्ष 34, अंक 132, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए तैयार पंड्या 13
वरुण की फिल्म जुगजुग जियो का बनेगा सीक्वल 14

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## एक नजर

### हनुमानगढ़ी में 10 जुलाई तक वीआईपी दर्शन नहीं

**अयोध्या।** रामनगरी के सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी का निकास मार्ग 10 जुलाई तक बंद कर दिया गया है। वीआईपी दर्शन पर भी रोक रहेगी। निकास मार्ग के चौड़ीकरण के चलते हनुमानगढ़ी अखाड़े ने प्रशासन की सहमति के बाद शुक्रवार को यह निर्णय लिया है। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने बताया कि हनुमानगढ़ी में रोज एक लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं। निकास मार्ग को 20 फीट चौड़ा किया जा रहा है। इसी को देखते हुए 10 जुलाई तक निकास मार्ग को बंद रखा जाएगा।

### जिलहिज्ज का चांद दिखा बकरीद 17 जून को

**लखनऊ।** शुक्रवार को इस्लामी महीने जिलहिज्ज का चांद हो गया है। 8 जून को पहली जिलहिज्ज होगी और ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार 17 जून को मनाया जायेगा। शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास और मरकजी चांद कमेटी फिरंगीमहल के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने अलग-अलग चांद के सम्बन्ध में एलान किया है। मरकजी चांद कमेटी फिरंगीमहल की बैठक मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष और शहर काजी मौलाना खालिद रशीद की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि देश के विभिन्न हिस्सों से चांद देखे जाने की तस्दीक हो गई है।

### ईएसआईसी के डीजी बने कमल किशोर सोन

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि कमल किशोर सोन ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक (डीजी) का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। सोन की इस पद पर नियुक्ति 31 मई से प्रभावी है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि झारखंड कैडर के 1998 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कमल किशोर सोन वर्तमान में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एवं महानिदेशक (श्रम कल्याण) के रूप में कार्यरत हैं।

## सेंसेक्स और निफ्टी 2% बढ़कर उच्चस्तर पर

मुंबई, एजेंसी

- 28.65 लाख करोड़ रुपये बढ़ी निवेशकों की संपत्ति

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को दो प्रतिशत से अधिक चढ़कर रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुए। आरबीआई ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, जिसके चलते बाजार में यह तेजी देखने को मिली।

कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया रिकॉर्ड है। इसी तरह एनएसई निफ्टी दिन के कारोबार में 498.8 अंक या 2.18 प्रतिशत चढ़कर 23,320.20 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में निफ्टी 468.75 अंक या 2.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,290.15 अंक पर बंद हुआ। तीन दिन से जारी तेजी के बीच शुक्रवार तक निवेशकों की संपत्ति 28.65 लाख करोड़ बढ़ गई।


## लगातार आठवीं बार रेपो दर 6 .5 प्रतिशत पर कायम

मुंबई, एजेंसी

### मौद्रिक नीति समीक्षा : आरबीआईने जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा में उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा। मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच महंगाई को काबू में रखने के प्रयास के तहत आरबीआई ने लगातार आठवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने लगातार आठवीं बार नीतिगत दर



- मौद्रिक नीति समिति के दो सदस्य रेपो दर में 0.25% कटौती के पक्ष में

को यथावत रखने का निर्णय किया। साथ ही उदार रुख को वापस लेने के अपने निर्णय पर भी कायम रहने का फैसला किया है। उदार रुख को वापस लेने से आशय अपेक्षाकृत आक्रामक रुख से है। हालांकि, मौद्रिक नीति समिति में इस बार दो सदस्यों ने अलग राय दी। पिछले बार के एक के मुकाबले दो सदस्यों ने नीतिगत दर में कटौती और रुख को कुछ नरम किए जाने के पक्ष में मतदान किया। एमपीसी के छह सदस्यों में से चार ने नीतिगत दर को यथावत रखने, जबकि दो...आशिमा गोयल और प्रोफेसर जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी लाने और रुख को तटस्थ करने के लिए मतदान किया। यह फैसला नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री का पद संभालने से कुछ ही दिन पहले आया है।

पिछले वित्त वर्ष में उम्मीद से अधिक जीडीपी वृद्धि के बीच केंद्रीय बैंक ने आर्थिक गतिविधियों में मजबूती और दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से बेहतर रहने की भविष्यवाणी के साथ 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत पर कर दिया है। वहीं चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।

### मासिक किस्तों में बदलाव की संभावना कम

दास ने कहा कि सतत रूप से कीमत स्थिरता उच्च वृद्धि का आधार है। इन सब बातों पर गौर करते हुए एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने का निर्णय किया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि आरबीआई रेपो और रिवर्स रेपो परिचालन के माध्यम से नकदी प्रबंधन में लचीला बना रहेगा।

# मोदी को सरकार बनाने का न्योता

## शपथ ग्रहण समारोह कल, राजग नेताओं ने राष्ट्रपति से मिलकर मोदी के समर्थन में सौंपा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत करते हुए उन्हें नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। नई सरकार का शपथग्रहण समारोह रविवार की शाम को होगा। मोदी ने शुक्रवार शाम राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू ने मोदी को मनोनयन पत्र सौंपा।

इससे पहले, भाजपा नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और मोदी के लिए समर्थन पत्र सौंपा। मोदी को राजग संसदीय दल का नेता चुना गया है। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किया है। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने मुझे मनोनीत प्रधानमंत्री के रूप में काम करने के लिए कहा है और उन्होंने मुझे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है।



प्रधानमंत्री मोदी को दही खिलातीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### आडवाणी और डॉ. जोशी से मोदी ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी से उनके आवास पर मुलाकात की। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल का नेता, भाजपा संसदीय दल का नेता और लोकसभा में भाजपा का नेता चुने जाने के तुरंत बाद मोदी ने आडवाणी से मुलाकात की। आडवाणी से मुलाकात के बाद वह भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जोशी के आवास पर गए। मुलाकातों के बाद मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि आडवाणी जी के आवास पर गया और उनका आशीर्वाद मांगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी से मुलाकात की। जब मैं पार्टी संगठन में काम कर रहा था तब मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। उनकी बुद्धिमत्ता और ज्ञान के लिए पूरे भारत में उनका बहुत सम्मान किया जाता है। मोदी ने इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात की।

### जदयू हर दिन भाजपा के साथ रहेगी : नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्वास जताया कि मोदी बड़े स्तर पर भारत का विकास करेंगे और बिहार पर भी ध्यान देंगे। हमें विश्वास है कि मोदी भारत का विकास करेंगे और हम हर दिन तहेदिल से उनका समर्थन करेंगे। कुमार ने कहा कि उनकी पार्टी मोदी के कार्यकाल में हर दिन भाजपा के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी लंबित काम किए जाएंगे।

### क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन जरूरी : चंद्रबाबू नायडू

**नई दिल्ली।** भाजपा के प्रमुख सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का समर्थन किया। नायडू ने इस अवसर पर क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन बनाकर चलने की जरूरत बताई। राजग संसदीय दल की बैठक में सहयोगी दल जनता दल-सेक्युलर के नेता एच डी कुमारस्वामी, शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष अजित पवार, हम (एस) के प्रमुख जीतन राम मांझी समेत अन्य सहयोगी नेताओं ने मोदी को राजग का नेता चुनने के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्ताव का समर्थन किया। पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हुई बैठक में शिंदे ने गठबंधन को 'फेविकोल का जोड़' बताया, नीतीश कुमार ने मोदी के पैर छूने की कोशिश की लेकिन मोदी ने उनको बीच में ही रोक दिया। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पीठ थपथपाई। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए बार-बार मोदी को 'सर' कहा। चिराग पासवान को प्रधानमंत्री ने गर्मजोशी से गले लगाया। जनसेना पार्टी के पवन कल्याण का मोदी ने अपने भाषण में विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पवन हवा नहीं बल्कि तूफान हैं।

## नेपाल ने भारत सहित 11 देशों से राजदूत बुलाए

काठमांडू, एजेंसी

- सभी राजदूतों से तीन से चार सप्ताह में वापस लौटने को कहा
- नेपाली कांग्रेस कोटे के तहत हुई थी नियुक्ति, टूट चुका है गठबंधन

नेपाल सरकार ने 11 देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है, जिनमें भारत और अमेरिका में सेवारत राजदूत भी शामिल हैं और इनकी नियुक्ति नेपाली कांग्रेस के कोटे के तहत की गई थी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब तीन माह पहले प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने पार्टी (नेपाली कांग्रेस) से गठबंधन समाप्त किया और केपी शर्मा ओली से हाथ मिलाया है।

उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ की कड़ी आपत्तियों के बावजूद सरकार ने गुरुवार को यह कदम उठाया। समाचारपत्र 'द काठमांडू पोस्ट' की एक खबर के मुताबिक, नेपाल ने भारत में अपने राजदूत शंकर शर्मा को वापस बुला लिया है। खबर में विदेश मंत्रालय के अनेक अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि इस तरह के कदम से बहुत अराजनयिक संदेश जाता है। खबर में एक मंत्री के हवाले से कहा गया कि विदेश मंत्री नेपाली कांग्रेस और अन्य दलों के कोटे से नियुक्त राजदूतों को वापस बुलाने के प्रस्ताव का कथित तौर पर विरोध कर रहे थे लेकिन प्रधानमंत्री दाहाल और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने राजदूतों को वापस बुलाने का फैसला किया। माना जाता है कि विदेश मंत्री ने दाहाल और ओली दोनों से सभी 11 राजदूतों को वापस न बुलाने का अनुरोध किया था।

### नौ जून को भारत की यात्रा करेंगे प्रचंड



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' रविवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जिस दौरान वह नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी हिस्सा होंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उनकी भारत यात्रा का अनुमोदन किया गया।

### आगजनी मामले में एमपीएमएलए कोर्ट का फैसला

## इरफान सोलंकी समेत 5 को 7 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- सजा के बाद इरफान सोलंकी का चला जाएगा विधायक पद
- सभी आरोपियों पर 60 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया

**अमृत विचार :** जाजमऊ थानाक्षेत्र में आगजनी केस में शुक्रवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 5 दोषियों को 7 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने सपा विधायक व उसके भाई पर 30 हजार 500 रुपये जुर्माना व अन्य तीन दोषियों पर 29 हजार 500 रुपये जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने करीब 350 पन्नों का जजमेंट दिया। चार बार के सपा विधायक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई से जुड़े। सजा के बाद अब इरफान सोलंकी का विधायक पद भी चला जाएगा। सपा विधायक के अधिवक्ता ने फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की बात कही।

जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में 8 नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इरफान ने 22 दिसंबर 2022 को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में सरेंडर किया था। मामले में इरफान सोलंकी, रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली के खिलाफ एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में एक मार्च को ट्रायल पूरा हो चुका था। 3 जून को न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने सपा विधायक समेत पांचों आरोपियों को दोषी करार दिया था। शुक्रवार को फैसला सुनाने से पहले कोर्ट ने बचाव व अभियोजन पक्ष की बहस सुनी, शाम करीब 7 बजे कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी, मो. शरीफ, इजरायल आटेवाला व शौकत अली को 7 साल की सजा सुनाई।

### हम अखिलेश के साथ थे और साथ ही रहेंगे

सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट से बाहर निकलने पर रिजवान सोलंकी ने कहा कि हम लोग बेगुनाह हैं। हम अखिलेश यादव के साथ थे और उनके साथ ही रहेंगे। हम लोगों से जिस तरह से 30 साल की विधानसभा सीट छीनने का काम किया जा रहा है, उसमें कोई कामयाब नहीं होगा। मुझे अल्लाह की तरफ से इंसाफ मिलेगा, हम सभी हाईकोर्ट से बरी होंगे। रिजवान ने कहा कि ये फर्जी मुकदमा है, हमने केडीए से प्लॉट लिया था, क्या केडीए सरकारी संस्था नहीं है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां एम्स ऋषिकेश में भर्ती



**ऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को एम्स में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर्स की टीम उनकी जांच में जुटी है। बीती 14 मई को भी उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। तब उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया था। एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (84) को आंखों में कुछ तकलीफ थी। इस वजह से उन्हें जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों की टीम उनकी जांच कर रही है। प्रोफेसर मीनाक्षी धर की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने एम्स पहुंचकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। योगी की मां पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित पंचूर गांव में रहती हैं। पंचूर योगी आदित्यनाथ का पैतृक गांव है जो ऋषिकेश से लगभग 50 किलोमीटर दूर है।

## मानहानि के मामले में राहुल गांधी को जमानत

बेंगलुरु, एजेंसी



- अपमानजनक विज्ञापन पर कर्नाटक भाजपा ने दर्ज कराया था मामला

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई द्वारा दर्ज कराए गए मानहानि के एक मामले में यहां एक विशेष अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शुक्रवार को जमानत दे दी। मामला पिछले साल राज्य विधानसभा चुनाव से पहले प्रमुख अखबारों में कथित रूप से 'अपमानजनक' विज्ञापन जारी करने से संबंधित है। इनमें राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार पर 2019 से 2023 तक शासन के दौरान बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाया गया था। अदालत ने एक जून को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार को इस मामले में जमानत दी थी। वे अदालत के समक्ष पेश हुए थे। न्यायाधीश के एन शिवकुमार ने राहुल गांधी को सात जून को निश्चित रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

## सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 5 नक्सली ढेर, कई घायल

- मौके से चार बंदूकें बरामद, तीन जवान भी घायल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में पांच वर्दीधारी नक्सली मारे गए तथा कई अन्य घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने चार बंदूकें भी बरामद कीं। इस दौरान सुरक्षा बल के तीन जवान भी घायल हो गए। एडीजी विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र आज पुलिस नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में पांच वर्दीधारी नक्सली मारे गए तथा साथ ही कई नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है।

## सीबीआई ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले में दाखिल की चार्जशीट

- लालू प्रसाद और परिवार के सदस्य हैं मामले में आरोपी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों की कथित संलिप्तता वाले नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में अपना अंतिम आरोपपत्र शुक्रवार को दाखिल कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीबीआई द्वारा विशेष अदालत को सौंपी गई अंतिम रिपोर्ट में उन सभी रेलवे जोन को शामिल किया गया है, जहां लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर जमीन लिए जाने के एवज में नौकरी दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने आरोपपत्र में लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेज प्रताप यादव, बेटी हेमा यादव, पूर्व सहयोगी भोला यादव और अन्य को भी आरोपी बनाया है। उन्होंने कहा कि विशेष अदालत छह जुलाई को इस रिपोर्ट पर विचार करेगी।

## बीआरएस नेता कविता के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ दिल्ली की एक अदालत में पूरक आरोपपत्र दायर किया और दावा किया कि मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। सीबीआई ने अंतिम रिपोर्ट विशेष सीबीआई न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष दाखिल की, जो मामले पर छह जुलाई को संज्ञान लेंगी। न्यायाधीश ने मामले में कविता की न्यायिक हिरासत भी 21 जून तक बढ़ा दी।

## तीन नए स्वदेशी कानूनों को लेकर बगैर देरी हो तकनीकी बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### 1 जुलाई से बदल रही आपराधिक न्याय प्रणाली, योगी ने की लागू होने के पहले तैयारी की समीक्षा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एक बैठक में पहली जुलाई से लागू होने जा रही नई आपराधिक न्याय प्रणाली के संबंध में तैयारी की समीक्षा की। अपने सरकारी आवास पर बड़े अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए लागू होने जा रहे कानूनों में तकनीक का बड़ा महत्व है। डेटा एनालिटिक्स, साक्ष्यों के संकलन, ई-कोर्ट, दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन जैसी हर प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग किया जाना है। इसके मद्देनजर आवश्यक तकनीकी बदलाव बिना देर किए हो जाएं।



- मुख्यमंत्री ने कहा, हर जिले में स्थापित होगा फॉरेंसिक लैब और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की भी सुविधा

योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट लखनऊ का सहयोग लें। सभी फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में हर जरूरी संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। सभी 75 जिलों में फॉरेंसिक लैब स्थापित कराएं। कोर्ट में पेशी के लिए हर जिले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा रहे। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर रखें और प्रस्ताव तैयार करें, शासन स्तर से पूरा सहयोग मिलेगा। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की तैनाती करें। नए कानून के लागू होने से पहले इनसे संबंधित राज्य स्तरीय अधिनियम, नियमावली, एसओपी, शासनादेशों में संशोधन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, नए कानून सहजता से लागू किए जा सकें और अपने उद्देश्यों में सफल हों, इसके लिए तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। कॉन्स्टेबल, उपनिरीक्षक, इंस्पेक्टर, अभियोजक, जेल कर्मचारी आदि की विधिवत ट्रेनिंग कराएं। यह कार्य मास्टर ट्रेनर के तैयार कर आसानी से किया जा सकता है। यह भी कहा कि ये तीनों स्वदेशी कानून प्रधानमंत्री के प्रण को पूरा करने वाले हैं।

मुख्यमंत्री के साथ बैठक में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल, प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### यह होने जा रहा है बदलाव

संसद ने अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए इंडियन पीनल कोड- 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को समाप्त कर तीन नए कानून पारित किए हैं। यह कानून 1 जुलाई से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में लागू होना है। नई व्यवस्था के अनुसार, इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्थापित होगा। क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 स्थापित होगा।

## एक नजर

### आज शक्ति भवन में लगेगी पेंशन अदालत

**अमृत विचार,लखनऊ :** पावर कारपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन में आज पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए निदेशक कमलेश बहादुर सिंह ने बताया कि उप्र. पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल के निर्देशों के बाद सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालतें शक्ति भवन एवं डिस्काम मुख्यालयों पर आयोजित की जाती है। जिसमें पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है। इसी क्रम में पेंशन अदालतें कारपोरेशन मुख्यालय सहित शक्ति भवन डिस्काम मुख्यालयों पर कल 8 जून को आयोजित की जायेगी।

# जोमैटो की मदद से सर्वोदय विद्यालयों में बनेगी आधुनिक मेस

**104** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय समाज कल्याण विभाग प्रदेश में कर रहा संचालित

**30** लाख रुपये की मदद करते हुए मेस के निर्माण में भी जोमैटो कर रहा है सहयोग

प्रयोग के तौर पर अभी लखनऊ के पारा स्थित सर्वोदय विद्यालय में की जा रही है शुरुआत

डीपी शुक्ल, लखनऊ



मेस का भवन।


मेस का रसोईघर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों को अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त मेस से ताजा भोजन और नाश्ता मिलेगा। प्रयोग के तौर पर विभाग यह व्यवस्था राजधानी के पारा क्षेत्र स्थित सर्वोदय विद्यालय में शुरू करने जा रहा है। इस अत्याधुनिक मेस के लिए जोमैटो ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतगर्त फंड दिया है। साथ ही व्यवस्था प्रबंधन में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।

मालूम हो कि समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत पूरे प्रदेश में इस समय 104 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों के विद्यार्थियों को पूर्व की भांति ही भोजन और नाश्ते की व्यवस्था विभाग की तरफ से कराई जा रही है। भोजन में गुणवत्ता को लेकर मंत्री ने अफसरों के साथ मंथन करते हुए जोमैटो के साथ संपर्क कर आधुनिक मेस तैयार करने का निर्णय लिया।

### तैयार होंगे कई प्रकार के व्यंजन

जानकारी के अनुसार आधुनिक मेस की व्यवस्था की शुरुआत प्रयोग के तौर पर अभी लखनऊ पारा स्थित सर्वोदय विद्यालय में शुरू की जा रही है, बाकी विद्यालयों में यह व्यवस्था बाद में शुरू करने पर विचार किया जाएगा। जोमैटो ने 30 लाख रुपए की मदद करते हुए आधुनिक मेस के निर्माण में भी सहयोग भी दे रहा है। यहां गुणवत्ता युक्त भोजन तो मिलेगा ही साथ में कई प्रकार के व्यंजन भी तैयार किए जाएंगे।


आधुनिक मेस तैयार करने में जोमैटो सहयोग कर रही है। पारा स्थित सर्वोदय विद्यालय में अभी प्रयोग के तौर पर मेस को शुरू किया जा रहा है। बाद में प्रदेश के अन्य विद्यालयों में शुरू किया जाएगा। –असीम अरुण, राज्यमंत्री, समाज कल्याण

# परिवहन निगम में संविदा चालकों की भर्ती जल्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ 1.89 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान मिलेगा

**अमृत विचार :** परिवहन निगम चारबाग, अवध डिपो, कैसरबाग, रायबरेली उपनगरी हैदरगढ़ डिपो लखनऊ क्षेत्र में संविदा चालकों की भर्ती होगी।

लखनऊ परिक्षेत्र के रोडवेज क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि रोडवेज बसों के बेहतर संचालन के लिए संविदा चालकों की बड़ी भर्ती होने जा रही है। कक्षा आठ उत्तीर्ण युवाओं के पास हैवी वाहन का दो वर्ष पुराना लाइसेंस होना अनिवार्य है। डिपो में पदों की संख्या तय नहीं की है, बल्कि जितने योग्य युवा मिलेंगे सभी को मौका मिलेगा।

भर्ती होने वालों को 1.89 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान मिलेगा, वहीं 22 दिन ड्यूटी करने पर 3000 रुपये प्रोत्साहन भत्ता दिया जाएगा। दो वर्ष की निर्धारित सेवा पूरी करने के बाद उत्कृष्ट प्रोत्साहन श्रेणी में ड्राइवरों को प्रतिमाह 19593 रुपये व उत्तम प्रोत्साहन श्रेणी में 16593 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा।

# अनावश्यक बिजली कटौती न हो

## ऊर्जा मंत्री ने सभी डिस्काम के प्रबंध निदेशकों को विद्युत आपूर्ति के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


शक्ति भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री एके शर्मा। अमृत विचार

▶▶ ऊर्जा मंत्री ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा

▶▶ सघन चेकिंग अभियान चलाने के भी दिए निर्देश

**अमृत विचार:** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि बिजली विभाग में कार्यरत अधिकारी हो या कर्मचारी उपभोक्ताओं के प्रति अपने व्यवहार और कार्यशैली में सुधार लाएं। उन्होंने डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया कि शटडाउन की अवधि दो घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी भीषण गर्मी और लू का प्रकोप चल रहा है, गर्मी में आमजन को परेशानी न हो, इसके लिए कहीं पर भी अनावश्यक बिजली कटौती न की जाए।

ऊर्जा मंत्री शुक्रवार को शक्ति भवन में राज्य की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, सभी डिस्काउंट में पर्याप्त ट्राली ट्रांसफार्मर की उपलब्धता रहे, जिससे कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर भीषण गर्मी में शीघ्र ही आपूर्ति बहाल की जा सके। साथ ही सभी अधीक्षण और अधिशासी अभियंता अपने क्षेत्रों में जनप्रतिधियों से संवाद कर विद्युत व्यवस्था में सुधार संबंधी सुझाव प्राप्त कर विद्युत सुधार के लिए आवश्यक कार्य करे। विद्युत संबंधी प्राप्त जन शिकायतों को निर्धारित समय में निस्तारण भी किया जाए।

उन्होंने सभी डिस्काम के प्रबंध निदेशकों को उप्र. में हर पल विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देने के साथ कहा कि अतिभारित फीडरों में विद्युत चोरी रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए, साथ ही राजस्व वसूली के लिए भी प्रयास किए जाए।

**न बिजली चोरी हो और न बकाया हो ज्यादा:** ऊर्जा मंत्री ने कहा कि व्यवसायिक व औद्योगिक क्षेत्रों में भी विद्युत अपूर्ति के साथ ही राजस्व वसूली पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। विद्युत का सबसे अधिक उपयोग इन्हीं क्षेत्रो में होता है, इसलिए इन क्षेत्रों में यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी प्रकार की बिजली चोरी न होने पाए। साथ ही विद्युत बकाया भी अधिक न होने पाए।

समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेन्द्र भूषण, डीजी विजलेंस एम.के. बशाल, प्रबन्ध निदेशक उत्पादन निगम रणबीर प्रसाद, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल पंकज कुमार उपस्थित रहे तथा सभी डिस्कॉम के एमडी, अधीक्षण अभियंता, मुख्य अभियंता समेत अन्य अधिकारी वर्चुअल मौजूद रहे।

### अधिशाषी अभियंताओं को चिन्हित कर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में शुक्रवार को अध्यक्ष उप्र पावर कारपोरेशन आशीष गोयल ने सभी डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों से प्रोविजनल बिलों को जारी करने में धीमी प्रगति के लिये असंतोष व्यक्त किया और डिस्काम के सभी निदेशक (कामर्शियल) को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। सभी डिस्काम में जो सबसे खराब राजस्व वसूली के खण्ड हैं उनके चार अधिशाषी अभियन्ताओं को चिन्हित करके कार्रवाई के भी निर्देश दिये।

### उपभोक्ता से गलत वसूली पर होगी कार्रवाई

एके शर्मा ने कहा कि गर्मी का मौसम हैं और अभी 02 माह तक राहत मिलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां पर भी ट्रांसफार्मर जल्दी-जल्दी जल रहे हैं, वहां ट्रांसफार्मरों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाये,इसी के साथ उन्होंने कहा कि असेसमेंट बिलिंग और अधिकारियों व कर्मचारियों में व्यवहारिक सुधार आवश्यक है, ऐसी कोई भी शिकायत न हो, जिसमें किसी भी उपभोक्ता से दुर्व्यवहार या गलत वसूली की गयी हो, ऐसे प्रकरण संज्ञान में आने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## फरार 26 तस्करों के खिलाफ गैरजमानती वारंट

**अमृत विचार, लखनऊ:** करोड़ों रुपए कीमत की सिगरेट लेकर शारजाह से लखनऊ पहुंचे 26 तस्कर अभी भी फरार हैं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी 26 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है। इस प्रकरण में अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

मालूम हो कि पहली अप्रैल 2024 को राजधानी के अमौसी एयरपोर्ट पर उतरे कुछ तस्कर शारजाह से साथ में लाए विदेशी सिगरेट को लेकर भागने की फिराक में थे। इसी दौरान सुरक्षा कर्मियों को तस्कर होने की भनक लगते ही उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। घबराए तस्कर सिगरेट की पेटियों को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सभी तस्कर रामपुर जिले के थे। वह वर्षों से तस्करी का ही काम करते थे। घटना के बाद सक्रिय हुई पुलिस दो महीने में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर सकी है। बाकी सभी 26 तस्कर अब भी फरार हैं। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने सभी 26 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है। उधर, पुलिस फरार तस्करों की गिरफ्तारी करने के लिए लगातार छापे मार रही है। अदालत में उक्त सभी आरोपियों ने अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया है।

# आहत प्रेमिका, पत्नी व बेटी ने भी क्षेत्राधिकारी को पीटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ महिला मित्र राजस्थान में है डाक्टर

**अमृत विचार:** बस्ती रेंज के एक जिले में तैनात क्षेत्राधिकारी के कारनामे अब चर्चा में हैं। महिला मित्र के साथ आपत्तिजनक स्थित में क्षेत्राधिकारी पति को देखने के बाद पहले तो क्षेत्राधिकारी की बेटी और पत्नी ने महिला मित्र को जमकर पीटा। कुछ देर बाद हालात ऐसे बने कि उल्टे क्षेत्राधिकारी को उनकी महिला मित्र, पत्नी और बेटी ने एक साथ पीटना शुरू कर दिया। क्षेत्राधिकारी की महिला मित्र राजस्थान में डाक्टर है। वह उस दिन फ्लाइट से अयोध्या पहुंची थी और बाद में कैब करके क्षेत्राधिकारी के पास उसके सरकारी आवास पर पहुंची थी।

दरअसल महिला मित्र क्षेत्राधिकारी से लगभग पांच वर्षों से जुड़ी हुई बताई जा रही है। जब क्षेत्राधिकारी की पत्नी आवास में नहीं रहती थी तो वह सीधे आवास पहुंच जाती थी। उस दिन भी ऐसे ही हुआ। क्षेत्राधिकारी को यह नहीं पता था कि उसकी पत्नी और बेटी अचानक आवास पर आ जाएंगे। जब पत्नी और बेटी आवास पर पहुंची तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी और उसकी महिला मित्र को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इस दौरान पत्नी और बेटी सबसे पहले महिला मित्र पर डंडे लेकर टूट पड़ीं। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बीच बचाव तो करते रहे, लेकिन उन्होंने पत्नी के गुस्से को देखते हुए महिला मित्र को यह बोल दिया कि तुम मेरे पीछे क्यों पड़ी हो। जब देखो तब पहुंच जाती हो। इतना सुनते ही महिला मित्र आहत हो गई और वह क्षेत्राधिकारी पर ही टूट पड़ी। इस दौरान पहले से पति पर नाराज पत्नी भी क्षेत्राधिकारी को डंडे से मारने लगी। बेटी भी पिता को मारने में सहयोग करने लगी।

### महिला मित्र गई कोतवाली

उधर, घटना के कुछ देर बाद आहत महिला मित्र कोतवाली पहुंची, लेकिन मामला स्वयं के क्षेत्राधिकारी के खिलाफ होने के कारण कोतवाल ने एफआईआर दर्ज करने से हाथ खड़ा कर दिया। फिर मामला एसपी कार्यालय पहुंचा तो एसपी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए जांच एडिशनल एसपी को सौंप कर स्वयं किनारे हो गए। रिपोर्ट आईजी रेंज के पास पहुंची तो उन्होंने गलत रिपोर्ट मानते हुए जांच दूसरे जनपद के एसपी को सौंप दी। हालांकि इस प्रकरण पर अधिकारी से प्रश्न पूछने पर सभी अधिकारी फोन काट दे रहे हैं।

## सवा तीन लाख लोगों को पेंशन देने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में सवा तीन लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। विभाग इनको पेंशन योजना का लाभ देने के लिए अब सर्वे कराएगा।

समाज कल्याण विभाग ने वृद्ध नागरिकों को आर्थिक मदद देने के लिए वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी। योजना में आवेदन करने वाले वृद्ध नागरिकों को एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। विभाग प्रदेश में अभी लगभग चार हजार लोगों को उक्त योजना के तहत पेंशन दे रहा है। प्रदेश में 3 लाख 27 हजार लोगों का राशन कार्ड बना है मगर उनको पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। हालांकि राशन कार्ड के तहत मिलने वाले अन्य लाभ कार्डधारकों को मिल रहे हैं। विभाग अब इनको पेंशन योजना से लाभान्वित करने की तैयारी में है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सर्वे कर उक्त राशन कार्ड धारकों के संबंध में रिपोर्ट दें। पात्रत्रा के दायरे में आने वाले राशन कार्ड धारकों के मुखिया का पेंशन दी जाएगी। प्रयास किया जाएगा कि अगले माह तक पात्र लोगों से आवेदन कराकर इनको वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया जाए।

# कार्यकर्ताओं ने किया मोदी सरकार का जयघोष


तीसरी बार मोदी सरकार बनने का प्रदेश कार्यालय पर जश्न मनातीं भाजपा की महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ तीसरी बार मोदी सरकार बनने का भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

▶▶ प्रदेश कार्यालय में ढोल की थाप पर थिरकते कार्यकर्ता, की आतिशबाजी

**अमृत विचार:** बीते मंगलवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर भले लोस चुनाव में उप्र. के निराशाजनक परिणामों को लेकर मायूसी पसरी नजर आ रही हो लेकिन शुक्रवार को दृश्य बिलकुल बदला हुआ नजर आया। ढोल-नगाड़ों के बीच आतिशबाजी की गई। ढोल की थाप पर थिरकते नेता व कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाते नजर आए।

दरअसल, शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर एक बार मोदी सरकार के जयघोष के साथ पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। पार्टी के झंडों को फहराते हुए भारत माता की जय, वन्दे मातरम, भाजपा जिन्दाबाद और तीसरी बार मोदी सरकार से होगा विकसित भारत का सपना साकार जैसे नारे बुलंद किए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भाजपा संसदीय दल और एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं गईं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भी प्रधानमंत्री को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

### ये पदाधिकारी भाजपा प्रदेश कार्यालय पर रहे उपस्थित

भाजपा प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष बृजबहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सहप्रभारी हिमांशु दुबे, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बूथ लेवल तक संगठन को करना होगा मजबूत


कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ चुनाव में जीत के बाद प्रदेश कांग्रेस की पहली बैठक ,योगी के इस्तीफे की मांग

**अमृत विचार:** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय ने कहा कि हमें इस जीत को पहला कदम मानते हुए आगे की तैयारियां जारी रखनी हैं और बूथ लेवल तक संगठन को मजबूत करना है।

लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद राष्ट्रीय महासचिव, शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ पोलिटिकल अफेयर्स कमेटी व लोकसभा के प्रत्याशियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में इंडी गठबंधन को मिली जीत के लिए सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया गया । बैठक में पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था का मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी से तत्काल इस्तीफे की मांग की। नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और एक्जिट पोल्स्टर्स मिलकर बड़े स्टॉक मार्केट स्कैम की साजिश रची है। अल्पसंख्यक विभाग के शहनवाज आलम ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि भाजपा द्वारा संविधान बदलने की कोशिशों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी लगातार लड़ाई लड़ रही है।

# मिलीभगत के चलते हार गए कुछ प्रत्याशी


सपा कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव साथ में राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार सपा कार्यालय पहुंचे सपा प्रमुख

▶▶ जनता ने भाजपा की समाज को बांटने की कोशिशों को कर दिया असफल : अखिलेश

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में भारी जीत के बाद शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने अधिकारियों की मिलीभगत से हमारे कुछ प्रत्याशियों को हरा दिया बावजूद जनता की आशा के अनुरूप परिणाम आया। अयोध्या में सपा की जीत ऐतिहासिक है।

सपा प्रमुख ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में विचारधारा और संविधान की जीत हुई है। जनता ने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का काम किया है। जनता ने भाजपा की समाज को बांटने की कोशिशों को असफल कर दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, राजेन्द्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल समेत कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रामनामी पटका पहनाकर किया अभिवादन

अयोध्या से आए बालयोगी संत रामदास ने उन्हें रामनामी पटका पहनाकर अभिवादन किया। कर्नाटक से आए सपा प्रदेश अध्यक्ष एन. मंजप्पा, केरल के साजी थॉमस पोथन और केरल जनता दल (सेक्यूलर) के राष्ट्रीय सचिव आर.एस. प्रभात ने भी अंगवस्त्र पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया।

### जनता के मुद्दों को सदन में उठाएं: अखिलेश

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद व विधायकों के साथ बैठक कर जनता के मुद्दों को सदन में उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें बड विश्वास के साथ जिम्मेदारी दी है, जिसे हमें पूरे मन से निभाना है। बैठक में शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा अपने अहंकार के कारण प्रदेश में हारी।

## अनदेखी

**एनएचएआई को हर 50 किलोमीटर पर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरा लगाने के हैं निर्देश**

# मुफ्त मिल रहे कैमरे, जिम्मेदारों को लगाने में रुचि नहीं

नीरज मिश्र, लखनऊ



▶▶ अधिकारी सचेत हों तो लग सकता है ओवरस्पीडिंग पर ब्रेक

▶▶ तेज गति के कारण होती हैं सड़क हादसों में 40 फीसद मौत

**अमृत विचार:** जिम्मेदारों को पता है कि सबसे ज्यादा मौतें ओवरस्पीडिंग से होती हैं। उन्हें यह भी पता है कि सड़क हादसों में 40 प्रतिशत लोग तेज रफ्तार के कारण ही अपनी जान गंवाते हैं। इसकी भी जानकारी उनके पास है कि एनएचएआई के एक बड़े हिस्से पर ही सर्वाधिक मौतें दर्ज हो रही हैं। बावजूद इसके रफ्तार पर नजर रखने के लिए मिल रहे मुफ्त कैमरे तक को लगवाने के लिए एनएचएआई के जिम्मेदारों को फुर्सत नहीं है। कमेटी के अफसर कितना सचेत हैं बानगी देखिए।

**ई-चालान से रफ्तार पर ब्रेक की कोशिश पर ही लगा है ब्रेक :** रफ्तार पर ई-चालान से ब्रेक लगाने के लिए आगरा से इटावा होते हुए कानपुर चकेरी रोड तक के बड़े दुर्घटना बहुल क्षेत्र में सेव लाइफ फाउंडेशन से ऑडिट कराया गया। मौतों का आंकड़ा और हालातों को देख सुप्रीम कोर कमेटी ऑफ रोड सेफ्टी ने इस रूट पर एनएचएआई को हर 50 किलोमीटर पर एनपीआर (ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) कैमरा लगाने के निर्देश दिए। इसके लिए छह माह का समय दिया गया। एक्सप्रेस-वे अथारिटी को अपने मार्गों पर 90 दिन यानी तीन माह की मोहलत मिली। एक्सप्रेस-वे ने तो काम पूरा कर लिया। लेकिन एनएचएआई ने अब तक इस ओर नहीं देखा। गौर करने की बात यह है कि सर्वे करने वाली संस्था खुद से आगे आई और मुफ्त कैमरा लगाने की अनुमति मांगी। शर्त यह थी कि अधिकार पत्र के साथ ही कैमरे को ई-चालान प्रक्रिया से जोड़ दिया जाए जिससे हादसे वाले इस मार्ग पर चालान की ठोस कार्यवाही शुरू हो सके। लेकिन करीब सवा साल से अधिक समय बीत गया। एनएचएआई ने अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया। वह भी तब जब ओवरस्पीडिंग से बीते साल प्रदेश के अलग-अलग मार्गों पर 4,115 लोगों की जान गई है।

### आंकड़ों पर एक नजर

- साल-2023 में एनएचएआई पर हुए हादसों की संख्या-4,675
  - ▶▶ मौत- 2,852
- एनएच अंडर स्टेट लोनिवि (स्टेट हाइवे) पर हादसे- 1,394
  - ▶▶ मौत - 785
- एनएच अंडर अन्य विभाग में हुई दुर्घटनाएं -872
  - ▶▶ मौत -478

सभी महकमों को एक साथ मिलकर काम करने को कहा गया है। यह सही है आगरा से इटावा होते हुए कानपुर चकेरी रोड स्थित एनएचएआई के एक बडे.पैच पर बीते वर्ष बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जान गंवाई है। रोड सेफ्टी की सुप्रीम कमेटी ने बीते साल मार्च और फिर फरवरी माह में बैठक के दौरान एनपीआर कैमरा तत्काल लगाने जाने को कहा। इसी बीच मार्ग का ऑडिट करने वाली संस्था ने कुछ शर्तों के साथ फ्री में कैमरा लगाने का प्रस्ताव दिया लेकिन अभी तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है। कमेटी अब इस पर सख्ती करेगी।
**पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा**

## अच्छे आचरण पर हत्या के दोषी की सजा माफ

**अमृत विचार,लखनऊ:** हत्या के आरोप में जेल में लंबे समय से बंद एक सजायाफ्ता कैदी को अच्छे आचरण के कारण राज्यपाल ने सजा माफी दी है। आदेश मिलते ही कैदी को जल्द ही कारागार से छोड़ दिया जाएगा। बताते चलें कि अमेठी के थाना मोहनगंज के पाकरगांव निवासी हरिओम पर हत्या के आरोप लगे थे।

जिसके बाद रायबरेली की जिला अदालत ने 25.09.1984 को हरिओम को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हरिओम प्रयागराज के नैनी सेंट्रल जेल में बंद थे। जेल में बंद हरिओम के अच्छे आचरण और उम्र को देखते हुए राज्यपाल ने सजा माफी का फैसला लिया है। अधिकारियों के मुताबिक फैसला आते ही हरिओम को कारागार से मुक्त कर दिया जाएगा।

# मंत्रियों से चुनाव परिणामों पर आज मंत्रणा करेंगे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में उप्र. से आए निराशाजनक परिणामों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मंत्रिमंडल के सभी सहयोगियों के साथ बड़ी बैठक करेंगे। इससे पहले दिल्ली में शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने अपने दोनों उप मुख्यमंत्रियों ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ राज्य में हार के कारणों पर मंत्रणा की।

सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान कहां-कहां चूक हुई या किस स्तर के नेता ने किन-किन क्षेत्रों में भितरघात किया की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का समय मिला है। इतना ही नहीं चुनाव ड्यूटी में निष्पक्षता न बरतने वाले अधिकारियों को भी चिन्हित किया जाएगा। वहीं, शनिवार को लखनऊ में होने जा रही बैठक में मुख्यमंत्री परिणामों की क्षेत्रवार रिपोर्ट तलब करने के साथ मंत्रीगणों के कार्यों की भी समीक्षा करेंगे।

### योगी की पीठ थपथपायी

दिल्ली में शुक्रवार को संसद के सेंट्रल हॉल में नरेंद्र मोदी को लोकसभा का नेता चुनने पर योगी आदित्यनाथ ने नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए जब पुष्पगुच्छ भेंट किया, तो इस दौरान मोदी ने योगी की पीठ थपथपायी। बाद में योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से भाजपा संसदीय दल, एनडीए संसदीय दल और लोक सभा के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई।

**आज का मौसम**

तेज धूप व लू से अभी निजात नहीं मिलेगी।

40⁰ अधिकतम तापमान | 30⁰ न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### प्रशासनिक फेरबदल में कई एसडीएम बदले

**रायबरेली।** आचार संहिता हटने के बाद जिले में बड़ा प्रशासनिक फेर बदल हुआ है। जिसमें उप जिलाधिकारी रहे आशुतोष राय को हटा दिया गया है। जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने इसके साथ ही उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर के पद पर तैनात रहे नवदीप शुक्ला को लालगंज का एसडीएम बनाया है, वहीं लालगंज में तैनात एसडीएम मनोज कुमार सिंह को डलमऊ का एसडीएम है,डलमऊ में तैनात एसडीएम आशुतोष राय उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर बने। एसडीएम आशुतोष राय अब तक जहां भी रहे हैं,वहां अपनी विवादित कार्यशैली के लिए जाने जाते रहे हैं। डलमऊ से पूर्व वह सलोन में उप जिलाधिकारी रहे हैं वहां पर भी उनके ऊपर कई आरोप लगे थे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान भी कर्मचारियों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोला था, फिलहाल अब उन्हें डलमऊ से हटाकर एसडीएम न्यायिक सदर बनाया गया है।

### मां का हत्यारोपी बेटा गिरफ्तार, भेजा जेल

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** अपनी मां की हत्या कर शव को जलाने की कोशिश करने वाले कपूत को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे ठकुराइन मजरे उसरैना में बुधवार की दोपहर गांव के लवकुश कुमार की पत्नी सुशीला देवी की हत्या उनके बड़े बेटे कुलदीप ने गड़ासा से कर दी थी। उसके बाद शव को घर के पीछे सुनसान स्थान पर ले जाकर जलाने की कोशिश की। इस हत्याकांड में पुलिस ने गुरुवार की शाम पिता लवकुश कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि हत्यारोपित नशे का आदी था। जिसका विरोध उसकी मां अक्सर किया करती थी। घटना के दिन भी वह गांजा पीने के लिए बाहर गया था। जब वापस लौटा तो उसका मां से झगड़ा हो गया। जिसके बाद उसने अपनी मां की हत्या करके शव को जलाने की कोशिश की थी।

### सेंध काटकर नकदी सहित जेवरात पार

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** अंदूपुर गांव में एक घर से बीती रात्रि चोरों ने सेंध काटकर नगदी सहित लाखों के जेवरात पार कर दिए। सुबह परिजनों ने घर का सामान बिखरा देखा तो दंग रह गए। परिजनों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए राम पदारथ शुक्ला ने बताया बीती रात घर के बाहर सभी सदस्य सो रहे थे तभी चोरों ने घर के पीछे से दीवार में नकब काट कर दाखिल हो गए। घर में रखे पैंतीस हजार रुपए नगद, दो जोड़ी पायल, झाला, पायजेब, मंगल सूत्र अंगूठी सहित अन्य सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है। जांच पड़ताल कर कार्यवाही करते हुए जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### पुलिस ने आरोपी को भेजा बाल सुधार गृह

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के अदीलाबाद गांव में नाबालिक युवक के द्वारा एक बालिका के साथ की गई दुराचार की घटना के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को बाल सुधार गृह भेजा है। अदीलाबाद गांव की रहने वाली महिला ने एक सप्ताह पहले पड़ोस में ही रहने वाले युवक दीपक पुत्र श्रीधर पर खेलते समय उसकी पुत्री के साथ छेड़खानी का आरोप लगाया था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने छेड़खानी व 7/8 पाक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में विवेचक नरपतगंज चौकी प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने आरोपित 12 वर्षीय बालक को पकड़कर बाल सुधार गृह भेजा है।

# मोबाइल खोने के गम में युवक ने लगायी फांसी

## पुलिस ने शव को लेकर मामले की छानबीन शुरू की

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली



सीएचसी में युवक की मौत की विधिक कार्रवाई करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर में पंचर की दुकान पर काम करने वाले युवक का शव सूनसान स्थान पर पेड़ पर फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि मोबाइल खो जाने से आहत होकर उसने यह कदम उठाया है। पुलिस ने शव को लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

यह घटना शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे की है। बिहार प्रांत के मुजफ्फरपुर जिले के थाना सकरा के गांव गनीपुर बेझा के रहने वाले मुकेश कुमार (19) पुत्र हर किशन ऊंचाहार नगर के अरखा फ्यूल्स के पास मो. वसी की पंचर की दुकान पर विगत करीब तीन साल से काम करता था। शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे वह शौच के लिए बाहर गया था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो मो वसी ने उसकी खोजबीन करनी शुरू की। पूर्वाह्न करीब 11 बजे उसका शव बागवान ढाबा के पीछे सूनसान स्थान पर एक बबूल के पेड़ पर फंदे से लटका हुआ मिला। जिसके बाद आसपास हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने औपचारिक रूप से उसे मृत घोषित किया। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बात समझ से परे है किंतु बताया जा रहा है कि मृतक का कुछ दिन पहले मोबाइल खो गया था, जिसको लेकर वह काफी परेशान था। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्ट मार्टम कराया जा रहा है। घटना की छानबीन की जा रही है।

### लकड़ी के विवाद में मारपीट, पांच घायल

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव भूपखेड़ा मजरे धुराई में शुक्रवार को देर रात एक ही परिवार के दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें दो महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए।भूपखेड़ा निवासी किरन देवी ने आरोप लगाया है कि उनके जेठ हीरालाल और पति ताराचंद की सम्मिलित जमीन में यूके लिपटस के पेड़ खड़े थे। हीरालाल अपने हिस्से की लकड़ी उठा ले गए। उसने अपने हिस्से की लकड़ी उठाई तो उस लकड़ी को अपनी लकड़ी बताकर उसकी जेठानी शिवकुमारी, उनके बेटे प्रकाश, बेटी आरती ने उसे गाली देते हुए लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पर उसके पति ताराचंद और बेटे साहिल को भी पीटा। ग्रामीणों ने बीच बचाव किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि दोनों पक्षों के शिकायती पत्रों के आधार पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# लखनऊ व कानपुर का सफर महंगा



बस स्टेशन परिसर में खड़ी बसें। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बीती रविवार रात से टोल टैक्स में बढ़ोत्तरी होने के साथ ही अब इसका असर परिवहन सेवाओं पर भी पड़ने लगा है। रोडवेज बसों में सफर करने के दौरान अब किराये में बढ़ोत्तरी की गई है। रायबरेली डिपो से लखनऊ और कानपुर को जाने वाली बसों में एक-एक रूपये की बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि अन्य रूटों का किराया पूर्व की भांति ही रहेगा।

रायबरेली डिपो से कानपुर को आने जाने वाली 32 बसे हैं जिसमें से 16 बसें रायबरेली डिपो की हैं। वहीं रायबरेली से लखनऊ आने जाने वाली 80 बसें हैं। वर्तमान समय में डिपो में 160 बसें हैं। जिसमें से 84 बसें अनुबंधित हैं, जबकि 76 बसें निगम की हैं।

> टोल टैक्स बढ़ने की वजह से लखनऊ और कानपुर जाने वाली बसों के किराये में एक-एक रूपये की बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि अन्य रूट पर चलने वाली बसों का किराया नहीं बढ़ाया गया है।
>
> **दिनेशचंद्र श्रीवास्तव सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, रायबरेली**

रायबरेली डिपो से लखनऊ, कानपुर सहित सुलतानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, दिल्ली सहित अन्य बसें संचालित होती हैं। जबकि स्थानीय स्तर पर भी बड़ी संख्या में बसें संचालित हैं, लेकिन स्थानीय बसों पर बढ़ हुये किराये का कोई असर नहीं पड़ेगा।

क्योंकि इन बसों के आवागमन में टोल प्लाजा नहीं पड़ता है, जबकि कानपुर और लखनऊ सहित आगे जाने वाली बसों में कई टोला पड़ते हैं, जिसके वजह से इन बसों का भी सफर करना महंगा हो गया है।

पहले रायबरेली से लखनऊ जाने वाली बस का किराया 124 रूपये था जो अब 125 रूपये हो गया है। कानपुर जाने वाली बस का किराया 179 था जो अब 180 रूपये हो गया है।

# ओ लेवल व सीसीसी के लिए आवेदन आज से

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना ऑनलाइन संचालित है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस योजनान्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था 'नीलिट' से मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा जनपद के अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उप्र की वेबसाइट पर दिये गये लिंक एवं से ऑनलाइन आवेदन 8 जून से 21 जून तक किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिंट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों तथा उपलब्ध संसाधनों के विवरण सहित निदेशालय, पिछड़ा वर्ग कल्याण इन्दिरा भवन 10वां तल लखनऊ एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय में 21 जून के सांय 5 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा।

अभिलेखों का परीक्षण तथा संस्था की आधार भूत संरचनाओं का भौतिक सत्यापन कराते हुए निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संस्थाओं का चयन किया जायेगा। विस्तृत दिशा-निर्देश व समय-सारणी उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गई है।

# नहरों में पानी की जगह उड़ रही धूल, किसान परेशान

## नहर में पानी न आने से सूख रही मेंथा की फसल, धान की नर्सरी में हो रहा विलम्ब

संवाददाता,शिवगढ़, रायबरेली।



सूखा पड़ा शिवगढ़ रजबहा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मेंथा की सिंचाई एवं धान की नर्सरी के समय क्षेत्र के शिवगढ़ राजबहा, गूढ़ा रजबहा, बैंती रजबहा एवं इनसे निकलने वाली माइनरों एवं अल्पिकाओं में पानी की जगह धूल उड़ रही है।

जिसको लेकर किसान परेशान है। नहर में पानी न आने से किसानों में सिंचाई विभाग एवं प्रदेश सरकार के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। जल्द ही नहर में पानी न छोड़े जाने पर किसानों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

आलम यह है कि नहर में पानी न आने से जहां किसानों को हर सप्ताह इंजन के पानी से मेथा की फसल की सिंचाई करनी पड़ रही है। वहीं धान की नर्सरी में विलम्ब हो रहा है। इंजन का पानी महंगा पड़ने के कारण अधिकांश किसानों ने तो मेथा की सिंचाई करना ही बंद कर दिया है जिसके चलते उनकी मेथा की फसल सूख कर खाक हो गई है। ऐसे में उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा।



नन्द किशोर



ओम प्रकाश



मायाराम



अंजली


### क्या कहते हैं किसान

शिवगढ़ नगर पंचायत के भवनपुर निवासी नन्दकिशोर तिवारी का कहना है कि क्षेत्र में नहर ही सिंचाई का प्रमुख साधन है। ऐसे में नहर में पानी न आने से धान की नर्सरी में विलम्ब हो रहा है। उन्होंने सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों से नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है। किसान ओम प्रकाश रावत का कहना है कि प्रदेश की योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने का ढिंढोरा पीटती है किन्तु विडम्बना है कि मेंथा की सिंचाई एवं धान की नर्सरी के समय नहर में पानी की जगह धूल उड़ रही है। ऐसे में कैसे किसानों की आय दोगनी होगी। शिवगढ़ द्वितीय से अंजली पासी, चुन्नीलाल खेड़ा मजरे गूढ़ा के रहने वाले कृषक मनोज रावत, मायाराम रावत का कहना है कि नहर में पानी न आने से धान की नर्सरी में विलम्ब हो रहा है। यदि जल्द ही नहर में पानी न छोड़ा गया तो धान की नर्सरी पिछड़ जाएगी। ऐसे में धान के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने जिलाधिकारी से नहर में पानी छुड़वाने की मांग की है।

> शेड्यूल के चलते नहर बन्द थी। रविवार को नहर में पानी छोड़ दिया जाएगा। रविवार की रात से लेकर सोमवार की शाम तक हर हाल में शिवगढ़ राजबहा, रजबहा के साथ ही सभी माइनरों एवं अल्पिकाओं में पानी पहुंच जाएगा।
>
> **सत्यप्रिय,अधिशासी अभियंता शारदा सहायक, शारदा खण्ड लखनऊ**

# बिना परमीशन के जगतपुर में हो रहा खनन का खेल, जिम्मेदार अनजान

जगतपुर, रायबरेली



जगतपुर थाना क्षेत्र में अवैध खनन करती जेसीबी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में थानेदार व हल्का दरोगा एवं हल्का सिपाही की मिलीभगत से अवैध खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिम्मेदार जानकर अनजान बने हुए वहीं खनन माफिया 10 ट्राली का परमिशन लेकर दिन-रात अवैध खनन कर रहे हैं।

जगतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अगर अवैध खनन करना है तो रात में जेसीबी चलवाना है तो 10 हजार रुपये थाने में जमा करो, लेबलर मशीन चलवानी है तो 6 हजार रुपये देकर दिन में खनन करो।उसके बाद सारा मोर्चा पुलिस स्वयं संभाल लेती है। यह कारनामा काफी दिनों से चल रहा है। थानेदार द्वारा अधिक कमाई की चाहत में इस तरीके के कार्य कराए जा रहे हैं। कस्बे में पुलिस की मिली भगत से अवैध गाजे का कारोबार भी फल फूल रहा है। वहीं, खनन में ट्रैक्टर ट्रालियों की खनक से लोगों को सोना मुश्किल हो गया है। पैसे के आगे थानेदार हल्का दरोगा वह सिपाही कटान और खनन करने में मस्त रहते हैं। यहां तक की खनन करने वाले 10 ट्राली की परमिशन लेकर दिन-रात अवैध खनन करते हैं, पर पुलिस का कहना है कि परमिशन है। जिला पंचायत सदस्य राकेश राणा ने इसकी शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की थी, लेकिन उसके बावजूद भी अवैध खनन पर कोई अंकुश नहीं लग पाया। यहां तक की जनप्रतिनिधि भी इस अवैध खनन से परेशान है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होती। जब ग्रामीणों द्वारा खनन अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता की जाती है तो उनका कहना रहता है कि आप थाने से संपर्क करिए और पुलिस कुछ नहीं करती। इस बाबत सीओ अरुण कुमार नौहवार से बात की गई तो उनका फोन नहीं उठा।

### फोटो भेजो तो करता हूं कार्रवाई : खनन अधिकारी

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बीते दिनों से जमकर अवैध खनन का खेल चल रहा है। जिस पर खनन अधिकारी अंकुश लगाने में नाकाम हैं। बीते दिनों भले ही उन्होंने एक ढाबे पर खड़े ओवरलोडिंग ट्रकों पर कार्रवाई की थी, लेकिन जिले भर के अलग-अलग जगहों पर चल रहे अवैध खनन पर उनकी निगाहे नहीं जाती है। हैरत तो तब है कि जब खनन अधिकारी से क्षेत्र में खनन होने की बात कही जाती है तो उनका अपना सीधा जवाब होता है कि फोटो या वीडियो भेजवाओं दिखवाता हूं, कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि जिले में खनन विभाग की जिम्मेदार अधिकारी जब इस तरीके से पेश आने लगे तो सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभाग में क्या-क्या नहीं होता होगा।

### भूतपूर्व सैनिक की बेटी ने पास की नीट परीक्षा



मेधावी बेटी का मुंह मीठा कराते परिजन।

**रायबरेली।** मेडिकल पढ़ाई के लिए जरूरी नीट परीक्षा पास करके भूतपूर्व सैनिक की बेटी ने परिवार का नाम रोशन किया है। नीट परीक्षा पास करके सैनिक की बेटी ने 683 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं, ऑल इंडिया स्तर पर 7,322 रैंक प्राप्त किया है। शहर के राना नगर निवासी भूतपूर्व सैनिक व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ डलमऊ ईकाई के ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह की पुत्री अपर्णा ने मेडिकल परीक्षा में 683 अंक प्राप्त किए हैं। अपर्णा ने हाईस्कूल की परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक पाकर प्रतापगढ़ में जिला टॉप किया था। एसजेएस पब्लिक स्कूल से इंटरमीडिएट में 95.4 प्रतिशत अंक पाए हैं। अपर्णा की मां प्रतिभा सिंह अमावां ब्लॉक में प्रधानाध्यापिका है। उन्होंने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

# चोरी की घटना पर कार्रवाई न होने से धरने पर बैठा परिवार



विकास भवन के सामने धरने पर बैठा पीड़ित परिवार। अमृत विचार

ऊंचाहार, रायबरेली

**संवाददाता, अमृत विचार।** दिन दहाड़े सरेआम घर का दरवाजा तोड़कर सारा समान चोरी करने की घटना में कोतवाली के एसएसआई द्वारा पीड़ित परिवार से उसका घर होने का सबूत मांगें जाने का मामला अब बढ़ता जा रहा है। पुलिस के इस रवैये के विरोध में पीड़ित परिवार जिला मुख्यालय के विकास भवन में धरने पर बैठ गया है ।

मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल गांव का है। इस गांव की एक महिला ने कुछ दिन पूर्व कोतवाली के एसएसआई पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। अब इसी गांव का दूसरा परिवार भी एसएसआई की हरकत के कारण धरने पर है। गांव के रहने वाले पुतान कुमार का कहना है कि उनका पूरा परिवार बाहर गया हुआ था, तभी उनके पड़ोसी उनके घर में घुस गए और दरवाजा तोड़कर पूरा समान उठा ले गए। दिनदहाड़े हुई इस पूरी घटना का गांव वालों ने विडियो भी बनाया और सोशल मीडिया में वायरल हुआ। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी, जिसकी जांच एसएसआई लोकेंद्र सिंह को दी गई। पीड़ितों का आरोप है कि एसएसआई ने इसमें कार्रवाई करने के स्थान पर पीड़ित पक्ष से ही कहा कि पहले इस बात का साक्ष्य लाओ कि जिस घर में घटना हुई, वह घर तुम्हारा है। पीड़ित का कहना है कि पूरा गांव जानता है कि घर उसका है और उसके घर में चोरी हुई है। इसके बावजूद एसएसआई अजीबोगरीब बात कर रहे हैं।

### वन माफिया पर मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव मथुराखेड़ा मजरे खीरों में वन माफिया ने हरे भरे कई पेड़ों को काटकर लकड़ी गायब कर दिया। वन विभाग के क्षेत्रीय वनरक्षक ने नामजद वनमाफिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। वन विभाग के क्षेत्रीय वनरक्षक जगत नारायण पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि मथुराखेड़ा मजरे खीरों निवासी रईस खान ने वन विभाग से अनुमति लिए बिना अपने गांव में ही खड़े एक गूलर, एक जामुन और चार नीम के हरे भरे पेड़ काटकर उनकी लकड़ी गायब कर दिया है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि क्षेत्रीय वनरक्षक के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### मस्जिद से बैट्री चोरी

**परशदेपुर, रायबरेली।** वार्ड नंबर 9 में स्थित मदीना मस्जिद में बीती रात चोरों ने इनवर्टर की बैटरी चुरा ली। सुबह लोगों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**निरीक्षण** | जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बैठक कर अधिकारियों को सफल एवं शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के दिये निर्देश

# बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा कल, तैयारियां पूरी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड शैक्षिक सत्र 2024-26 के प्रवेश के लिए बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 9 जून को दो पालियों ने प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक जिले के 3 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

जिसमें प्रत्येक पाली में कुल 1284 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया की परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए खाका तैयार करा लिया गया है। अपर जिलाधिकारी (विरा) अमृता सिंह ने बताया कि मुख्य सचिव गृह उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में परीक्षा के सफल आयोजन कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं नगर मजिस्ट्रेट को निर्देश निर्गत किये गये है।

अपर जिलाधिकारी (विरा) ने बताया कि केन्द्र व्यवस्थापक व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिये गये है कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप है नगर क्षेत्र में रेलवे स्टेशन, बस स्टाफ व अन्य चिहिन्त स्थलों पर नगर पालिका परिषद से सामुदायिक व सार्वजनिक पेयजल, शौचालय टैंकर 8 जून की सांय से व 9 जून 2024 को ऐसे स्थानों पर चिहिन्त कर खड़ा कराये जहां पर बाहर से आये अभ्यर्थियों को अधिकाधिक सहूलियत प्राप्त हो सके।

परीक्षा केन्द्रों बस स्टाफ, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर फॉगिंग, साफ-सफाई, चूना का छिड़काव भी करा दिया जाये।सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, राज्य सड़क परिवहन निगम रायबरेली इस जनपद से आने-जाने वाले अभ्यर्थियों के लिए पर्याप्त बसों की व्यवस्था सुनिश्चित कराये, बसों के सुचारू रूप से संचालन के लिए स्वयं के साथ-साथ पर्यवेक्षण के लिए बस स्टाफ पर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क परीक्षा अभ्यर्थी, बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 का बोर्ड लगाकर कर्मचारियों को तैनात दिया जाये जिससे अभ्यर्थियों को गंतव्य परीक्षा केन्द्र तक जाने में कोई अवसुविधा न हो।

विद्युत विभाग द्वारा विद्युत व्यवस्था का निर्वाध व सुचारू रूप से परिचालन किया जाये। परीक्षा केन्द्रों पर व आस-पास पार्किंग इस प्रकार करायी जाये कि आम जनमानस के आवागमन किसी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न हो।

### केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी परीक्षा

एलआईयू, विशेष अभिसूचना इकाई, इंटेलिजेंस ब्यूरो की टीम शुक्रवार को ही सक्रिय मोड पर रखकर सूचनाओं का संकलन किया जाये। परीक्षा में इलेक्ट्रानिक उपकरणें की मदद व अन्य किसी प्रकार की नकल आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए नकलविहीन परीक्षा सम्पादित करायी जाये। पीआरपी, 112 व चिह्नित स्थानों पर पुलिस द्वारा पर्याप्त गश्त की जाये। रेलवे स्टेशन, बस स्टाफ होटलों के आस-पास सुरक्षात्मक दृष्टि से पैनी नजर रखी जाये। एण्टी रोमियो स्क्वाड की टीमें भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराये।

### चोरी का केस दर्ज

**सूची, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक किसान के घर में छह दिन पहले हुई चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ग्राम गगुहा मजरे डीह निवासी किसान रामकेश यादव के घर में एक जून की रात अज्ञात चोरो ने दो मोबाइल फोन और 35 हजार की नगदी सहित सोने-चांदी के जेवरात आलमारी और बक्से का ताला तोड़कर उठा ले गये। पीड़ित ने दो जून को इसकी तहरीर पुलिस को दी थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच जून को चोरी का मामला दर्ज लिया है। पुलिस की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र में आए दिन चोरी की वारदातें होने से लोगों में भारी नाराजगी है। फिलहाल पुलिस चोरो की तलाश में जुटी है।

# भाजपा के दिग्गज भी नहीं जिता सके अपना बूथ

राघवेंद्र शुक्ल

**जगतपुर, रायबरेली।** ठेकेदारों ने भारतीय जनता पार्टी की नइया ही डुबो दी। ब्लॉक के सभी 39 ग्राम सभा में भाजपा को पराजय का मुंह देखना पड़ा।

ब्लॉक में बीजेपी की ओर से तमाम प्रधान व ठेकेदारों ने अपनी-अपनी ग्राम पंचायत जीतने का दावा किया था, लेकिन परिणाम ने उनको कही का नही छोड़ा। ब्लॉक प्रमुख का गांव चिचौली बीजेपी हार गई।कई बूथों की जिम्मेदारी लिए सिद्धौर के प्रधान भी अपनी ग्राम सभा के दोनों बूथ भारी अंतर से हारे। तमाम गांव में भाजपा 100 का आंकड़ा भी नहीं पार कर सकी। गौरा लखनी 63, सांहुकुआ30,जमोड़ी 54,कोडिया 61,शंकरपुर67,कल्याणपुर सुरजई 88,लक्ष्मणपुर 82,छीछेमऊ 54, हथकुई 85, कुसमी 94,कजियाना 59, मखदूमपुर 85 गांव रहें। भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह सराय श्री बक्श गांव से भारी अंतर से हार गए। पार्टी में प्रदेश पदाधिकारी ठाकुर ब्रजेश सिंह को गांव धूता से मात मिली। जगतपुर ब्लॉक में बीजेपी को 10266 व कांग्रेस को 26816 मत मिले। कांग्रेस ने ब्लॉक में बीजेपी को 16 हज़ार 550 वोटों के अंतर से पराजित कर दिया।

# आदर्श तालाब में नहीं भरवाया गया पानी, जीव-जंतु परेशान

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली


नरायनपुर में सूखा पड़ा आदर्श तालाब। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गांव में जलस्तर बनाए रखने एवं जीव जन्तुओं की प्यास मिटाने के लिए ग्राम पंचायतों में बनवाए गए अधिकांश आदर्श तालाबों में पानी की जगह धूल उड़ रही है, जिसको लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। जिसका जीता जागता उदाहरण क्षेत्र के नरायनपुर में बना आदर्श तालाब है। जिसमें पानी का नामोनिशान नहीं है। इस आदर्श तालाब में पानी की जगह धूल उड़ रही। तालाब परिसर में लगा गेट का एक पल्ला वर्षों से गायब है। पड़ रही भीषण गर्मी में तेज धूप, गर्म हवाओं के थपेड़े जीव-जन्तुओं के साथ ही मानव को झुलसा रहे हैं। ऐसे में हर हलक को गला तर करने के लिए पानी की जरुरत है, किन्तु अफसोस है कि नरायनपुर में बने आदर्श तालाब में अमृत रूपी पानी दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा। तालाब को पानी से लबालब रहना चाहिए, किन्तु ग्राम प्रधान एवं जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से तालाब में धूल उड़ रहा है। तालाब में पानी न होने से भीषण गर्मी में जहां जीव-जन्तु एक एक बूंद पानी के लिए तरह रहे हैं। वहीं तालाब के आस-पास का जलस्तर नीचे चला गया है। ज्ञात हो कि सरकार ने तालाबों का स्वरूप बदलने एवं पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में आदर्श तालाब बनवाए थे। इस योजना में खामी कहें या फिर निगरानी का अभाव या फिर गुणवत्ताहीन निर्माण। यह आदर्श तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

> प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक या दो तालाबों में पंपिंग सेट अथवा नहर से पानी भरवाने के लिए सीडीओ साहब ने आदेश दिया है। नहर आएगी तो पानी भरवाया जाएगा।
> साबिर अनवर
> –खण्ड विकास अधिकारी शिवगढ़

## पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**रायबरेली।** जिले के एसपी अभिषेक अग्रवाल लगातार महकमे की ढीली व्यवस्था के पेच कसने में लगे हुए हैं और दूसरी तरफ कुछ पुलिसकर्मी उनकी इस कोशिश पर ही पलीता लगाने में तुले हुए है। हर फरियादी की शिकायत दर्ज करने के एसपी के आदेश के बावजूद जिले के अधिकतर थानों पर फरियादियों को टरकाने की व्यवस्था पूर्ववत चल रही है। हाल यह है कि थाने से न्याय मिलने की आस टूटने पर पीड़ित एसपी आफिस य फिर न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को मजबूर हो रहे हैं। रायबरेली के थानों पर बैठे प्रभारी अपने अधिकारी की किरकिरी कराने से बाज नही आ रहे है। अब तक कई ऐसे थानेदार है जो पीड़ितों को न्याय देने में फिसड्डी रहे है।

# लालगंज की नहरें सूखी, जिम्मेदार मौन

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा बिजली और पानी की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश की भी अधिकारी परवाह नहीं करते हैं। लालगंज क्षेत्र के नहरे में कहीं भी पानी नहीं है नहरो में पानी की बजाय धूल उड़ रही है। उन्नाव शारदा सहायक खंड से निकलने वाले लालगंज रजबहा और उसकी सहायक करीब एक दर्जन नहरिया पूरी तरह से सूखी पड़ी है।

हालांकि नहर विभाग के एसडीओ सार्थक सिंह और अवर अभियंता सौरभ का कहना है कि हरदोई हेड टेल से ही पानी कम मिल रहा है जिसके कारण लालगंज को पानी दे पाना मुश्किल साबित हो रहा है। यह पूछे जाने पर कि नहरों में पानी कब आएगा। एसडीओ ने कहा कि आप अधिशासी अभियंता से बात कर लीजिए। अधिशासी अभियंता ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। इसके अलावा लाखों रुपए की लागत से बनाए गए अमृत सरोवर भी सूखे पड़े हैं। गांव के किसी भी तालाब में पानी नहीं है। नहरो और तालाबों में पानी न होने से एक तरफ जहां किसानों को खेती के लिए बिल्कुल पानी नहीं मिल पा रहा है। वही जंगलों में रहने वाले पशु पक्षी जानवर सभी बिना पानी के बेहाल घूम रहे हैं। पानी की तलाश में अक्सर जंगली जानवर गांव में भी घुस आते हैं और लोगों के लिए समस्या बन जाते हैं। सबसे खराब स्थिति लालगंज की नहरों की है जहां पर वर्ष में 10- 15 दिन ही पानी आता है। वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है जिसके कारण सभी को पानी की जरूरत है। नहरें पूरी तरह से सूखी पड़ी है और सबसे बड़ी बात यह है कि लालगंज स्थित नहर विभाग कोठी के ऑफिस के सामने लालगंज रजबहा पूरी तरह से सूखा पड़ा है। फिर भी नहर विभाग के अधिकारी नहरों में पानी छोड़ जाने के बाबत संवेदनशील नहीं है। इसके साथ ही रिशालपुर लोटनहा, बहाई, पूरे भीखी, उदवामऊ, कुम्हरौड़ा, सातनपुर आदि सभी नहरिया भी सूखी पड़ी है और उनमे धूल उड़ रही है। किसान यूनियन अध्यक्ष योगेंद्र सिंह और भाजपा मंडल


नहर कोठी के सामने सूखा पड़ा लालगंज रजबहा।

## रेलवे पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

**लालगंज रायबरेली।** शुक्रवार को लालगंज रेलवे स्टेशन पर संरक्षा संगठन उत्तर रेलवे लखनऊ के द्वारा समपार फाटक पर यात्रियों एवं जनता के लिए रेल विभाग के द्वारा एक जागरूकता अभियान यातायात निरीक्षक बालमुकुंद वर्मा और आरपीएफ इंस्पेक्टर अरविंद के तत्वाधान में चलाया गया। जिसमें जनता को रोककर यह बताया गया कि समपार फाटक के बंद होने पर समपार फाटक को गलत तरीके से पार ना करें। इससे आपकी जान को जोखिम भी हो सकता है। समपार फाटक पार करते समय ईयर फोन और मोबाइल का उपयोग न करें। मानव सहित समपार फाटक को गैर कानूनी तरीके से पार करने पर रेलवे की धारा 160 के अंतर्गत यह एक दंडनीय अपराध भी है जिसमें उस व्यक्ति को 3 साल तक कारावास भी हो सकता है। रेलवे पुलिस के अधिकारियों ने लोगों से नियमानुसार गेट खुलने पर ही आने-जाने की अपील की है।

# संक्रामक बीमारियां पसारने लगीं पैर

संवाददाता, राही, रायबरेली

**अमृत विचार।** जैसे जैसे तेज धूप अपना सितम ढा रही है। वैसे-वैसे संक्रामक बीमारियां अपना पैर पसारने लगी हैं। गर्मी के चलते उल्टी-दस्त, बुखार जैसी अनेकों संक्रामक बीमारियों ने अपना पैर पसारना शुरू कर दिया है। संक्रामक बीमारियों का प्रभाव बेलाभेला सीएचसी में आने वाले मरीजों की संख्या के चलते नजर आने लगा है। सीएचसी में प्रतिदिन औसतन आधा दर्जन उल्टी दस्त, बुखार के मरीज आ रहे हैं। शुक्रवार दोपहर सौनई निवासी शंकर सिंह की पत्नी राजेश्वरी सहित कुल चार महिलाएं सीएचसी में संक्रामक बीमारियों के चलते भर्ती की गई। आये हुये मरीजों के पेट में दर्द तो किसी ने उल्टी दस्त व बुखार से पीड़ित होना बताया। सभी को गुलूकोष चढ़ाया जा रहा था। सीएचसी में भर्ती मरीजों के बेड पर उनके तीमारदार बैठे नजर आए। जबकि संक्रामक बीमारियों के मरीजों से तीमारदारों को दूर रहना चाहिए। वह भी मरीज के संपर्क में आकर संक्रामक बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। डा चंद्रिका प्रसाद का कहना है कि इस समय लूज मोशन और बुखार के मरीज अधिक आ रहे हैं, गंभीर मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जाता है। जबकि इसके इतर मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं दी जाती हैं। तीमारदारों को मरीजों से दूर रहना चाहिए। बेलाभेला सीएचसी में पिछले छह माह से अधिक समय से दो सर्जन तैनात हैं। डॉ. अजीत सिंह नाक, कान और गला जबकि डा जितेन्द्र यादव जनरल सर्जन हैं।

## सार-संक्षेप

### विजय उत्सव को लेकर हुई भाजपा की बैठक


बैठक में एक–दूसरे को लड्डू खिलाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत की गई। जिसमें पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी व अन्य वरिष्ठ भाजपाई मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री शरद सिंह के द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम भले ही उनकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं आए हैं लेकिन फिर भी हमें हताश होने की जरूरत नहीं है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हिंदुस्तान की सम्मानित जनता ने विपक्ष के गठबंधन को नकारते हुए एनडीए को ही सत्ता संभालने के लिए बहुमत दिया है। जनता ने नरेंद्र मोदी पर ही विश्वास व्यक्त किया है। 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश की बागडोर संभालने जा रहे हैं। सभी कार्यकर्ता अपने–अपने क्षेत्र में शपथ ग्रहण के दौरान विजय उत्सव मनाएंगे। इस मौके पर जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष जय तालरेजा, जिला महामंत्री अमरेश मौर्य, विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, जगन्नाथ पांडे, गोविंदा सविता, दिवाकर मिश्रा, मंडल प्रभारी यतीन सिंह चौहान, मुनीष अग्रवाल, रमाकांत मिश्रा, राधेश्याम पाल, खीरो मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी, जिला मंत्री विवेक शुक्ला, शिवेंद्र सिंह, जंग बहादुर सिंह आदि भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पर्यावरण के अटूट संबंध लेकर चलती है हमारी संस्कृति


राजकीय पोस्ट ग्रेजुएट कालेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी।

**ऊंचाहार, रायबरेली।** राजकीय पोस्ट ग्रेजुएट कालेज में भारतीय संस्कृत और प्रकृति मानव संबंधों को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में प्राचार्य डा. राजेश यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति मानव, प्रकृति और पर्यावरण के अटूट एवं साहचर्य संबंधों को लेकर चलती है। पोस्टर प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा दीपान्जली, रुपम मोदनवाल, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनामिका निर्मल प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष के छात्र आकाश, अंजली यादव, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दीप्ति शुक्ला द्वितीय स्थान, बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा काजल गौतम, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा श्रद्धा शुक्ला, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा आस्था साहू तृतीय स्थान पर रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा सुषमा, डा नीता सोनकर, डा अनुपमा, डा सुमन, डा दीक्षा शर्मा, डा जसविंदर कौर, कर्मचारी कृष्ण कुमार ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। परिधान प्रतियोगिता में बीए की छात्रा वैशाली यादव और पूनम प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा काजल शर्मा और स्मृति द्वितीय स्थान, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गरिमा मिश्रा, इसरत जहां और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा आस्था साहू तृतीय स्थान पर रहीं।

### राहुल की जीत पर देवीदास बाबा मंदिर में की पूजा-अर्चना


क्षेत्र के जगन्नाथगंज के देवीदास बाबा मन्दिर में पूजा–अर्चना करते भक्त।

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में संसदीय क्षेत्र रायबरेली से राहुल गांधी की जीत के बाद शुक्रवार को खीरों ब्लॉक के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए जगन्नाथगंज गांव के देवीदास बाबा के मन्दिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने 51 किलो लड्डू का प्रसाद मंदिर में चढ़ाकर वितरित किया। इस दौरान सभी लोगों ने एक दूसरे को भी लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेन्द्र विक्रम सिंह उर्फ पंजाबी सिंह, कांग्रेस की ब्लाक अध्यक्षा प्रियंका रावत, उपाध्यक्ष नीरज मिश्रा, अजीत जायसवाल, शहीद बाबा, राघवेंद्र सिंह, पंकज, राम बहादुर गुप्ता, न्याय पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र लोधी, श्रीराम लोधी, रुद्र शंकर तिवारी, सधोले गुप्ता सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

### डिपो को मिलीं 4 नई बसें


निगम द्वारा रायबरेली डिपो को मिलीं 4 नई बसें।

**रायबरेली।** यात्रियों के आवागमन को सुगमता देने के लिए रायबरेली डिपो को निगम द्वारा 4 नई बसें मिली है। डिपो को इन बसों के मिलने से मुसाफिरों को मिलेगी राहत। इन बसों के मिलने नये मार्ग पर संचालित किया जाएगा। इन बसों को सीधे लखनऊ व अन्य यात्री बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित किए जाने की कार्य–योजना बनाई जाएगी। एआरएम ने बताया कि बसों के मिलने से विभाग को फायदा होगा।

# बालिका सशक्तिकरण अभियान में प्रतिभागियों को किया गया प्रेरित

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली



प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र देते एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक मनदीप छाबड़ा।

**अमृत विचार।** एनटीपीसी ऊंचाहार ने अपने बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम के तहत एक विशेष सत्र का आयोजन किया। जिसमें प्रसिद्ध पर्वतारोही पूर्णा मालावत ने शिरकत की। कार्यक्रम में 120 प्रतिभागी बच्चियों ने भाग लिया और पूर्णा मालावत से प्रेरणा प्राप्त की।

पूर्णा मालावत, जो विश्व की सबसे कम उम्र की पर्वतारोही हैं जिन्होंने माउंट एवरेस्ट फतह किया है। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और बच्चियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपनी संघर्ष की कहानी बताते हुए बच्चियों को बताया कि कैसे दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने बालिका सशक्तिकरण अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके समाज की बच्चियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्हें गर्व है कि हम पूर्णा मालावत जैसी प्रेरणादायक व्यक्तित्व को अपने बीच पाकर बच्चियों को प्रेरित कर पा रहे हैं। उनकी इच्छा है कि उनके कार्यक्रम की प्रतिभागी बच्चियां पूर्णा से प्रभावित होकर अपने सपनों को पूरा करें। पूर्णा ने प्रतिभागी बच्चियों से संवाद करते हुए कहा, "आप सभी में वह शक्ति और क्षमता है कि आप अपने सपनों को साकार कर सकें। सबसे महत्वपूर्ण है कि आप अपने अंदर विश्वास रखें और किसी भी स्थिति में हार न मानें।" उन्होंने बच्चियों को बताया कि चुनौतियों का सामना करने का साहस और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में बच्चियों ने पूर्णा से उनके पर्वतारोहण के अनुभवों, चुनौतियों और तैयारियों के बारे में सवाल पूछे। पूर्णा ने सभी सवालों का उत्तर बड़े ही सरल और उत्साहवर्धक ढंग से दिया, जिससे बच्चियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिली।

## अदालती सूचना

प्रारूप सं0 4
अभियुक्त की हाजिरी को अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 82 दं0 प्र0 सं0)
न्यायालय श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय
न्यायालय श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय, जिला रायबरेली
अपराध सं0 629/2023
धारा...379,411 आईपीसी
थाना–कोतवाली नगर
जिला–रायबरेली

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभि0 शिवशंकर पुत्र रामदेव नि0 ग्राम पड़री गनेशपुर, पो0..नकफुलहा थाना कोतवाली नगर जिला रायबरेली में धारा..379 411 आईपीसी के अधीन दंडनीय अपराध किया है संदेह है कि उसने उक्त अपराध कारित किया है, और उस पर जारी किए गए वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त शिवशंकर(नाम) मिल नही रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभि0 शिवशंकर(नाम) फरार हो गया है या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है।

इसलिए इसके लिए उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त से अपेक्षा की जाती है कि यह इस न्यायालय के समक्षद्ध या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए हाजिर हो।

सी0 जे0 एम0
जनपद, रायबरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 /** 9554377000

**Notice**

I Pawan Kumar Srivastava S/O Shri Shatrohan Lal Srivastava state that my son Divya Srivastava was studying in City Montessori School, RDSO branch Lucknow and in school records my name was erroneously printed as Pawan Srivastava whereas true and correct name is Pawan Kumar Srivastava.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम स्वरूप निर्मल पुत्र जंगली प्रसाद, निवासी–ग्राम खौद, मजरे, पोस्ट– देवपुर, थाना– सरेनी, तह0–लालगंज, जिला– रायबरेली,** मेरा पुत्र राकेश कुमार व बहू रोशनी का चाल–चलन ठीक नहीं है वह घर पर अक्सर मारपीट किया करते है उनके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा।

## कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद–रायबरेली

पत्रांक 113 / अधि0अधि0न0प0स0–ठेकेदार पंजी0–नवी0 / 2024–25 दिनांक: 05–06– 2024

**ठेकेदारों के पंजीकरण / नवीनीकरण हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सलोन में वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु समस्त निर्माण (सिविल) कार्य कराने वाले ठेकेदारों/फर्मों की पंजीयन/नवीनीकरण किया जाना है। समस्त ठेकेदार अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर समस्त आवश्यक प्रपत्रों को संलग्न करते हुए दिनांक 07.06.2024 से दिनांक 20.06. 2024 तक कार्यालय नगर पंचायत सलोन में जमा कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2024– 2025 हेतु पंजीकरण हेतु शुल्क 10000.00 तथा नवीनीकरण हेतु रू0 5000.00 नगर पंचायत के बोर्ड द्वारा निर्धारित किया गया है। आवेदन पत्र एवं नियम व शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नगर पंचायत सलोन में प्राप्त की जा सकती हैं।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत सलोन रायबरेली — **अध्यक्ष** नगर पंचायत सलोन रायबरेली

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम — Union Bank of India A Government of India Undertaking

**मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना** (सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत)

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या 436 अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या–224001 ई–मेल : crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

**अचल सम्पत्तियों के लिए बिक्री सूचना, परिशिष्ट-IV- [ नियम 8(6) और नियम 9 (1) के प्रावधान को देखें ]**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पतियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक/बंधक है जिसका **सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है का विक्रय दिनांक **12.07.2024** (समय: अप. 12 बजे से सायं 05 बजे तक) को होने वाली ई.नीलामी में "जहाँ है", "जैसा है", "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के" आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है। ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर लिंक उपलब्ध है। निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.** के माध्यम से ऑनलाइन ई–नीलामी द्वारा की जाएगी। नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां ऑनलाइन ई–नीलामी में वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** के द्वारा दिनांक **12.07.2024** को ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी ब्याज एवं अन्य कोई व्यय की वसूली के लिए बिक्री की जायेगी।

ऑनलाइन ई–नीलामी के आध्यम से बेबसाइट : https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp नीलामी की तिथि व समय – 12.07.2024
समय : अपराह्न: 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित) बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : ई–नीलामी शुरू होने पर या उससे पहले

| 1. उधारकर्ता का नाम 2. जमानतकर्ता का नाम 3. शाखा | अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/या परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) | अ) डिमांड नोटिस की तिथि 13 (2) सरफेसी नियम 2002 ब) कब्जा की तिथि स) बकाया राशि द) कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर धनराशि स) वृद्धिशील बिड धनराशि द) प्राधिकृत अधिकारी |
|---|---|---|---|
| **शाखा : बभनान** | | | |
| **उधारकर्ता: मेसर्स शुक्ला खाद भण्डार,** माध्यम से श्री विजय कुमार शुक्ला, पुत्र श्री भगवान दास, ग्राम चकचई पोस्ट गौर, बस्ती, उत्तर प्रदेश–272163 **जमानतकर्ता: श्रीमती शारदा देवी** पत्नी श्री भगवानदास शुक्ला, ग्राम चकचई पोस्ट गौर, बस्ती, उत्तर प्रदेश–272163। | प्लॉट संख्या/सर्वे संख्या 252/1.216 हेक्टेयर (574.00 वर्गमीटर), ग्राम चकचई गौर, बस्ती, उत्तर प्रदेश में स्थित है। **चौहद्दी:** उत्तर: ईश्वर चंद की खुली कृषि भूमि, दक्षिण: भगवान दास की खुली कृषि भूमि, पूर्व: खुली भूमि और भगवान दास की संपत्ति;पश्चिम: खड़ंजा रोड, पैकोइया मार्ग को जोड़ने के लिए | अ) 02.02.2022 ब) 30.01.2024 स) रू. 11, 45, 845.14 + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 32,46,000.00 ब)रू. 3,24,600.00 स)रू. 32,500.00 द) श्री शैलेन्द्र भादोरिया 9752520989 |
| **शाखा : मुख्य शाखा-बस्ती** | | | |
| **उधारकर्ता: श्री शेष राम चौधरी,** श्रीमती सुभावती देवी, हवेली खास माधवनगर, तहसील एवं जिला–बस्ती, उत्तर प्रदेश–272001 **जमानतकर्ता: श्रीमती सुभावती देवी,** हवेली खास माधवनगर, तहसील एवं जिला–बस्ती, उत्तर प्रदेश–272001 | सर्वे नंबर नया प्लॉट नंबर 538, खाता नंबर 353, पुराना प्लॉट नंबर 324, हवेली खास, टप्पा हवेली परगना बस्ती पूर्वी तहसील, जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल–0.078 हेक्टेयर में स्थित, जिसका स्वामित्व श्रीमती सुभावती देवी के पास है, **चौहद्दी:** उत्तर: कमलेश सिंह की भूमि, दक्षिण: जुगुल किशोर की खुली भूमि, पूव: शिव कुमार की सीमा और, पश्चिम: 12 फीट रास्ता | अ) 06.12.2023 ब) 02.04.2024 स) रू. 13, 68, 921.76 + यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय अन्य शुल्क द) सांकेतिक कब्जा | अ)रू. 55,83,000.00 ब)रू. 5,58,300.00 स)रू. 55,900.00 द) श्री शैलेन्द्र भादोरिया 9752520989 |

इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता से अनुरोध है कि ई–नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी की बोली प्रस्तुत करने के पूर्व ई–नीलामी के नियम व शर्तो तथा अन्य ब्यौरे को बैंक की बेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर अवश्य देख लें। साथ ही इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता, बेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.** हेल्प लाइन ई–मेल आईडी **eauctionhelpdesk@unionbankofindia.bank** पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीददार/बोलीकर्ता के पास वैध ई–मेल आईडी होना आवश्यक है। विक्रय से संबंधित नियम व शर्तें प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन होंगें।

**Security Interest (Enforcement) Rule 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत 30 दिन की बिक्री सूचना**

इसे **Security Interest (Enforcement) Rule** 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई– नीलामी / बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 08.06.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

प्रवेश प्रारम्भ — प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# अपना बूथ भी हारीं राजरानी, छह बूथों पर मिले 20 से कम वोट

## बसपा को 837 बूथों पर 10 से कम मिले वोट तो 79 बूथों पर नहीं खुला खाता

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी


तनुज पुनिया, विजेता


राजरानी रावत, उपविजेता


शिवकुमार दोहरे (बसपा)

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी और कांग्रेसी युवा नेता तनुज पुनिया ने रिकार्ड मतों से भाजपा प्रत्याशी राजरानी को हराकर चुनाव जीता है। जबकि बसपा प्रत्याशी अपनी जमानत भी नहीं बचा सकीं। पांचों विधानसभा क्षेत्र में बसपा की स्थिति बेहद खराब रही है। स्थिति यह है कि 837 बूथों पर बसपा प्रत्याशी को दस से भी कम वोट मिले हैं। जबकि 79 बूथों पर तो खाता भी नहीं खुल सका। इतना ही नहीं भाजपा प्रत्याशी तो अपना बूथ भी हार गईं। इसके अलावा आधा दर्जन बूथों पर बीस से कम वोट मिले।

बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमें कुर्सी, रामनगर, बाराबंकी, जैदपुर और हैदरगढ़ क्षेत्र शामिल हैं। इन सभी विधानसभा सीटों की मतगणना नवीन मंडी समिति में हुई थी। इस लोकसभा सीट की बात करें तो कुल 2157 बूथ हैं। जबकि 19,18,491 मतदाता हैं। लेकिन मतदान के दौरान 12,87,499 मतदाताओं ने वोट डाले। मुख्य दलों में भाजपा से राजरानी रावत, इंडी गठबंधन से कांग्रेस के युवा चेहरा तनुज पुनिया और बसपा से शिवकुमार दोहरे मैदान में थे। वैसे तो पांचों विधानसभा क्षेत्रों में गठबंधन प्रत्याशी को बंपर वोट हासिल हुए लेकिन गिनती के मामलों में सबसे अधिक मत कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में मिले। अपवाद को छोड़ दें तो किसी भी बूथ पर भाजपा प्रत्याशी आगे नहीं रहीं। वहीं कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी हर बूथ पर बाजी मारते दिखे। भाजपा प्रत्याशी राजरानी के गृह विधानसभा क्षेत्र कुर्सी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सैंदर के मतदान केंद्र पर बने दोनों बूथ हार गईं। बूथ संख्या 353 पर 1070 में से तनुज को 389 तो राजरानी को 233 मत मिले। वहीं बूथ सं. 354 पर कुल 938 में से तनुज को 350 तो भाजपा प्रत्याशी को 279 मत ही मिले। इस तरह राजरानी रावत अपना ही बूथ हार गईं। जबकि वह मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्षा भी हैं। इसके अलावा इन्हें आधा दर्जन बूथों पर 20 से कम मत मिले, जो चौंकाने वाले आंकड़े रहे। जबकि इन बूथों पर गठबंधन प्रत्याशी को एक तरफा वोट हासिल हुए। वहीं इस चुनावी सियासी रण में बसपा का हाथी भी लड़खड़ा गया। तीसरे नंबर पर रहे बसपा के शिवकुमार दोहरे सभी बूथ हार गए। आलम यह रहा कि 2157 बूथों में से हाथी को 837 बूथों पर एक से दस की संख्या में ही मत मिले। तो वहीं 79 बूथों पर खाता भी नहीं खुल सका। आखिरकार इनकी जमानत जब्त हो गई।

### इन बूथों पर शर्मनाक प्रदर्शन

कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 418 पर भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत को मात्र 11 मत मिले सके। जबकि तनुज को 274 मत हासिल हुए। जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ सं. 49 में भाजपा को सात, गठबंधन को 637, बूथ सं. 50 में भाजपा को 9 तो पुनिया को 629, बूथ सं. 179 में भाजपा को 19 तो गठबंधन प्रत्याशी को 654 मत मिले। इसी विधानसभा क्षेत्र के बूथ सं. 180 पर भाजपा को 15, गठबंधन को 433, 187 पर भाजपा को 21 तो गठबंधन को 736, बूथ संख्या 158 पर राजरानी को 13 तो तनुज को 368 मत मिले। वहीं बूथ संख्या 190 पर भाजपा को सात, पुनिया को 508, बूथ सं. 191 में भाजपा को 8 तो पुनिया को 505 तथा बूथ सं. 226 में भाजपा को आठ तो गठबंधन प्रत्याशी को 524 मत मिले। इसी तरह रामनगर विधानसभा क्षेत्र के बूथ सं. 15 में राजरानी को 9 तो पुनिया को 248 मत मिले। इसके अलावा भी कई और बूथ हैं जहां पर भाजपा प्रत्याशी को गठबंधन प्रत्याशी को मिले मत में से दसवां हिस्सा भी नहीं मिला है।

# अंदरूनी कलह से डूब गई भाजपा की नैया

विवेक शुक्ला, रामनगर, बाराबंकी

▶▶ **दूसरे दलों से आए धूमिल छवि के कार्यकर्ताओं को महत्व तो पुरानों को किनारे करना पड़ा भारी**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भाजपा के जिम्मेदार लोगों की आपसी खींचातान व अंदरूनी कलह तथा समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करना भाजपा को भारी पड़ गया। यदि समय रहते पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा शिकंजा कसा गया होता तो शायद भाजपा को हार का सामना न करना पड़ता। सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत को 2 लाख से अधिक मतों से हराकर कई चुनाव का रिकॉर्ड तोड़ा है। इससे क्षेत्र में भाजपा की बड़ी किरकिरी हो रही है।

गौरतलब बात यह है कि इस चुनाव में भाजपा के निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा व दूसरे दलों से आए हुए धूमिल छवि के कार्यकर्ताओं को बड़ा महत्व दिया गया। जिसके चलते समर्पित कार्यकर्ताओं ने भी पूरी ताकत के साथ पार्टी प्रत्याशी को जिताने में रुचि नहीं दिखाई और जो दूसरे दलों से आए हुए कार्यकर्ता थे, वह चुनाव को मौज मस्ती समझ करके अपना उल्लू सीधा करते रहे। यहां तक की विधानसभा के चुनाव में विधायकी के टिकट के लिए प्रबल दावेदारी करने वाले दिग्गज नेता पूर्व विधायक अमरेश शुक्ला, रामबाबू द्विवेदी, प्रमोद तिवारी, राधा कृष्ण मिश्रा, रामकिशोर शुक्ला भाजपा के बड़े चुनावी मंचों पर अपना चेहरा भले ही दिखाने में आगे रहे हो, लेकिन जनता के बीच में जाकर डोर टू डोर वोट मांगना मुनासिब नहीं समझा। पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत ने भी कोई रुचि नहीं दिखाई। निवर्तमान सांसद उपेंद्र सिंह रावत भी कहने भर के लिए पार्टी के प्रति निष्ठावन बने रहे, लेकिन टिकट कटने के चलते चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जिताने में कोई रुचि नहीं दिखाई। यहां तक कि उनके पैतृक गांव तथा आसपास की कई पोलिंग बूथों पर भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। पूर्व विधायक शरद अवस्थी के बहुत ही करीबी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ललित वर्मा पप्पू भी अपने आसपास की सजातीय बहुल पोलिंग बूथों को जिता पाना तो दूर की बात रही, करारी हार हुई।

इन्हीं के खासम-खास भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमुख प्रतिनिधि सूरतगंज शेखर हयारण भी अपने बूथों पर भाजपा को नहीं जिता सके। हालांकि लोगों का कहना है कि मतदान के कुछ दिन पहले भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला के अभद्र व अपमानजनक व्यवहार करने से नाराज शेखर हायरण के समर्थकों व खासकर पिछड़ा वर्ग के लोगों ने भाजपा को वोट न देकर गठबंधन प्रत्याशी को देकर दोहरा नुकसान पहुंचाया। कस्बा रामनगर में भाजपा नेताओं की आपसी खींचतान के बीच भाजपा यहां के बूथों पर मामूली मतों से चुनाव तो जीत गई, लेकिन हर बार की तरह इस बार भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। भाजपा में जबरदस्त गुटबाजी के चलते चुनावी सभा में तमाम नेताओं ने पूरी तरह से सहभागिता करना मुनासिब नहीं समझा। जिसका जनमानस में बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और भाजपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करारी हार पर मंथन करके चुनाव में संदिग्ध भूमिका निभाने वाले जिम्मेदार लोगों पर अपना हंटर चलाने जा रही है। शीघ्र ही पार्टी में भारी उलट फेर देखने को मिल सकता है।

### ब्लॉक प्रमुख भी नहीं दिला सके अपने बूथ से जीत

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक प्रमुख फतेहपुर अनिल कुमार वर्मा भी अपने बूथ से बीजेपी को नहीं जिता सके। ग्राम मदनपुर में एक बूथ पर 766 मत पड़े। जिसमें गठबंधन को 434 मत मिले। बीजेपी को मात्र 65 मत मिले। जबकि बीएसपी को 249 मत मिले। वहीं दूसरे बूथ पर 783 मत पड़े। जिसमे गठबंधन को 424, बीजेपी को 228 व बीएसपी को 114 मत मिले।

# बगैर पोल लगाए घरों तक पहुंचा दिए विद्युत कनेक्शन

हैदरगढ़, बाराबंकी



बल्ली के सहारे खींचा गया बिजली का तार। अमृत विचार


**अमृत विचार :** बिजली विभाग की लापरवाही से बलीपुर चिरैया ग्राम पंचायत में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। यहां दीन दयाल ग्राम ज्योति योजना के तहत लोगों के घरों में कनेक्शन तो दे दिए गए, लेकिन तार ले जाने के लिए पोल नहीं लगाए जा सके। इसका नतीजा है कि बांस-बल्ली के सहारे लोगों के घरों तक तार दौड़े हुए हैं। वर्षा के दिनों में करंट उतरने से खतरा बना रहता है।

चिरैया ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान संतोष कुमार सिंह चौहान का कहना है कि यह समस्या तीन वर्ष से बनी हुई है। कई बार पत्थर के पोल लगवाने के लिए कहा जा चुका है, लेकिन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। तेज हवा चलते ही तार टूट जाते हैं और लोगों के घरों की बिजली गुल हो जाती है। बलीपुर निवासी अजय कुमार सिंह चौहान का कहना है कि सरकार की मंशा है कि हर घर में बिजली पहुंचे , लेकिन विभाग उसकी इस मंशा पर पानी फेर रहा है। पहले प्रोत्साहित कर सभी लोगों को बिजली कनेक्शन दिया गया। अब लोग पोल लगवाने और बार-बार तार बदलवाने के लिए विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। आंधी और वर्षा में लोगों को काफी परेशान होना पड़ता है। विभाग को पोल लगाकर स्थायी समाधान करना चाहिए।

अवर अभियंता विद्युत वितरण खण्ड हैदरगढ़ का कहना है कि मामला संज्ञान में जांच पड़ताल करवाकर केबल और पोल लगवाने का काम किया जायेगा। गौरतलब हो कि हैदरगढ़ बाराबंकी गांव के प्रधान राम चंदर अधिशासी अभियंता विधुत वितरण खण्ड हैदरगढ़ को लिखित पत्र देकर गांव में आंधी तूफान में टूटे बिजली के पोल लगवाने की मांग की गई है उन्होंने बताया कि अजय कुमार सिंह, बाबूलाल कोरी, राम धीरज के दरवाजे लगे बिजली के पोल आंधी तूफान में टूट गये थे। इन्हें उसी जगह पोल लगवाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की गई है।

# पूर्व मंत्री संग्राम सिंह और फरीद महफूज से तनुज पुनिया ने लिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवाई से मुलाकात करते सांसद तनुज पुनिया। अमृत विचार


पूर्व मंत्री संग्राम सिंह से आशीर्वाद लेते तनुज पुनिया। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा की बाराबंकी सीट से नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया लगातार सपा व कांग्रेस नेताओं से मिलकर उनका आशीर्वाद ले रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने मसौली में पूर्व मंत्री व वर्तमान में रामनगर विधानसभा से सपा विधायक फरीद महफूज किदवई से मुलाकात की और उन्हें बुके देकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया। उसके बाद उन्होंने लखनऊ आवास पहुंचकर पूर्व मंत्री संग्राम सिंह का शाल व बुके देखकर सम्मान किया और आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर पूर्व मंत्री संग्राम सिंह के छोटे भाई व पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह, बेटी रश्मि सिंह पिंकी, उनके राजनीतिक सलाहकार व वैश्य कसौंधन समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश वैश्य, सपा अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष नोमानी, प्रमुख असलम, जिला पंचायत सदस्य विजय यादव, विधायक प्रतिनिधि लल्लन वर्मा और अन्य लोग मौजूद रहे।

बता दें, रामनगर विधानसभा सीट से सपा विधायक फरीद महफूज किदवाई ने अपने क्षेत्र में इंडी गठबंधन के पक्ष में अच्छा माहौल तैयार किया था। सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में सामंजस्य बिठाकर उन्होंने अखिलेश यादव के विश्वास को एक बार फिर जीता। जिसका नतीजा रहा कि रामनगर विधानसभा से भी तनुज पुनिया ने एक बड़ी बढ़त के साथ चुनाव जीता। वहीं सदर विधानसभा की अगर बात करें तो तनुज पुनिया को यहां से दो बार के विधायक और मंत्री संग्राम सिंह वर्मा और उनके परिवार ने भी तनुज पुनिया की जीत के लिये जी-तोड़ मेहनत की। इसके अलावा पूर्व मंत्री संग्राम सिंह वर्मा के राजनीतिक सलाहकार व वैश्य कसौंधन समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश वैश्य ने भी तनुज की जीत में अहम भूमिका निभाई।

# नालियों की सफाई के साथ ठीक हुआ हैंडपंप

सतरिख, बाराबंकी

**खबर का असर**


शेखनापुरवा में हैंडपंप खराब, कूड़े से पटी हैं नालियां

सतरिख, बाराबंकी

माह से खराब पड़ा हैंडपंप।

झाड़ियों से पटी पड़ी नाली।

7 जून 2024 को अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच खराब चल रहे हैंडपंप की मरम्मत हो गई है। झाड़ियों से पटी नाली भी साफ हो गई है। अमृत विचार ने इस मुद्दे को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। जिस पर डीपीआरओ ने संज्ञान लिया है।

हरख ब्लॉक की ग्राम पंचायत नरौली के मजरे शेखनापुरवा गांव में विकास का पहिया पूरी तरह थमा हुआ है। भीषण गर्मी चल रही है, लेकिन अमरदीप के मकान के सामने लगा इंडिया मार्का हैंडपंप कई महीनों से खराब चल रहा है और इस भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से लोग जूझ रहे है। इतना ही नहीं हैंडपंप के आसपास झाड़ियां उग आई थीं। इसके अलावा यहां की नालियां भी कूड़े से पटी थीं। जो गंदगी से बजबजा रही थीं। इसे लेकर शुक्रवार के अंक में अमृत विचार ने शेखनापुरवा में 'हैंडपम्प खराब, कूड़े से पटी हैं नालियां' के शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। उसके बाद हरकत में आए हरख ब्लॉक में तैनात पंचायतीराज विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने गांव पहुंच कर आनन फानन में इंडिया मार्का हैंडपंप की मरम्मत कराई। कूड़े से पटी नाली और झाड़ियों में तब्दील नाली भी साफ हो गई है। डीपीआरओ नितेश भोंडले का कहना है कि हैंडपंप मरम्मत के साथ ही साफ सफाई हो गई है।


सही कराया गया हैंडपंप। अमृत विचार


नाली को कराया गया साफ।

# मृतक के परिवार को दी आर्थिक मदद

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** सारंग ऑक्सीजन प्लांट सफेदाबाद में विस्फोट का शिकार हुए श्रमिक की पत्नी को प्लांट प्रबंधन ने 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। इसके अलावा उसकी पत्नी को हर महीने मदद का आश्वासन दिया है।

सतरिख थाने के मनेरा गांव निवासी लालजी यादव सफेदाबाद स्थित ऑक्सीजन प्लांट में श्रमिक था। 13 मई 2024 को प्लांट में विस्फोट हो गया था, जिससे विस्फोट में लालजी यादव की मौत हो गई थी। इससे उसके परिवार के सामने जीविका चलाने का संकट खड़ा हो गया था। लाल जी की पत्नी सरिता देवी ने बताया कि प्लांट प्रबंधन की ओर से सहायता के रूप में 12 लाख रुपये का चेक दिया गया है।

# अधूरी पड़ी पाइप लाइन, आवागमन बाधित

## मनमाने ढंग से पाइप लाइन बिछाने का लगाया आरोप

हरख, बाराबंकी

▶▶ **ग्राम प्रधान के हस्तक्षेप से ठेकेदार कार्य छोड़कर फरार**

**अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव में पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य रुका हुआ है। जिससे लोगों का आवागमन बाधित है।

विकास खंड हरख की ग्राम पंचायत पडरा के अंतर्गत आठ मजरे हैं। जिसमें पहाड़पुर गांव में एक महीने पूर्व गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत टोटी लगाने के लिए शुरुआत की गई। जिसके लिए गांव के मुख्य मार्ग पर मशीन से नाली खुदाई कर उसमें पाइप लाइन बिछाई जा रही थी। गांव निवासी रमेश पप्पू दिनेश सुरेश राम सिंह आदि का आरोप है कि ग्राम प्रधान मनमानी ढंग से रास्ते से हटकर दूसरे की जमीन से होकर पाइपलाइन डलवा रहे थे। जिसका लोगों ने विरोध किया और कार्य ठप हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि बीच रास्ते में पाइप लाइन डाली जा रही है जो सही है, जिसे प्रधान ने मना किया और ठेकेदार कार्य छोड़कर फरार हो गया। बीच रास्ते में खुदी नाली लोगों के लिए हादसे का सबब बनी हुई है। एडीओ पंचायत राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है, टोटी लगाने का कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।


अधूरा पड़ा पाइपलाइन बिछाने का कार्य।

**अनदेखी** क्षतिग्रस्त हुई खारजा की पुलिया का कच्छप गति से हो रहा निर्माण, ग्रामीणों में बेचैनी

# पुलिया निर्माण में हो रही लापरवाही, बारिश बन सकती है आफत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▶▶ **जिम्मेदार अधिकारी निर्माण के दौरान पानी आने से व्यवधान होने की बात कहकर झाड़ रहे पल्ला**

**अमृत विचार :** करीब आठ माह पहले बारिश में आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुई खारजा की पुलिया का निर्माण आज तक पूरा नहीं हो सका है। जबकि फिर बारिश का समय नजदीक हैं। पुलिया निर्माण में जिम्मेदारों की लापरवाही से ग्रामीणों में बेचैनी दिख रही है। जिम्मेदार अधिकारी निर्माण कार्य के दौरान पानी आने से व्यवधान होने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं। वहीं आसपास गांव के ग्रामीणों को करीब पांच किलोमीटर घूम कर आवागमन करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ब्लॉक सूरतगंज क्षेत्र के सुढ़ियामऊ व सूरतगंज मार्ग पर महमूदपुर गांव के पास से गुजरी खारजा नहर पर बनी पुलिया करीब आठ माह पूर्व हुई बारिश में आई बाढ़ से पुलिया के नीचे बने पिलर टूट कर बह गए थे। जिससे पुलिया अचानक बैठकर क्षतिग्रस्त हो गई थी। प्रधान प्रतिनिधि अमीर सिंह ने क्षत्रिग्रस्त पुलिया की जानकारी लोक निर्माण विभाग को दी थी। जिसके बाद जेई ज्ञानेन्द्र कुमार मौर्या ने पुलिया के पास संकेत क्षत्रिग्रस्त का बोर्ड लगवाया था। वहीं पुलिया की दोनों तरफ सड़क के बीचो बीच चार-चार फीट की दीवार भी खड़ी कराई थी। उस समय राहगीरों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया गया था। कई माह तक पुलिया क्षतिग्रस्त पड़ी रही। हालांकि पीडब्लूडी ने स्टीमेट तैयार कर बजट के आधार पर तीन माह पहले निर्माण कार्य शुरू कराया। जिसके बाद निर्माण कार्य कछुए की चाल से चल रहा है। बारिश का समय भी नजदीक आ गया है, ऐसे में कर्मचारियों की लापरवाही के चलते पुलिया के निर्माण कार्य में लेटलतीफी से ग्रामीणों को दिक्कतें झेलनी पड़ सकती हैं। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन इस दौरान पानी आने से कार्य में व्यवधान भी उत्पन्न हो रहा है। जल्द ही बारिश के पहले निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन मौके पर जो निर्माण कार्य की स्थिति दिख रही है, उससे लगता है कि बारिश के बाद ही ग्रामीणों को नई पुलिया की सौगात मिलेगी और उन्हें इस बार भी परेशानी झेलनी पड़ेगी। पीडब्लूडी के जेई ज्ञानेंद्र मौर्या ने बताया कि तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। दिन-रात बैठकर ठेकेदारों से काम लिया जा रहा है। पानी भरने से कार्य में व्यवधान आता है। लेकिन बारिश से पहले काम पूरा हो जाएगा। वहीं सीडीओ अ.सुदन ने बताया कि इस संबंध में पीडब्लूडी के अधिकारियों से सवाल-जवाब किया जाएगा कि आखिर निर्माण कार्य में इतनी देरी क्यों हुई।


खारजा नहर पर निर्माणाधीन पुलिया। अमृत विचार


दोनों पैर गंवा चुके राजमिस्त्री को चेक सौंपते बैंक प्रबंधक। अमृत विचार

# पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत दिव्यांग को सौंपा एक लाख का चेक

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक की हैदरगढ़ टाउन शाखा के प्रबंधक द्वारा दोनों पैरों से दिव्यांग हो चुके राज मिस्त्री को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। सहायता की चेक पाकर विकलांग हुए राजमिस्त्री के चेहरे पर खुशी झलक उठी।

भारतीय स्टेट बैंक शाखा हैदरगढ़ टाउन के ब्रांच मैनेजर इंद्रेश कुमार के सहयोग से अयोध्या प्रसाद को एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक शाखा से लिंक सीएसपी/बैंक सखी अली अहमद, नसरुद्दीन, संजय, प्रिंस, साहेब बक्स उपस्थित रहे। पूरे चौबे मजरे गौरा गांव निवासी राजमिस्त्री अयोध्या प्रसाद गत दिनों दुर्घटना में दोनों पैर गवां बैठे थे।

## एक नजर

### रास्ते से किशोरी लापता रिपोर्ट दर्ज

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** नाना के घर से वापस घर जा रही एक किशोरी रास्ते से लापता हो गई है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। सतरिख थाना क्षेत्र के सराय अकबराबाद गांव निवासी सलमान की पुत्री मुस्कान अपने नाना के घर सतरिख गई थी और कल वापस अपने घर वापस लौट रही थी कि उसी दौरान रास्ते से लापता हो गई है। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया है कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### विशेष शिविर में खुले 77 समूहों के खाते

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक बनीकोडर में बैंक ऑफ़ इंडिया भिटरिया और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक कोटवा सड़क बैंक द्वारा विशेष कैंप लगाए गए। इन कैंपों में स्वयं सहायता महिलाओं की बैंक खाता खोले गए। इस दौरान ब्लॉक परिसर में काफी महिलाएं मौजूद रहीं। ब्लॉक क्षेत्र में 77 महिलाओं के स्वयं सहायता समूह के खाता खोले गए। इसमें सभी के बैंक खाता तहसील अंतर्गत बैंक आफ इंडिया शाखा धरौली और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक कोटवा सड़क द्वारा कैंप लगाकर महिला समूह के खाता खोले गए।

### 30 गांवों में 36 घंटे नहीं रही बिजली

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम हसनपुर टांडा ररिया, सिहाली, असोहना, मझगवां शरीफ, बसारा, खलीनगर, इसरोली, बिलौली, हजरतपुर, बरोलिया, इज्जतपुर, कुतुलुपुर, इसेपुर समेत 30 गांव में 36 घंटे से विद्युत आपूर्ति चालू नहीं हो सकी है। जिसके कारण 50 हजार की आबादी प्रभावित रही।

### विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा ने अधिकारियों कर्मचारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद शुक्रवार को बीडीओ ने पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायकों एवं मनरेगा से जुड़े अन्य कर्मचारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। निर्माणाधीन कार्यों को तत्काल पूर्ण कराए जानें, आईडी जनरेट कर नए कार्य शुरू कराये जाने के निर्देश दिए।

# 2022 में ही दरकने लगी थीं भाजपा की दीवारें

## भाजपा में मौकापरस्त बनाम वफादारों के बीच सुलग रही थी अंदरूनी जंग, लोकसभा चुनाव में साफ दिखाई पड़ा आक्रोश


**निकाय चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर कार्यकर्ताओं में असंतोष**

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव 2022 में ही भाजपा की दीवारें दरकने लगी थीं। भाजपा में मौका परस्त बनाम वफादारों के बीच यह आग 2022 के विधानसभा चुनाव व उसके बाद हुए निकाय चुनाव में भी टिकट बंटवारे को लेकर देखी गई। निकाय चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर कार्यकर्ताओं में जो असंतोष व आक्रोश उपजा, वह लोकसभा चुनाव में साफ दिखाई पड़ा। यही नहीं 2017 में पांच सीटें जीतने वाली भाजपा 2022 के विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर सिमट गई।

2022 के विधानसभा चुनाव में कुर्सी, हैदरगढ़ और दरियाबाद सीट भाजपा के पक्ष में रही। लेकिन 2017 की अपेक्षा 2022 के चुनाव में भाजपा के जीत का अंतर कम होता गया। 2017 में सदर विधानसभा सीट से सपा के धर्मराज यादव ने भाजपा प्रत्याशी हरगोविंद सिंह को 29,705 मतों से पराजित किया था, जबकि 2022 में धर्मराज यादव ने भाजपा प्रत्याशी डॉ. राम कुमारी मौर्या को 35,050 मतों से पराजित किया।

कुर्सी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी साकेंद्र वर्मा ने सपा प्रत्याशी फरीद महफूज किदवई को 2017 के विधानसभा चुनाव में 28,669 मतों से पराजित किया, जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में साकेन्द्र वर्मा



सपा प्रत्याशी राकेश वर्मा से महज 217 मतों से ही चुनाव जीत सके। इसी तरह रामनगर विधानसभा क्षेत्र से शरद अवस्थी ने 2017 के चुनाव में अरविंद सिंह गोप को 22,727 मतों से पराजित किया, जबकि 2022 के चुनाव में शरद अवस्थी 261 मतों से सपा प्रत्याशी फरीद महफूज के किदवाई से चुनाव हार गये।

हैदरगढ़ विधानसभा की बात की जाए तो 2017 में बैजनाथ रावत को

**2017 के मुकाबले 2022 में भाजपा को कम मिले वोट**

सदर विधानसभा – 5345 मत कम हुए
कुर्सी विधान सभा – 28462 मत कम
रामनगर विधानसभा – 22460 मत कम
हैदरगढ़ – 7829 मत कम मिले
दरियाबाद – 18284 मत कम रहे
जैदपुर में 2019 उपचुनाव की अपेक्षा 1183 से हुई हार, मतों में बढ़ोतरी

33,520 मत प्राप्त हुए थे। उन्होंने सपा प्रत्याशी राम मगन रावत को 33,520 मतों से पराजित किया था। वहीं विधानसभा 2022 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दिनेश रावत सपा से चुनाव लड़ रहे राममगन को 25,691 मतों से ही पराजित कर सके। दरियाबाद सीट सतीश चन्द्र शर्मा ने 2017 के विधानसभा चुनाव में कई बार के विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री रहे सपा प्रत्याशी स्व. राजा राजीव कुमार सिंह को 50,686 मतों से पराजित किया। जबकि 2017 के चुनाव सतीश चंद्र शर्मा 32,402 मतों से ही चुनाव जीत सके।

2017 के विधानसभा चुनाव में जैदपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी व पूर्व सांसद उपेन्द्र रावत चुनाव जीते, मगर 2019 में लोकसभा चुनाव में जीत के बाद यहां उपचुनाव हुआ। उपचुनाव में सपा के गौरव रावत ने भाजपा के प्रत्याशी अम्बरीष रावत को 4,165 मतों से पराजित किया। जबकि जैदपुर विधान सभा के लिए हुए विधानसभा चुनाव 2022 में गौरव रावत एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी अम्बरीष रावत को पराजित करने में कामयाब रहे। इस तरह विधानसभा चुनाव 2017 के मुकाबले भाजपा प्रत्याशियों के जीत का अंतर 2022 के विधानसभा चुनाव में कम होता रहा। जबकि हार में मतों का अंतर बढ़ता गया।

राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि राजनीतिक फायदे के लिए भाजपा में आयातित दूसरे दलों के नेताओं का वर्चस्व व अपने मूल कार्यकर्ताओं की उपेक्षा लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी पड़ी।

## पेड़ पर लटकता मिला महिला का शव

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार:** घुंघटेर थाना क्षेत्र के मोहलिया गांव निवासी कमल रावत की पत्नी 28 वर्षीय जगरानी का शव गांव के बाहर आम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। परिजनों के अनुसार पारिवारिक आर्थिक तंगी की वजह से पत्नी ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। शुक्रवार को दोपहर लगभग 2 बजे घर से 200 मीटर दूर आम की बाग में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बिना पुलिस के सूचना के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष घुंघटेर मनोज कुमार ने बताया कि मृतका के परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# जिला अस्पताल में हो पा रही सिर्फ सीबीसी जांच

## पैथोलॉजी की मशीन खराब होने से लौट रहे सैकड़ों मरीज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में इस समय सिर्फ सीबीसी की ही जांच हो पा रही है। मशीन खराब होने की वजह से बीमारी की जांच के लिए चिकित्सकों द्वारा लिखे गए पर्चे को लेकर मरीज जब पैथोलॉजी पहुंचता है, तब उसे मालूम पड़ता है कि यहां सिर्फ सीबीसी की ही जांच हो सकती है।

जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में एलएफटी, केएफटी, शुगर, डेंगू मलेरिया, टाइफाइड सहित अन्य तमाम जांचें पैथोलॉजी में मशीन खराब होने की वजह से 6 जून से नहीं हो पा रही है। दूर-दराज से आए मरीजों की जांच न हो पाने की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विवश होकर मरीज बाहर की पैथोलॉजी पर जांच कराने जा रहे हैं, जहां पर उन्हें जांच के लिए मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है। जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में रोजाना डेढ़ से दो सौ मरीज ब्लड सैंपल देकर चिकित्सकों की सलाह पर जांच कराने पहुंचते हैं। मशीन खराब होने की वजह से अब इन मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है बिना जांच रिपोर्ट के चिकित्सक आगे का इलाज करने को मना कर रहे हैं।



जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए लगी लंबी कतार। अमृत विचार

**मशीन ठीक करने को बुलाए गए विशेषज्ञ**

इस बारे में सीएमएस डॉक्टर बृजेश कुमार से बात हुई तो उन्होंने बताया मशीनों को ठीक करने के लिए एक्सपर्ट को बुलाया गया है। उम्मीद है, जल्द ही मशीन ठीक होने पर मरीजों की जांच शुरू हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि उच्चाधिकारियों को मशीनों के बढ़ने का प्रस्ताव भेजा गया है। मशीनों पर वर्कलोड ज्यादा होने के वजह से ऐसी दिक्कतें आ जाती है। जिससे मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।

## संदिग्ध हालात में लटका मिला युवक का शव

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार:** घुंघटेर थाना क्षेत्र के उमरिया गांव से बाहर पकरिया के पेड़ से एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला।

सीतापुर जिले के पीरगंज सिधौली सीतापुर निवासी इशहाक 38 वर्षीय अपनी ससुराल उमरिया ग्राम पंचायत बजगहनी आया हुआ था। जिसका शव गांव के बाहर पकरिया के पेड़ में अंगोछे के सहारे लटका मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ससुराल में रह रही पत्नी नसरीन को दी। मौके पर पहुंची पत्नी ने शव पहचान लिया और रोने चिल्लाने लगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पेड़ में लटक रहे शव को उतरवाया पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

# लोधेश्वर महादेवा को काशी कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने की कवायद तेज

## भूमि अधिग्रहण के लिए रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव सम्पन्न होते ही लोधेश्वर महादेवा को 'काशी कॉरिडोर' की तर्ज पर विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। प्रशासन द्वारा हरी झंडी मिलते ही इसकी जद में आने वाले मकानों की भूमि के अधिग्रहण के लिए प्रशासन ने भवन स्वामियों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करवाकर रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसकी जद में आने वाले करीब 145 मकानों व दुकानों को हटाने के लिए चिन्हीकरण किया जा चुका है।

फिलहाल प्रशासन पुख्ता सर्वे कराने और जमीन की एवज में दिए जाने वाले मुआवजे की कीमत तय करके रिपोर्ट शासन को भेजी थी। उसी अनुसार जमीन अधिग्रहण के लिए मुआवजा राशि जारी कर दी गई थी।



रामनगर तहसील में शुक्रवार को उपनिदेशक पर्यटन अयोध्या मंडल राजेंद्र प्रसाद ने कॉरिडोर की जद में आने वाले भवनों के स्वामी अंजनी रमाकांत राजेंद्र कमलेश दिनेश सुखरानी राममिलन रामदेव आनंद अवधेश सहित 11 लोगों के आवेदन फार्म भरवाकर रजिस्ट्री करवाया है। इसकी जद में आने वाले अन्य भूस्वामियों की रजिस्ट्री जल्द ही करवा ली जाएगी। रामनगर तहसील के राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश, लेखपाल संतोष वर्मा, गुरुशरन ने लोगों से रजिस्ट्री वाले आवेदन पर हस्ताक्षर करवाया। जिनको शासन द्वारा पहले ही मुआवजे की लिस्ट जारी कर राशि भेजी जल्द ही मकान मकान स्वामितों के खाते पर मकान का पैसा भेज कर इनको घरों को हटाना का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## दामाद को ससुरालीजनों ने किया मरणासन्न

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार:** पत्नी को विदा कराने आये दामाद को सालों एव सास ने मिलकर मरणासन्न कर दिया। जानकारी होने पर पहुंचे परिजनों ने सफदरगंज पुलिस में शिकायत कर आरोपी पत्नी व साले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बताते चलें कि रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर निवासी जयराम पुत्र ओमप्रकाश अपनी पत्नी अर्चना की विदाई के लिए ग्राम सिकंदरपुर थाना सफदरगंज आया था। विदाई के दौरान हुई तू तू-मैं मैं के बाद पत्नी अर्चना, सास शांति पत्नी भुसई व साले सरवन व विनोद ने जमकर पिटाई कर दी। बेहोश होने पर मरा समझ कर लोग भाग गये।

## सार-संक्षेप

### चौपाल में दी गई योजनाओं की जानकारी

**सिरौली, गौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म होने के बाद बैठकों का दौर शुरू हो गया है। फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण को लेकर भी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। पंचायत भवन पर हुई चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। शुक्रवार को ग्राम पंचायत सोंधवा में ग्राम प्रधान रामसिंह यादव गुडडू की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत सहायक मिथुन वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक शकील अहमद आदि मौजूद रहे। दूसरी चौपाल ग्राम मीरापुर में ग्राम प्रधान रामसागर यादव की अध्यक्षता एवं वीरेंन्द्र तिवारी के संयोजन में हुई, जिसमें भी जानकारी दी गई। इस मौके पर पंचायत सहायक व ग्राम रोजगार सेवक आदि उपस्थित रहे।



ग्राम पंचायत सोंधवा में आयोजित चौपाल में मौजूद पदाधिकारी।

### संपत्ति के लालच में निकाह करने का दबाव, मामला दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जमीन पाने के लिए एक अविवाहित युवती पर जबरन विवाह के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सतरिख थाना क्षेत्र के चंदौली उमरपुर गांव निवासी महिला अजमेरुल निशा पुत्री अय्यूब ने पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में बताया कि उसके माता-पिता की देहांत होने के बाद अपनी मौसी के साथ नानी के साथ घर पर ही रह रही थी। नानी के और कोई वारिस नहीं था। नानी की देखभाल मौसी मुन्नी और वह स्वयं करती थी। नानी अपने रहते चल अचल संपत्ति उसके व मौसी मुन्नी के नाम वसीयत कर दी थी। वसीयत के कुछ समय बाद मौसी मुन्नी की ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गई। एक दशक पूर्व मोहर्रम अली निवासी सिकरी थाना टिकैत नगर का रहने वाला व्यक्ति, जो टेंपो चलाता था। इस दौरान मौसी और मोहर्रम अली से मुलाकात हुई। तब मोहर्रम अली की शादी हो चुकी थी। जिनके सन्तानें भी थीं। जमीन के लालच में मौसी को बहला फुसला कर अपनी पत्नी बताने लगा। संपत्ति अपने नाम कराने के लालच में हर संभव प्रयास किया। फरवरी 2022 को मौसी की ट्रेन दुर्घटना में मृत्यु के बाद संपत्ति के लिए न्यायालय में उसके व उसके परिवार वालों के विरुद्ध झूठा हत्या का मुकदमा भी किया। मोहर्रम अली कूट रचित दस्तावेज भी तैयार कर रहा है। सफलता न मिलने पर अब पीड़िता की शादी अपने लड़के शाहरुख खान से करने का दबाव बना रहा है। थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नहरों में पानी छोड़ने की मांग, घेराव की चेतावनी

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ की मासिक बैठक ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर पर हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय महापंचायत में भाग लेने के लिए प्रत्येक ग्राम अध्यक्ष की अध्यक्षता में हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर 9 जून को 3 बजे एकत्रित होकर हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक में भीषण गर्मी के चलते गांव में खराब पड़े इंडिया मार्का नल प्रत्येक ग्राम पंचायत के एक तालाब में पानी भरवारा जाए। जिससे पशु पक्षियों व जानवरों को पानी मिल सके, बरसात से पहले गांव में कीचड़ से भरी नालियां साफ कराई जाएं, जानवरों के मुंहपका खुरपका व गलाघोट टीका लगवाए जाएं। धान की नर्सरी का समय है, नहरों में पानी छोड़ा जाए, इन समस्याओं का यदि समय रहते हुए निराकरण नहीं कराया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक हैदरगढ़ का घेराव करेगा। बैठक में तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष राम जन्म यादव आदि मौजूद रहे।

### किशोरी को भगा ले गए दो युवक, जांच शुरू

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** घर के बाहर शौच करने गई किशोरी को दो युवक बहला फुसलाकर भगा ले गए। किशोरी के भाई जब आरोपी युवकों के यहां पता लगाने पहुंचे तो उसे आरोपियों ने उसको जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम गणचप्प निवासी गोविंद कुमार व ललित बाइक पर किशोरी को बैठा कर मौके से फरार हो गए। वहीं कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पेशी पर जा रही महिला को ससुरालियों ने पीटा

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला मुख्यालय पेशी पर जा रही महिला को रास्ते में रोककर पति, सास व ननद ने पिटाई कर दी। आरोप है कि इस दौरान महिला की कान में पहनी सोने की झुमकी भी छीन ले गए। पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के कस्बा सूरतगंज निवासी शबनम का उसके पति से विवाद हो गया था। जिसका मुकदमा चल रहा है। घटना की जानकारी महिला ने कोतवाली पर की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद पीड़ित महिला ने एसपी के यहां गुहार लगाई। जिसके बाद फतेहपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# डीडीसी प्रतिनिधि पर दुष्कर्म का आरोप

- दुष्कर्म का वीडियो बनाया, करा दिया गर्भपात, पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सचिवालय में नौकरी लगवाने का झांसा देकर दुष्कर्म करने का भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पर मामला दर्ज हुआ है। महिला ने जबरन गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि भाजपा नेता के साथ मौजूद लोगों ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद किसी से कुछ कहने पर पीड़ित महिला और उसकी बेटी को जान मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने मामले में शुक्रवार पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहम्मदपुर खाला थानांतर्गत एक गांव की विवाहित महिला कुछ वर्ष से नगर कोतवाली के एक मोहल्ले में रहती है। महिला के मुताबिक, उसका पति कहीं बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। कुछ दिनों पहले नौकरी दिलाने का झांसा देकर मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अमरेंद्र प्रताप सिंह ने उससे दोस्ती की। सचिवालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर मोबाइल पर कॉल व मैसेज से नजदीकियां बढ़ाईं और घर में आने-जाने लगे। 27 मार्च को अमरेंद्र प्रताप सिंह दो साथी उतरावां गांव के शुभम व जिगनी गांव के शिवम के साथ आए। उसके बाद घर में अकेली होने का फायदा उठाकर बंदूक के बल पर दुष्कर्म किया। दोनों ने अश्लील वीडियो क्लिप बना ली। जब विरोध किया और परिजनों को बताए जाने की बात बोली तो अमरेंद्र ने ब्लैकमेलिंग चालू कर दी। पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी दी। उधर गर्भवती होनी की जानकारी दी तो बुखार की दवा बताकर मेरा गर्भपात करवा दिया। महिला ने आरोप लगाया कि राजनीति में होने की बात बोलकर सुलह और समझौता करने का प्रयास किया और फोनपे के मध्यम से पचास हजार रुपये भी भेजे। जो तत्काल वापस कर दिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत शहर कोतवाली में की है। महिला की तहरीर पर भाजपा नेता अमरेन्द्र प्रताप सिंह, शुभम सिंह, शिवम सिंह, राहुल सिंह, रोहित सिंह पर जबरन रेप करने साथ ही गर्भपात कराने और धमकी देना का मुकदमा दर्ज हुआ है।

वहीं इस संबंध पर नगर कोतवाली के इंचार्ज अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दुष्कर्म किए जाने, अश्लील वीडियो व नौकरी को दिलाने का झांसा जैसी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी। वहीं भाजपा नेता अमरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि उन्हें बदनाम करने के लिए साजिश रची जा रही है।

# तापमान गिरा पर उमस से नहीं मिल रही राहत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** दो दिन पहले तेज आंधी के साथ हुई हल्की बारिश से तापमान में गिरावट जरूर आई है। तेज धूप के चलते पड़ रही गर्मी से थोड़ी राहत तो मिली लेकिन उमस बरकरार है। मानसून में बदलाव के बाद 42 से तीन डिग्री सेल्सियस घटकर 39 तक पहुंच गया। आठ दिनों में सबसे कम गर्मी रही। मौसम के तेवर ढीले होने से लोगों को राहत मिली है।

सुबह के समय अब नौतपा वाले हालात नहीं हैं, लेकिन दिनभर होने वाली उमस से जरूर लोग बेहाल हैं। बुधवार को मौसम में बदलाव के बाद से लगातार गर्मी से कुछ हद तक राहत मिलती दिख रही है। हालांकि शुक्रवार को भी आसमान में बादल आते-जाते रहे। हवाएं हल्की चलती रहीं, लेकिन उमस भरी गर्मी से राहत मिलती नहीं दिखी। आद्रता 45 प्रतिशत रही। जबकि मध्यम गति से हवा चलती रही। मौसम विभाग ने चार दिनों तक ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना जताई है। जून के दूसरे सप्ताह से कुछ बदलाव हो सकता है। वहीं बदलते मौसम के चलते होने वाली बीमारियों से लोग परेशान हैं।



धूप से बचाव करते लोग। अमृत विचार

## सालाना मेले में उमड़ी जायरीनों की भीड़

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार:** ग्राम सुरसण्डा स्थित अब्दुल करीम फजल शाह मखदूम (रह) की दरगाह पर लगने वाला तीन दिवसीय सालाना मेला शुक्रवार को उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान जायरीनों की भारी भीड़ देखने को मिली।

कौमी एकता का संदेश देने वाले सूफी संत अब्दुल करीम फजल शाह मखदूम सुरसंडा की दरगाह पर प्रत्येक वर्ष तीन दिवसीय मेला लगता है। जिसमें आसपास सहित दूर-दूर से जायरीन बाबा की मजार पर आकर अपनी-अपनी मुरादें मांगते हैं। इस वर्ष अत्यधिक गर्मी पड़ने के बाद भी जायरीनों का जमावड़ा लगा रहा। मेला कमेटी सदर अली वारिश मुन्ना कुरेशी से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि दरगाह कमेटी के सौजन्य से मेला शुरू होने से समाप्ति तक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।

# जिला कोऑपरेटिव बैंक के सदस्यों ने सचिव पर लगाया मनमानी का आरोप

- उपायुक्त एवं उपनिबंधक मंडल को पत्र लिखकर की जांच की मांग
- कमेटी की बैठक न कर अनियमित तरीके से कार्य करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिला कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के तीन निर्वाचित सदस्यों ने उपायुक्त एवं उप निबंधक मंडल अयोध्या, डीएम सत्येंद्र कुमार झा व विभागीय उच्च अधिकारियों को शुक्रवार को पत्र लिखकर सचिव व मुख्य कार्यपालक अधिकारी रेणु कुशवाहा पर सहकारी नियमों व कानून की धज्जियां उड़ाई जाने वह लोकतांत्रिक मर्यादाओं के हनन का आरोप लगाया है।

कोऑपरेटिव बैंक की सदस्य शिव देवी रीना वर्मा और ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने सहकारिता विभाग के उपायुक्त एवं उप निबंधक मंडल अयोध्या को भेजे गए पत्र में कहा है कि बैंक सेक्रेटरी द्वारा बीते लगभग 10-11 महीने से प्रबंध कमेटी के सदस्यों के बार-बार मौखिक व लिखित रूप से आग्रह करने के बावजूद बैंक सेक्रेटरी द्वारा प्रबंध कमेटी की बैठक नहीं कराई गई। बैंक कमेटी की बैठक न होने की वजह से मनमाने वह अनियमित तरीके से कामकाज करने की शिकायत करते हुए तीनों सदस्यों ने उपायुक्त एवं उप निबंधक मंडल अयोध्या से सचिव द्वारा की जा रही गंभीर अनियमिताओं व षड्यंत्र की जांच की कर उचित कार्रवाई करने एवं बैंक प्रबंधन कमेटी की बैठक को जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर करवाने की मांग की। तीनों से तीनों ने इस आशय की प्रतिलिपि डीएम सत्येंद्र कुमार झा प्रबंध निदेशक यूपीसीसीबी एवं उप्र के आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता को भेजी।

## खाते खुलवाने को लगाया कैंप

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार:** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत में बनाए गए स्वयं सहायता समूह के खाता खुलवाने के लिए विकासखंड परिसर में कैंप का आयोजन किया गया।

आयोजन में बैंक ऑफ इंडिया हैदरगढ़, सुबेहा, बैंक ऑफ बड़ौदा हैदरगढ़, आर्यावर्त बैंक यूनियन बैंक के कर्मचारी मौजूद रहे। जिनके द्वारा गुरुवार को 52 समूह के खाते खोले गए तथा 112 समूह की पत्रावलियां एकत्रित की गईं। इस अवसर पर आईडीएम विवेक कुमार भी उपस्थित रहे। खण्ड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता द्वारा सभी समूह के खाता खुलवाने के लिए बैंक के कर्मचारियों को अपने स्तर से निर्देशित किया गया। उल्लेखनीय है कि विकासखंड की समूह सखी बैंक सखी एवं ग्राम पंचायत के सचिवों द्वारा यह विशेष मुहिम चलाई जा रही है। जिसके सहायक नोडल बीएमएम शिव भगवान नोडल सहायक विकास अधिकारी मोहित कुमार चतुर्वेदी हैं।

# सादगी से मनाएं बकरीद : उमेर किदवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शुक्रवार को ईदगाह कमेटी की मीटिंग हुई। जिसमें ईदगाह के इमाम मौलाना अबूजर साहब ने कुरान शरीफ की तिलावत कर मीटिंग का आगाज किया। वहीं कमेटी के सदर उमेर किदवई ने सभी लोगों से रायशुमारी कर यह बताया कि इस बार ईदगाह पीरबटावन में बकरीद की नमाज सुबह ठीक साढ़े 7 बजे अदा की जाएगी।

वहीं कमेटी के सदर उमेर किदवाई व सेक्रेटरी हाजी शहाब खालिद ने कहा कि कुर्बानी करते समय किसी भी तरह के फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल न करें और साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें। वहीं जानवरों से निकलने वाली गंदगी को शहर से दूर कहीं मिट्टी के गड्ढे खोद कर उसे दफन कर दें। जिससे अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई भी परेशानी न हो। वहीं मोहल्लों में जहां कूड़ा इकट्ठा किया जाता है, वहां पर भी जानवरों की हड्डियां व अवशेष न डालें। उन्होंने खास तौर पर सभी मुस्लिम भाइयों से गुजारिश किया कि बकरा ईद को बड़े ही सादगी से मनाएं तथा अपने आस-पड़ोस के गरीब लोगों का जरूर ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के तरीकों के बारे में हमारे बड़े आलिम व मौलाना जो बताएं हम सब उस पर अमल करें। इस मौके पर ईदगाह कमेटी से इरफान कुरैशी, हाजी मुक्तादिर अंसारी, ताज बाबा राइन, नसीम कीर्ति, शमीम फन्ने, हाजी उसामा अंसारी, मोहम्मद आरिफ सभासद, मोहम्मद इरफान राइन सभासद, अंजुम किदवाई, रेहान अंसारी, सलमान अंसारी, तरन्नुम जमाल, आदिल अंसारी, अब्दुल हकीम, जावेद अहमद जेठु और आफसारूल नेता आदि लोग मौजूद रहे।



ईदगाह कमेटी की बैठक करते सदर उमेर किदवाई। अमृत विचार

**आज का मौसम**

आगामी 24 घंटे में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है।

40.5° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

# हनुमानगढ़ी का 20 फीट चौड़ा होगा निकास मार्ग

## 10 जुलाई तक बंद रहेगा निकास द्वार, मार्ग के चौड़ीकरण के चलते हनुमानगढ़ी अखाड़े का फैसला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी के सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी का निकास मार्ग 10 जुलाई तक बंद कर दिया गया है। वीआईपी दर्शन पर भी रोक रहेगी। निकास मार्ग के चौड़ीकरण के चलते हनुमानगढ़ी अखाड़े ने प्रशासन की सहमति के बाद शुक्रवार को यह निर्णय लिया है। ज्येष्ठ माह में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर के मुख्य द्वार से प्रवेश और निकास से परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या में राम मंदिर और हनुमान गढ़ी पर दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं के संख्या में खासी वृद्धि हो गई है। हनुमानगढ़ी मंदिर में सकरा द्वार श्रद्धालुओं को प्रवेश और निकास में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर अखिल भारतीय पंचायती अखाड़ा परिषद के पंचों की बैठक में मंदिर परिसर के विस्तार करने की योजना पर सहमति बनाई गई थी। जिसका कार्य भी शुरू कर दिया गया था लेकिन श्रद्धालुओं के आवागमन के कारण प्रभावित हो रहे निर्माण को लेकर शनिवार से निकास मार्ग को बंद करने के सहमति के बाद लागू कर दिया गया है। यह प्रतिबंध 10 जुलाई तक लागू रहेगा।



शुक्रवार को हनुमानगढ़ी के निकास द्वार से निकलते श्रद्धालु। अमृत विचार

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लिया फैसला

संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने बताया कि हनुमानगढ़ी में रोज एक लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं विकसित करने का काम सुस्त गति से हो रहा है। निकास मार्ग को 20 फीट चौड़ा किया जा रहा है। जबकि यह रास्ता पहले 10 फीट था। इसलिए इस मार्ग को बंद करने की जरूरत है। इसी को देखते हुए 10 जुलाई तक निकास मार्ग को बंद रखा जाएगा।

### सभी को मुख्य द्वार से ही करना होगा प्रवेश

महंत संजय दास ने बताया कि इस दौरान वीआईपी दर्शन पर भी पूरी तरह से रोक रहेगी। सभी को मुख्य प्रवेश द्वार से ही प्रवेश करना होगा। एक लेन से प्रवेश दिया जाएगा जबकि दूसरे लेन से श्रद्धालुओं को बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि कोई भी वीआईपी दर्शन के लिए दबाव नहीं बना सकता है। इसे लेकर प्रशासन को अवगत करा दिया गया है।

### श्रद्धालुओं से की सहयोग की अपील

महंत डॉ. महेश दास ने बताया कि श्रद्धालुओं से अपील है कि वो सहयोग करें और मंगलवार व शनिवार को कम संख्या में दर्शन करने पहुंचे जिससे कि उन्हें असुविधा न हो। जो भी कार्य हो रहे हैं वह उनकी सुविधा के लिए हो रहे हैं। इसमें सभी सहयोग करें।

### बढ़ाई जा रही सुरक्षा व्यवस्था : सीओ

सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्रा ने भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई के बाद निर्माण पूरा होने पर सभी को आसानी से हनुमानगढ़ी के दर्शन सुलभ होंगे। सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई जा रही है ताकि कोई भी अप्रिय स्थिति न होने पाए।

## गर्भगृह के प्रथम व द्वितीय तल पर लगेंगे स्वर्ण जड़ित दरवाजे

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** राम जन्मभूमि मंदिर में प्रथम तल के गर्भगृह में लगने वाले दरवाजे को भी स्वर्ण जड़ित किए जाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि मंदिर के प्रथम व द्वितीय तल में 12-12 दरवाजे लगेंगे। इनका निर्माण रामघाट स्थित रामसेवकपुरम कार्यशाला में महाराष्ट्र के सागौन की लकड़ियों से किया जा रहा है। राममंदिर के भूतल में 18 दरवाजे लगाए हैं। इनमें से गर्भगृह के दरवाजों को स्वर्ण जड़ित किया गया है। उसी तरह प्रथम तल के गर्भगृह का दरवाजा भी स्वर्ण जड़ित किए जाने की तैयारी है। डॉ. मिश्र ने बताया कि प्रथम व दूसरे तल के दरवाजे भी तीन अलग-अलग डिजाइन के होंगे। इन दरवाजों का निर्माण हैदराबाद की एक एजेंसी के 12 कारीगर कर रहे हैं। दिसंबर तक राममंदिर के तीनों तल बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके पूर्व इनमें लगने वाले दरवाजों को भी तैयार कर लिया जाएगा। मंदिर का कार्य पूरा होने के बाद प्रथम तल पर दरबार को स्थापित करने से पहले दरवाजों को भी लगा दिया जाएगा।



## एक नजर

### पुत्री की शादी के लिए ऑनलाइन करें आवेदन

**अयोध्या। अमृत विचार :** वित्तीय साल 2024-25 में अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग के छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जय नाथ गुप्ता ने बताया कि आवेदन बेबसाइट www.shadianudan.upsdc.gov.in पर दिए गए लिंक पर किया जा सकता है। इसमें पंजीयन के लिये अब पिता/माता/अभिभावक के आधार के साथ-साथ बेटी के आधार की भी केवाईसी सुनिश्चित की जाएगी। विस्तृत जानकारी विभाग से प्राप्त की जा सकती है।



### डीएम ने निरस्त किया शस्त्र का लाइसेंस

**अयोध्या। अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने इनायतनगर थाना क्षेत्र के सुरवारा के रहने वाले मधुसूदन सिंह पुत्र मंगल सिंह का शुक्रवार को एसबीबीएल बंदूक का लाइसेंस निरस्त कर दिया। आदेश में कहा कि उनके विरुद्ध विचाराधीन संदर्भित वाद के आपराधिक वाद में यदि विपक्षी दोषमुक्त हो जाता है तो विपक्षी से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर विचार किया जाएगा। लाइसेंस धारी के खिलाफ थाना इनायतनगर में एससी/ एसटी, जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट भेजी थी। डीएम ने सुनवाई के बाद इसे निरस्त कर शस्त्र जमा न होने पर उसे जमा कराने का निर्देश दिया है।

# बस से टकराई बाइक, चालक की मौत, मां-बेटी गंभीर

मिल्कीपुर, अयोध्या

**हादसा**

**अमृत विचार:** अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे पर मिल्कीपुर बाजार में बस की चपेट में आने से एक बाइक चालक की मौत हो गई। बाइक पर बैठी पत्नी व बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने सभी को सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने महमूद अहमद को मृत घोषित कर दिया। वहीं बेटी व पत्नी का इलाज चल रहा है।

अमेठी के थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के महोना पश्चिम गांव निवासी महमूद अहमद (55) पुत्र अब्दुल मुईद पत्नी सैकुना बानो व बेटी सैहर बानो के साथ बाइक से अयोध्या जा रहे थे। अयोध्या-रायबरेली हाईवे स्थित मिल्कीपुर बाजार से अमानीगंज रुदौली मार्ग पर अचानक घूमी भद्र मां शक्ति ट्रेवल्स सुल्तानपुर लिखी बस से बाइक टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने सभी घायलों को सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने महमूद अहमद को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि मां- बेटी खतरे से बाहर हैं। इनायतनगर इंस्पेक्टर संदीप कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना करने वाली बस को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है।

# छह जिलों के 42 केन्द्रों पर परीक्षा देंगे 20138 बीएड अभ्यर्थी

अयोध्या,कार्यालय

- जिले में नौ जून को नौ केन्द्रों पर दो पालियों में होगी प्रवेश परीक्षा
- तैयारियों को लेकर हुई केन्द्र अध्यक्षों, पर्यवेक्षकों व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की बैठक

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी की ओर से आयोजित उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 को लेकर शुक्रवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के सभागार में केन्द्र अध्यक्षों, पर्यवेक्षकों और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की बैठक हुई। इसमें प्रवेश परीक्षा को सकुशल और शुचितापूर्वक संपन्न कराने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई।

संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा नौ जून को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध छह जिलों के 42 केन्द्रों पर होनी है। जिसमें कुल 20138 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रवेश परीक्षा दो पालियों प्रथम पाली सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे होगी। जिले में इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय मुख्य परिसर,आईईटी परिसर एवं कासु साकेत पीजी कॉलेज में कुल नौ केन्द्र बनाये गए हैं। इन केंद्रों के लिए 4454 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र भेजे गए हैं। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कुल 18 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त नौ स्टैटिक मजिस्ट्रेट, दो पर एक केन्द्र प्रतिनिधि एवं तीन केन्द्रों पर एक सचल दल तैनात किया गया है।



अवध विवि में बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर बैठक में शामिल केंद्र अध्यक्ष व मौजूद लोग।

मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में परीक्षा के नोडल समन्वयक प्रो. फारुख ने बताया कि शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए केन्द्रों पर इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। परीक्षार्थियों को एक घंटा पूर्व केन्द्र पर पहुँचना होगा। सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। केन्द्र प्रतिनिधि प्रो. देवेश निगम ने बताया कि केन्द्र पर बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश,परीक्षार्थियों के साथ कक्ष निरीक्षकों का मोबाइल पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। किसी को प्रवेश-पत्र व पहचान पत्र के बिना प्रवेश नहीं दिया जायेगा तथा बायोमेट्रिक हाजिरी कराई जाएगी। केन्द्र प्रतिनिधि डॉ. अश्वनी कुमार ने केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को परीक्षा संपन्न होने के बाद पैकिंग की जानकारी दी। एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की जा रही है और इन कर्मियों की निगरानी में परीक्षार्थियों को केन्द्र पर प्रवेश दिया जायेगा। संचालन डॉ. मोहन चन्द्र तिवारी और धन्यवाद ज्ञापन उपसमन्वयक प्रो गंगाराम मिश्र ने किया।

# सरकारी विभागों में पदोन्नति को लेकर कार्रवाई शुरू

अयोध्या कार्यालय

- निकाला जा रहा रिक्त पदों का आंकड़ा, निकाली जा रही फाइलें

**अमृत विचार:** सरकारी विभागों में पदोन्नति के लिए रिक्त पदों का आंकड़ा निकाला जा रहा है। फाइलें खुलनी शुरू हो गई हैं। शासकीय कार्य प्रभावित न हो और कर्मचारियों के मनोबल पर प्रतकूल प्रभाव न पड़े इसको लेकर प्रदेश सरकार ने विभागों में पदोन्नति से भरे जाने वाले पदों के सापेक्ष चयन की कार्रवाई शुरू किए जाने का निर्देश दिया है। इसे पूरा करने के लिए 30 सितंबर तक पूरा जाने का निर्देश है।

अब विभागों में पदोन्नति से भरे जाने वाले पदों की खोजबीन शुरू कर दी गई है। कलेक्ट्रेट, विकास भवन के साथ ही अन्य विभागों में चयन प्रक्रिया को लेकर हलचल शुरू हो गई है। एक पद पर पांच साल की सेवा के बाद पदोन्नति की जाती है। इसके साथ कई अन्य मानक भी हैं। विभागों में इसको लेकर कर्मचारियों के मानक के अनुसार रिक्त पदों की सूची तैयार किए जाने की कार्रवाई शुरू की जा रही है। विभाग के लोगों का कहना है कि जल्द ही यह सूची तैयार कर ली जाएगी। इसके बाद इसे बेजा जाएगा।

## सचल दल ने एक नकलची दबोचा

**अयोध्या। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की चल रहीं स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा में शुक्रवार को सचलदल ने तृतीय पाली में एक छात्र को नकल करते दबोच लिया। इस परीक्षार्थी पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम सम सेमेस्टर तीन पालियों की परीक्षा का सचलदल द्वारा विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इसके अलावा विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे के संचालन पर नजर रखी जा रही है।

# प्रतियोगिता समापन के पहले ही भागे आयोजक

अयोध्या कार्यालय

- अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स : खिलाड़ियों के साथ खेल

**अमृत विचार:** पं. दीनदयाल उपध्याय के नाम पर यहां आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता के आयोजक प्रतियोगिता समापन के पूर्व ही भाग गए। प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को होना था, लेकिन अंतिम दिन प्रतियोगिता से पूर्व ही आयोजक प्रतियोगिता नदारद हो गए। प्रतियोगिता आयोजकों से सम्पर्क करने के बहुत प्रयास किए गए लेकिन सभी के मोबाइल स्विच ऑफ रहे।

डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल मैदान को मास्टर्स अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के नाम पर तीन दिन के लिए मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन उप्र के नाम पर बुक कराया गया था। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों कर्नाटक, हरियाणा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, केरल, झारखंड, उप्र आदि के 30 से 80 वर्ष आयु के बड़ी संख्या में महिला व पुरुष धावक प्रतिभाग करने यहां पहुंचे। पहले दिन अनौपचारिक रूप से प्रतियोगिता शुरू हुई और दूसरे दिन भी पैदल चाल प्रतियोगिता हुई। तीसरे दिन समापन के दिन शुक्रवार को प्रतियोगिता का कोई इवेन्ट नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक विवाद होने की दशा में प्रतियोगिता आयोजक मोबाइल स्विच ऑफ कर आयोजन स्थल से भाग निकले। खिलाड़ी उनकी राह तकते रहे। देर शाम तक पूछताछ के बाद भी आयोजकों का न तो कुछ पता चला न ही संपर्क हो सका। अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल के उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान ने बताया कि प्रतियोगिता आयोजन में विभाग का कोई हस्तक्षेप नहीं था। विभाग ने केवल प्रतियोगिता आयोजन के लिए तीन दिन के लिए मैदान बुक किया था। अंतरराष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता और पं. दीन दयाल उपाध्याय के नाम पर प्रतियोगिता आयोजन कर आयोजकों का गायब हो जाना यहां खेल जगत में खास चर्चा का विषय रहा।

## सार-संक्षेप



सिलेंडर में लगी आग पर काबू पाने का प्रदर्शन करते अग्निशमन कर्मी।

### मॉकड्रिल में बताए आग से बचाव का उपाय

**अयोध्या। अमृत विचार :** दिल्ली के अस्पताल और गुजरात के गेमिंग जोन में अग्निकांड के चलते हुई जन और धन हानि के बाद डीजी अग्निशमन के निर्देश पर सक्रिय अग्निशमन विभाग ने शुक्रवार को राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय दर्शन नगर में मॉकड्रिल किया। इसके माध्यम से आगजनी की घटना होने पर तत्काल बरती जाने वाली सावधानी व अग्नि नियंत्रण के उपाय बताए। मॉकड्रिल का नेतृत्व कर रहे अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि एक छोटी सी लापरवाही भी किसी बड़े घटना का रुप ले सकती है। लोगों के जीवन की सुरक्षा के लिए सजग रहने की जरुरत है। बीच-बीच में बिजली वायरिंग का परीक्षण करवाना चाहिए। वायरिंग को खुला नही छोड़ना चाहिए। सिलिंडर की लीकेज भी समय-समय पर चेक करते रहना चाहिए। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा के अलावा चिकित्सक, स्टाफ व फायर ब्रिगेड कर्मी मौजूद रहे।

### महंत नृत्य गोपाल दास का 86वां जन्मोत्सव 12 से

**कार्यालय अयोध्या। अमृत विचार :** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास का 86वां जन्मोत्सव 12 से 21 जून तक मनाया जाएगा। इस 10 दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम में 12 और 13 जून को श्री रामयज्ञ और वैदिक आचार्य के द्वारा अनुष्ठान किया जाएगा। 14 जून राम कथा का श्री रामकथा प्रारम्भ होगी। इस दौरान जन्मोत्सव की उद्‌घाटन सत्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रमुख साधु संत भी शामिल हो सकते हैं। मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास शास्त्री ने बताया महोत्सव में देश के सभी प्रमुख संत धर्माचार्य को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके साथी केंद्र और प्रदेश के बीच कई नेता भी शामिल हो सकते हैं। कहा कि 12 जून को सरयू नदी में गंगा पूजा के साथ सुबह 6 :31 बजे होगा। इसके एक घंटे बाद कलश यात्रा निकलेगी। सुबह नौ बजे ध्वजारोहण, विश्वक्सेन आराधना, अरणि मंथन, मूल मंत्र हवन आदि होगा। वास्तु शांति, बलिहरण, तीर्थ प्रसाद और गोष्ठी का भी आयोजन होगा। समारोह में राम रक्षा यज्ञ, सदुर्शन हवन, रामजी का अभिषेक, सामूहिक विष्णु सहस्रनाम स्तोत्र पाठ अनेक यज्ञ, अनुष्ठान और धार्मिक कार्यक्रम होंगे। अंतिम दिन 21 जून को मंदिर में फूल बंगला की झांकी और संत सम्मेलन होगा।

### जब बंद हो बैरियर तो पार न करें क्रॉसिंग



गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर लोगों को जागरुक करते स्टेशन अधीक्षक।

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय रेलवे क्रॉसिंग जागरूकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गोसाईगंज स्टेशन के यातायात लेवल क्रॉसिंग 93 बी-1 एवं 94 स्पेशल पर स्थानीय रेल प्रशासन ने लोगों को जागरूक किया। एसएस महेंद्र नाथ मिश्रा ने इन दोनों गेटों के सड़क मार्ग से आवागमन करने वालों लोगों को समझाया गया कि जब गेट बंद हो तो किसी भी दशा में गेट न पार करें। गेट बूम के नीचे से कभी भी निकलने का प्रयास न करें। बंद गेट के दौरान गेट पार करने पर रेलवे एक्ट के अनुसार जुर्माना एवं दंड अथवा दोनों का प्रावधान है। इस अवसर पर उप स्टेशन अधीशक प्रकाश चंद्र गौरव, राम लगन यादव, प्वांइट्समैन राहुल कुमार, शैलेंद्र कुमार, गेट मैन बृजेश कुमार, श्याम जी प्रजापति रेल पथ निरीक्षक, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

### खड़ंजे पर डाली जाए मिट्टी

**मवई (अयोध्या)। अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम जैसुखपुर में डेढ़ माह पूर्व लगे खड़ंजे पर मिट्टी न पड़ने से राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम वासी व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल मवई के मंत्री तौहीद खं ने बताया कि करीब डेढ़ माह पूर्व जिला पंचायत कोटे से 15वें वित्त आयोग अनटाइड योजनांतर्गत ग्राम जैसुखपुर से बरतरा तक लगभग 250 मीटर खड़ंजा लगा है। ठेकेदार ने उस पर मिट्टी भी नहीं डलवाई। इससे बीच-बीच में खड़ंजा उखड़ रहा है। उन्होंने विभाग से खड़ंजे पर मिट्टी डलवाने की मांग की है।

# पार्कों के रूप में विकसित होंगे चार तालाब

अयोध्या कार्यालय

- बोले-नगर आयुक्त, अमृत-2 के तहत चयनित तालाबों का निरीक्षण

**अमृत विचार :** जल सरंक्षण के दृष्टिकोण से अमृत-2 के तहत चार तालाबों को पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए बनबीरपुर, गददौपुर, पालिया शाहबदी व कुशमाहा स्थित तालाब का चयन कया गया है। ये बातें शुक्रवार को नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने कहीं।

वो चयनित गददौपुर, पलिया शाहबदी स्थित तालाबों का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तालाब के सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ बैठने के लिए बेंच, शौचालय, वॉकिंग पाथ आदि का निर्माण प्रस्तावित है। वर्तमान में बनबीरपुर तालाब के जीर्णोद्धार की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा नगर निगम अयोध्या में जल सरंक्षण की दिशा में कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियन्ता राजवीर सिंह, अवर अभियन्ता अमित जायसवाल एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



पलिया शाहबदी तालाब का निरीक्षण करते नगर आयुक्त। अमृत विचार

# अपहरण व दुष्कर्म के दो आरोपी दोष मुक्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को कोर्ट ने दोष मुक्त कर दिया है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट शिवानी जायसवाल की अदालत से शुक्रवार को हुआ। अधिवक्ता गोविंद तिवारी, प्रभाकर त्रिपाठी ने बताया कि 25 अगस्त 2012 को वादी सब्जी बेचने के लिए फैजाबाद शहर गया था। जब वह रात घर आया तो उसकी लड़की घर पर नहीं थी। उसने आसपास तलाश किया तो उसकी लड़की नहीं मिली। घटना की रिपोर्ट थाना कुमारगंज में ओम प्रकाश यादव व फूलकला के खिलाफ अपहरण तथा दलित उत्पीड़न अधिनियम के तहत अपहरण तथा दलित उत्पीड़न अधिनियम के तहत लिखी गई थी। पीड़िता के मिलने के बाद मामले में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई। कोर्ट में पीड़िता ने बताया कि ओमप्रकाश बस कंडक्टर है। वह उसे बहला फुसला कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बचाव पक्ष की ओर से तर्क दिया गया था कि पीड़िता बालिग है। वह खुद गई थी। उसे किसी ने भगाया नहीं था। दोनों के बीच काफी दिनों से प्रेम-प्रसंग चल रहा थ उसकी सहमति से दोनों के बीच संबंध बने। इन्हीं तर्कों को देखते हुए कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया।

**लोकसभा चुनाव**

नेताओं के बूथों की तस्वीर से सक्रियता पर उठ रहे सवाल, जीत-हार की किरकिरी के बीच काडर पर भी ठीकरा

# परत-दर-परत खुलने लगी भाजपा के हार की असलियत



राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार की असलियत परत-दर-परत खुलने लगी है। जैसे-जैसे बूथों पर मिले वोटों की तस्वीर सामने आ रही है। संगठन से चुनाव लड़ाने की सक्रियता पर सवाल भी उठने लगे है। अंदर खाने में ठीकरा तो काडर और नान काडर पर फोड़े जाने का प्रयास है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा का सबसे ज्यादा फोकस बूथों पर ही रहा है। सांगठनिक दृष्टि से चुनावी फतह के लिए हर बैठक में पन्ना प्रमुख, बूथ और शक्ति केंद्र को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। समय भी पर्याप्त था। लोकसभा क्षेत्र में कुल 2073 बूथ हैं। सब पर न सही तो भाजपा ने लगभग 80 फीसदी बूथों पर बूथ प्रभारी नियुक्त किए गए थे। उनके साथ पूरी टीम थी। मतदाता सूची के एक-एक पन्ने के पन्ना प्रमुख थे। शक्ति केंद्रों का जाल था। बैठकों में प्रदेश से जिले तक के नेता बूथों को मजबूत करने के निर्देश दे रहे थे। बूथ की जीत को जीत का आधार बताया जा रहा है। पन्ना प्रमुख के साथ कम से कम तीन बार प्रत्येक घर तक पहुंचने और मतदाता से मुलाकात का लक्ष्य रखा गया था। सरकार की योजनाएं बतानी थी। पक्ष में वोट करने के लिए प्रेरित करना था। अब अंदर खाने में समीक्षा के साथ ही चर्चा शुरू हो गई है।

बूथों पर मिले वोटों की तस्वीर सामने आने लगी है। इसके साथ ही संगठन से अयोध्या जैसे संवेदनशील सीट पर चुनाव लड़ाने सक्रियता की तस्वीर भी साफ हो रही है। सवाल-दर-सवाल उभर रहे हैं। कोई दूसरा नहीं, पार्टी के अंदर ही इसको लेकर तीखी प्रतिक्रिया सुनने को मिल रही है। लोकसभा प्रत्याशी अपना बूथ जीते। जिले के तीन विधायक भी अपना बूथ जीत गए। यह अलग बात है कि पहले से यह अंतर कम रहा या ज्यादा। इसके नीचे आने के साथ ही हलचल शुरू हो जाती है। अभी पूरी समीक्षा तो सामने नही आई लेकिन जितनी आई उससे ही हलचल की स्थिति है। कई वरिष्ठ नेताओं के बूथ पर भाजपा की हालत पस्त दिखी। कुछ ने नाक बचा ली है। जिले की पहली लाइन के कई पदाधिकारी अपना बूथ हार से नहीं बचा पाए। जो बूथ की जीत को जीत का आधार बता रहे थे। ब्लॉक और नगर पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के बूथ की तस्वीर स्याह निकल रही है। तस्वीर सामने आने के बाद ऐसे जनप्रतिनिधियों और नेताओं को जैसे सांप सूंघ गया है। इनमें वह बूथ भी बताए गए हैं जिन पर बीते चुनाव में प्रदर्शन अच्छा रहा। अंदर खाने में सूची तैयार किए जाने की भी चर्चा है।

कहते हैं कि बात जीत-हार की नहीं है। हार के कई अन्य कारण भी हैं। हार के पीछे प्रदेश भर में चली हवा का प्रभाव भी रहा लेकिन पार्टी में चर्चा यह है कि प्रदेश के अन्य कारणों के अलावा भी यहां इसे संभाला जा सकता है। लगभग साढ़े 11 लाख के वोटों में 55 हजार मतों के अंतर को पाटा जा सकता था। बशर्ते हम अपनी बात मतदाता तक पहुंचा पाते। एक पदाधिकारी अनौपचारिक बातचीत में कह जाते हैं कि चुनाव के साथ सांगठनिक क्षमता का परीक्षण भी होता है। इस परीक्षण में यहां की सांगठनिक क्षमता का पर्याप्त उपयोग न किए जाने सेइनकार नहीं किया जा सकता है।

### काडर और नानकाड़र पर भी ठीकरा

गांव की एक कहावत है कि जिसका धन ज्यादा है उसका धरम भी चला जाता है। इन दिनों कुछ ऐसी ही स्थिति है। भाजपाई जबी जुबान चर्चा करते हैं भाजपा काडर बेस पार्टी है। लेकिन सत्ता में आने के बाद सब गडड मड्ड हो गई। कई दूसरी विचारधाराएं मिल गई। कह जाते हैं ऊंगली पर गिन लीजिए बड़े से छोटे पदों पर काडर के कितने नेता जिलें में है। इसका प्रभाव भी तो पड़ेगा। यह न भी कहा जाए कि नान काडर के लोगों को पार्टी और विचारधारा की चिंता नहीं होती तो भी काडर वाले जितनी तो नहीं होती। दर्द यह भी उभरता है कि पार्टी भी काडर का ध्यान नहीं देती। ऐसे में कुछ न कुछ गडबड़ तो होगी ही।

पंचैव पूजयन् लोके यश : प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितृन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान्॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि–इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा–स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# शिक्षा क्षेत्र में सुधार

पिछले दशक में हमने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तनों पर ध्यान केन्द्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह बयान क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जी-20 देशों के बीच भारत के सर्वोच्च वृद्धि दर्ज करने के बाद आया है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उल्लेखनीय है कि दुनियाभर की 1500 यूनिवर्सिटी का सर्वे करने के बाद वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 जारी की गई है। वर्ल्ड रैंकिंग में भारत के 46 संस्थान शामिल हैं जबकि 2015 में केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय इसमें शामिल थे। इस प्रकार पिछले 10 वर्षों में इस संख्या में 318 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और एशिया में चीन व जापान के बाद सबसे ज्यादा संस्थान भारत के हैं। रैंकिंग के अनुसार भारतीय आईआईटी बॉम्बे और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल है जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर शीर्ष रैंक बरकरार रखी है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग विभिन्न मानदंडों पर संस्थानों का मूल्यांकन करती है जिसमें शैक्षणिक और नियोक्ता प्रतिष्ठा, संकाय/छात्र अनुपात, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क और विश्वविद्यालयों के सामाजिक व पर्यावरणीय प्रभाव शामिल हैं। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने सरकार के तीसरे कार्यकाल में शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए और अधिक काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। वास्तव में भारत में शिक्षा का मात्रात्मक विस्तार तो हुआ है, लेकिन गुणात्मक मोर्चे पर यह अभी भी पीछे है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लचीले समुदायों का निर्माण करती है और शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक समाज बनाने में योगदान देती है। यह नागरिक जीवन में सहिष्णुता, समझ और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देती है।

शिक्षा व्यक्तियों को बेहतर नौकरी की संभावनाओं, स्थायी आजीविका और स्वस्थ जीवन शैली के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करती है। यह नवाचार है रचनात्मक सोच को बढ़ावा देती है। हाशिए के समुदायों में रहने वालों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच की कमी है। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। अब जब प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि आगामी राजग सरकार अगले दस वर्ष में सुशासन, विकास और आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसके लिए सभी क्षेत्रों में देश के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, यह उपयुक्त समय है कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाया जाए और ऐसा आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोण अपनाया जाए जो उत्तरदायी एवं प्रासंगिक हो।

# विचारधारा को रूढ़ि बना लेना है जड़ता


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> ये परिस्थितियां ही हैं जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना, जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ, लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा।

> भारत की परंपरा के प्रति नकारात्मक दृष्टि कि यह भी गलत है, यह भी गलत है, यह भी गलत है तथा दूसरे किसी देश को आदर्श बना कर चलना अवैज्ञानिक ही है। मनुष्य सब जगह वही है, मनुष्य की मूल–प्रवृत्ति सब जगह वे ही हैं, अच्छे और बुरे सब जगह हैं, हर जाति में हैं, हर धर्म में हैं। कल्पना करें कि सारा संसार एक ही शासन के अधीन आ जाए तो भी परिवेश की भिन्नता के कारण जीवन की भिन्नता बनी ही रहेगी क्योंकि समानता और भिन्नता प्राकृतिक भी हैं। इसलिए जितने अंशों में वैश्विक अध्ययन की आवश्यकता है, उतनी ही आवश्यकता भारतीय जीवन के अध्ययन की है।

विचारधारा मनुष्य के लिए अथवा मनुष्य विचारधारा के लिए? विचारधारा मनुष्य की ही है और मनुष्य के लिए है। मनुष्य जीवन विचारधारा के लिए नहीं है। विचारधाराओं का केंद्र मनुष्य है। मनुष्य जीवन का केन्द्र विचारधारा नहीं है। कोई भी विचारधारा यदि मनुष्य की गति को बाधित करती है तो वह पैरों की बेड़ी है। मनुष्य की युगयात्रा में न जाने कितनी विचारधाराएं आई थीं, बीत गईं, फिर नई विचारधाराएं आएगी, आती रहेंगी।

किसी भी विचारधारा को रूढ़ि बना लेना जड़ता है। यह तो कोई नहीं चाहेगा कि मनुष्य फिर से पाषाण-युग के अंधेरे में चला जाए! विकास हो, अवश्य हो, पर मनुष्य और प्रकृति का सामंजस्य बना रहे, मनुष्य और मनुष्य के बीच समरसता और सामंजस्य बना रहे। भारतीय मनीषा हाथ उठाकर कह रही है कि जीवन की पूर्णता प्रकृति की समग्रता के बीच है। मनुष्य जीवन प्रकृति रूपी वृक्ष का फल है, प्रकृति से विच्छिन्न नहीं है। बहुत से लोग अमेरिका और पश्चिमी देशों की ओर देखते हैं और बहुत से लोग अभी भी रूस की ओर देखते हैं, सोचते हैं कि भारत का समाज ऐसा ही होना चाहिए। निश्चित ही आज का जीवन ग्लोबल या वैश्विक बन चुका है तथा जो सामान्य परिस्थितियां वैश्विक हैं, उनमें अनेक समानताएं अपने यहां भी होंगी। यह परिवेश का ही प्रभाव है। निश्चित ही जितने अंशों में परिवेश की समानता होगी, उतने अंशों में जीवन की शैली में भी समानता हो सकेगी। जिस तरह के उत्पादन के साधन या टेक्नोलॉजी होंगे, उसी तरह की भाषा भी होगी, संस्कृति भी होगी और मानव व्यवहार भी वैसा ही होगा। इसी के साथ यह भी है कि संसार में जो शक्तियां प्रबल होंगी, वे निर्बल के जीवन को प्रभावित भी करेंगी। चाहेंगी कि विकासशील देशों की व्यवस्था, विकसित देशों और प्रबल शक्तियों के हितों की पूरक हों।

आनुवंशिकता के बाद मनुष्य जीवन का सबसे अधिक प्रभावशाली निर्णायक तत्व परिवेश होता है। परिवेश से ही मनुष्य जीवन की शक्ति प्राप्त करता है। वह परिवेश प्राकृतिक भी होता है, समुद्र, नदी, पहाड़, ऋतु देह और मन दोनों को प्रभावित करते हैं। एक रिसर्चर ने बिहार में रहते हुए बुद्ध की विचार भूमि पर अनुसंधान कार्य किया था और बताया था कि क्यों निर्वाण ही इस विचार सरणि का अंतिम गंतव्य बना? उसने बुद्ध काल की उन परिस्थितियों का विश्लेषण किया है जिनमें अत्यंत कष्टपूर्ण जीवन है।

ये परिस्थितियां ही हैं जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना, जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ, लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा। रूस तथा यूक्रेन में एक जैसे विचार को लेकर राजसत्ता बनी, किंतु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को आमने-सामने कर दिया। गोरे शासकों की शह पाकर जिन्ना ने धर्म की समानता का नारा लगाया था, पूर्वी पाकिस्तान भी पाकिस्तान ही बना था, किंतु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को अलग कर दिया। ध्यान में रखने की बात है कि परंपरा भी परिवेश है।

भारत की परंपरा के प्रति नकारात्मक दृष्टि कि यह भी गलत है, यह भी गलत है, यह भी गलत है तथा दूसरे किसी देश को आदर्श बना कर चलना अवैज्ञानिक ही है। मनुष्य सब जगह वही है, मनुष्य की मूल-प्रवृत्ति सब जगह वे ही हैं, अच्छे और बुरे सब जगह हैं, हर जाति में हैं, हर धर्म में हैं। कल्पना करें कि सारा संसार एक ही शासन के अधीन आ जाए तो भी परिवेश की भिन्नता के कारण जीवन की भिन्नता बनी ही रहेगी क्योंकि समानता और भिन्नता प्राकृतिक भी हैं। इसलिए जितने अंशों में वैश्विक अध्ययन की आवश्यकता है, उतनी ही आवश्यकता भारतीय जीवन के अध्ययन की है। देशकाल भिन्न होंगे तो धर्म-संस्कृति का भिन्न होना स्वाभाविक ही है, किंतु यदि उनकी आत्मा पर ध्यान केंद्रित करें तो जो बात सामने आएगी, वह मनुष्य और मनुष्य तथा मनुष्य और प्रकृति के बीच समन्वय के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है।

हां, धर्म संस्था व्यष्टि और वर्ग स्वार्थ से प्रेरित होती है और धर्म की कुत्सित व्याख्या करना उसका व्यापार होता है। समय बदलने पर वह धर्म विरुद्ध को ही धर्म बतलाती है। लोग रूढ़ि के कारण अधर्म को ही धर्म समझ लेते हैं -अधर्मे धर्म विभ्रमः। मनुष्य जीवन पर आनुवंशिकता का प्रभाव निर्णायक होता है या परिवेश का? मानवशास्त्रियों ने जीवन के दो महत्वपूर्ण निर्णायक तत्व माने हैं- आनुवंशिकता और जीवन का परिवेश। ये दोनों ही तत्व व्यक्ति जीवन को प्रेरित-उत्तेजित-निर्देशित करते हैं। उसे बनाते हैं, आगे बढ़ाते हैं। जीवन को मोड़ देते हैं। कठिनाई आने पर फैसला कर देते हैं। आनुवंशिकता भी एक वास्तविकता है? कुछ कहावतें पढ़ रहा हूं-नानी की टेव धेवती में आईं! मूसे के जाए तो बिले ही खोदेंगे! मछली के बच्चनें तैरबौ को सिखाबै? मनुष्य जीवन पर आनुवंशिकता का प्रभाव निर्णायक होता है या परिवेश का? यह बहस बहुत पुरानी है। आनुवंशिकतावादी-विचारकों का निष्कर्ष है कि आनुवंशिकता ही मनुष्य की प्रतिभा तथा गुणों का निर्णायक तत्व है। शारीरिक मानव शास्त्रियों ने इस प्रश्न को यों सोचा था कि नस्ल जनता की संस्कृति को ढालती है या जनता की संस्कृति नस्ल को?

द्वितीय महायुद्धःनस्लवाद। इस संबंध में नस्लवादियों ने कहा था कि आनुवंशिकता और शारीरिक प्रारूप संस्कृति को निर्धारित करते हैं। राजनीति में आकर यह सिद्धांत अपने उग्र रूप में नात्सीवाद के नस्ली सिद्धांतों में व्यक्त हुआ था। यह औपनिवेशिक शासन का समर्थन करने वाली विचारधारा थी और आगे चलकर द्वितीय महायुद्ध का कारण भी बनी। इसके विपरीत परिवेश वादियों का निष्कर्ष है कि मनुष्य जीवन का निर्णायक तत्व परिवेश है। परिवेशवादियों के भी तीन ग्रुप हैं-भौगोलिक निर्णायकवादीः जो मानते हैं कि भौगोलिक परिवेश मानव शरीर पर ही प्रभावी नहीं है, अपितु संस्कृति का भी निर्णायक तत्व है।

भौगोलिक निर्णायकवाद :अफ्रीका के लोग काले और योरोप के गोरे। दक्षिण के, बंगाल के, नेपाल के, पंजाब के लोगों को देखते ही पहचाना जा सकता है। सांस्कृतिक परिवेशवादी संस्कृति को निर्णायक तत्व मानते हैं जबकि तीसरे ग्रुप के महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स कहते हैं कि संस्कृति ही नहीं मनुष्य के सामाजिक संबंधों का निर्णायक तत्व भी उत्पादन प्रणाली और अर्थव्यवस्था है। यह भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं। बाजारवादी संस्कृति ने भारत और इंडिया के बीच गहरी रेखा खींच दी है। दिन रात असंख्य चैनल चल रहे हैं और हमें समझा रहे हैं कि देह ही मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य है। देहसुख बाजार का सौदा है, उसे खरीदना जीवन का पुरुषार्थ है। इस सभ्यता के लिए धनवान मनुष्य कंज्यूमर है और सारी प्राकृतिक संपदा तथा निर्धन मनुष्य कच्चा माल है। ऐसे परिवेश में भारत के लोक जीवन की अतीन्द्रिय-अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की ही पहचान कौन कर रहा है?

## प्रसंगवश

# मैं अयोध्या हूं

आज जो अयोध्यावासियों को अपशब्द कह रहें, उनसे बात कर रही हैं अयोध्या जी... मैं अयोध्या हूं। वह अयोध्या जिसने निर्माण और विध्वंस के हजार किस्सों को सरयू के पानी में बहते हुए देखा है। वह सरयू जिसने मेरे हर आंसू को अपने पानी से छिपाया है और मेरी हर खुशी को लहरों की उथल-पुथल से प्रकट किया है।

मैं वह अयोध्या हूं, जो कभी निराश नहीं हुई। मुझे साकेत कहा गया, मुझे कौशल की राजधानी बनाया गया तो मुझे अवध जागीर के फैजाबाद का दिल कहा गया, मगर मैं तो पहले से आखिर तक अयोध्या ही तो हूं। मैं वह अयोध्या हूं जिसके आंगन में राम ने जन्म की पहली थाप दी। मैंने कौशल्या के मां बनने की मुस्कान को देखा है। एक बालक, जिसे अपने भाई बहन से अथाह प्रेम था, उन राम को अपने आंगन में बड़ा होते देखा है। मेरे ही पहलू में गुरु वशिष्ट के वह पाठ भी थे, जिन्होंने कितने ही ऐतिहासिक अध्याय निखारे।


हफीज किदवई
लेखक

मेरे ही सामने तो दशरथ ने गले लगकर राम को अपना उत्तराधिकार दिया। मेरे ही सामने सीता बहु बनकर आईं। मैंने अपने राम का विरह भी तो देखा। यहां सुनो मेरे दर्द की पहली कहानी। राम, जो मेरा मान थे। मेरे ही सीने से दूर किए जा रहे थे, जिसे हमने नाजों से पाला था, उसे वनवास दिया जा रहा था। मैं ही वह अयोध्या थी, जो चीख-चीख कर रो रही थी। मगर राम के एक इशारे पर हमने अपना सारा दर्द सीने में दबा लिया, सारे आंसू सरयू में बहा दिए और आंखे उधर सजा दीं, जिधर से राम को वापिस आना था। इस दुनिया में वह मिट्टी का टुकड़ा भला कौन है जिसने खड़ाऊ के शासन को स्वीकारा। मैं वह अयोध्या थी, जो अपने राम के खड़ाऊ मात्र के सामने झुकी खड़ी रही। हम थे वह अयोध्यावासी जिन्होंने अपने राम के बिना उस सिंघासन पर किसी दूसरे को स्वीकार नहीं किया। हमने वनवास के दर्द को तो वापसी की दीवाली भी देखी है। हमने अपने राम को जन्मते देखा है। हम वह अयोध्या हैं जिसने बुद्ध को देखा है। बुद्ध के युग को देखा है। बुद्ध के प्रताप को देखा है। बुद्ध के ज्ञान को देखा है।

मैं वह अयोध्या हूं जिसने महावीर जैन और तमाम तीर्थंकर को भी देखा है। जैन मुनियों के ज्ञान और विचरण को देखा है। हमने तो अपने पहलू में मुगलों को भी आते देखा है। अपने सीने पर मंदिर बनते, मंदिर टूटते देखा है। मस्जिद बनते, मस्जिद टूटते देखा है, मठ बनते, मठ टूटते देखा है, स्तूप बनते, स्तूप टूटते भी देखा है। हमने नवाबों की हुकूमत भी देखी है। हम हैं अयोध्या जिसने इस देश की हर करवट को बहुत करीब से देखा है, मगर जों नही देखा था, वह अब देख रहे हैं। इतना कुछ बदला, एक से एक हुक्मरान आए, धर्मगुरु आए, विचार आए और गए मगर कभी अयोध्यावासी गाली नहीं खाए।

कभी किसी की हिम्मत नहीं पड़ी की अयोध्यावासियों पर उंगली उठाकर उनके गर्व को धिक्कारे। मैं हूं वह अयोध्या जिससे वनवास जाते राम ने पलटकर कभी एक शिकायत भी नहीं की। हां मैं हूं वह अयोध्या जिसका आंचल सरयू है, उस सरयू में जब राम विलीन हो रहे थे, तब भी किसी ने अयोध्यावासी को अपशब्द नहीं कहे। अयोध्या जो पीड़ा सहती रही है, उसका मोल आजकल की कुर्सी की दीमक क्या ही समझेंगी! अयोध्या जिस बात पर मुस्कुराती है, उसकी मुस्कुराहट नफरत से भरे दिल भला क्या ही समझेंगे।

मैं फिर कहती हूं, मैं अयोध्या हूं। मुझे बनने से आजतक कभी भी ऐसे अपशब्दों का सामना नहीं करना पड़ा, जो अब हो रहा है। आज एक अदद कुर्सी तुमसे क्या छीनी, तुम छिन्न-भिन्न हो गए। तुम त्यागी अविनाशी अयोध्या को क्या ही जानोगे। सच तो यह है कि मुझे अपशब्द कहने वाले ही मेरे योग्य नही हैं, मगर मैं अयोध्या हूं, तुम्हारे इस दुस्साहस को भी क्षमा करूंगी, क्योंकि मेरा हृदय मेरे राम जैसा है।

मेरे बारे में एक बात और जान लो, मैं तुम्हारे दस रुपये की पानी की बोतल और बीस रुपये के नमकीन और चंद रुपल्ली के टूरिज्म से जीवित नहीं रहती हूं। मैं अयोध्या हूं, तुम जब नहीं थे, मैं तब भी गर्व से जीती थी, अब होकर भी न हो, तब भी गर्व से ही जिऊंगी। मैं और मेरी सरयू का पानी इतना सक्षम है कि हर अयोध्यावासी को हर विपरीत स्थिति में उनका साथ निभाए। मैं कल भी अवधेश के साथ थी, आज भी हूं, कल भी रहूंगी, तुम मेरे पर्याय को कभी नहीं समझोगे। तुम अपने अहंकार, कुर्सी की लालच और नफरत की आग में जलो, मगर मैं दुनिया को मर्यादा, प्रेम, सहिष्णुता, बराबरी और त्याग का संदेश देती रहूंगी। मैं अयोध्या थी, अयोध्या हूं और सदैव अयोध्या रहूंगी।

# गठबंधन के दो कमजोर बंधन


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 1999 में बनी तो एनडीए गठबंधन में 24 दल थे और यह सरकार पांच साल तक चली थी।

देश की जनता ने एक बार फिर एनडीए की सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस चुनावी नतीजे की बुनियादी बात ये है कि आप जनता को और पूरे तंत्र को हल्के में लेंगे और जिस तरह से चाहेंगे, वैसे चलाने की कोशिश करेंगे तो जनता ये शायद पसंद नहीं करती। सबसे बड़ी चुनौती ये है कि मोदी जी के दस साल के कार्यकाल में सत्ता में किसी की भागीदारी नहीं थी, सिवाय खुद प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के। अब वो सत्ता में भागीदारी बढ़ाएंगे, लोगों की सुनी जाएगी तो सरकार चल पाएगी।

2002 से 2024 तक तीन बार मुख्यमंत्री रहते और दो बार प्रधानमंत्री रहते उन्होंने एकछत्र राज किया। अब अचानक तालमेल और सहमति की राजनीति करना एक चुनौती होगी। अब वो इस नई भूमिका को कितना अपना पाते हैं उसी पर इस सरकार का टिकाऊपन निर्भर करता है। यानी सरकार के गठबंधन धर्म का पालन करेंगे और वाजपेयी मॉडल अपनाएंगे तो ये सरकार चला पाएंगे। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 1999 में बनी तो एनडीए गठबंधन में 24 दल थे और यह सरकार पांच साल तक चली थी। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि गठबंधन में तालमेल बिठाने की वाजपेयी की कुशलता ने पांच साल तक स्थिर सरकार दी।

पिछली सरकार में बीजेपी अपने दम पर 303 सीट जीती थी। ऐसे में एनडीए में शामिल सहयोगी दल पूरी तरह से बीजेपी की मर्जी पर निर्भर थे। बीजेपी नेतृत्व अपने मर्जी के आधार पर छोटे दलों को मंत्री पद मिला था, परंतु इस बार क्षेत्रीय दल बीजेपी एनडीए सरकार में अधिक मोलभाव करने की स्थिति में हैं। नीतीश कुमार का गठबंधन बदलना भारत की राजनीति में ऐसी प्रक्रिया बन गई है, जो हैरान नहीं करती, लेकिन सस्पेंस बरकरार रहता है कि वो किसे कब किंग की भूमिका में ला दें? विपक्ष के पास एक उम्मीद है कि बीजेपी के ये दो दल साइड बदल सकते हैं और यही बीजेपी के लिए चिंता भी होगी। अतीत में नायडू ने केंद्र में तीन सरकारें स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पहली एच डी देवेगौड़ा की संयुक्त मोर्चा सरकार और बाद में 1996-1998 में आई के गुजराल की सरकार, इसके बाद दो बार अटल बिहारी वाजपेयी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बनाई।

भारत में गठबंधन राजनीति का शासन और नीति पर मिलाजुला प्रभाव रहा है। एक और गठबंधन सरकारों ने 1990 के दशक की आर्थिक उदारीकरण और यूपीए शासन के तहत सूचना का अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण सुधारों और नीतियों का सफलतापूर्वक लागू किया है। दूसरी ओर गठबंधन की गतिशीलता ने कभी-कभी आर्थिक सुधारों, रक्षा खरीद और बुनियादी ढांचा विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णायक कार्रवाई को बाधित किया है। गठबंधन सरकारों में स्वाभाविक रूप से विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच समझौता और बातचीत की आवश्यकता होती है। यह किसी एकल दल के प्रभुत्व पर अंकुश लगा सकता है जिससे अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी शासन को बढ़ावा मिलता है। सहमति की आवश्यकता अधिक विचारशील और सावधानीपूर्वक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं की आड़ ले जा सकता है। एक गठबंधन सरकार में मंत्री पदों का आवंटन अक्सर गठबंधन भागीदारों का समायोजित करने में शामिल होता है। कभी-कभी योग्यता और दक्षता की कीमत पर। इससे शासन की गुणवत्ता और प्रशासनिक दक्षता में समझौता हो सकता है, जो सरकार के समग्र प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। जहां गठबंधन सरकार तानाशाही को रोकने में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है, वे चुनौतियों से मुक्त नहीं है।

सहमति की आवश्यकता नीति गतिरोध और धीमे निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को जन्म दे सकती है। इसके अतिरिक्त, गठबंधन सरकार की स्थिरता अस्थिर हो सकती है, क्योंकि गठबंधन सहयोगियों के बीच असहमति सरकारी अस्थिरता या यहां तक कि पतन का कारण बन सकती है। एक ऐसे युग में जहां लोकतांत्रिक मूल्य बढ़ते खतरे में हैं, गठबंधन सरकारें तानाशाही शासन के खिलाफ एक मजबूत तंत्र प्रदान करती हैं। कई पार्टियों के बीच शक्ति साझा करके और बातचीत तथा उत्तरदायित्व की संस्कृति को बढ़ावा देकर, गठबंधन सरकारें लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखने में मदद करती हैं। यद्यपि उनकी जटिलताएं कम नहीं हैं।

## सोशल फोरम

# वक्त से मात खा गए

एक्स बिजली कर्मी रहा हूं, लेकिन फिर भी हमेशा डर लगा रहता है कि ऐसा न हो कि हम दोस्त से बिंदास गले मिलकर हाल-चाल पूछें और वो पलटवार कर दे-आप बिजली वालों के राज में जी रहे हैं, बस। बिजली वालों की गलतियों और हिमाकतों को डिफेंड करते-करते हमारी तो बैंड बज चुकी है।

किसी का बिल ठीक कराना टेढ़ी खीर है। बिल ठीक करने वालों ने अपने पिताजी की नहीं सुनी तो हम रिटायर कर्मी की क्या सुनेंगे? जब-जब बत्ती जाती है तो मेमसाब और बच्चे बत्ती वालों की पुंगी बजा देती हैं। लपेटे में हम भी आ जाते हैं। वैसे गर्मियों में बिजली की आवाजाही ज्यादा रहती है। सप्लाई कम और लोड ज्यादा। घर-घर में एयर कंडीशनर लगा है।


वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

बेचारे बिजली कर्मी चाहे तप्ती धूप हो या अंधेरी रात, आंधी हो तूफान, जुटे रहते हैं फाल्ट तलाश कर उसे ठीक करने में। बिजली महंगी होती है तो मोहल्ले के तमाम लोग वाले हमें घूर कर देखते हैं। उस दिन एक मित्र के घर गए। अभी बैठने को हुए ही थे कि बिजली चली गई। कमेंट सुनने को मिल गया लो आप आए और बत्ती गई। हमें याद आता है कि 1963 में लखनऊ की बिजली सप्लाई एक प्राइवेट कंपनी मार्टिन बर्न के हवाले थी जिसका मुख्यालय कलकत्ता में होता था। उन दिनों हम लखनऊ के चारबाग स्टेशन के सामने मल्टी स्टोरी रेलवे कॉलोनी में रहते थे। हमारी कॉलोनी की बिजली रेलवे स्टेशन से जुड़ी थी। मौजां ही मौजां थी।

बिल का पेमेंट पिताजी के वेतन से कट जाता था। छटे-छमाही ही बत्ती गुल होती थी, लेकिन जब जाती थी तो कई-कई घंटे नहीं आती थी। उस जमाने के लोग भी बड़े सब्र वाले होते थे। बर्दाश्त कर लेते थे। उस दौर में न तो हर किसी के घर एयर कंडीशनर था और न हीटर गीजर, न टीवी और न वाशिंग मशीन। रेडियो भी चुनिंदा घरों में था। आजकल तमाम घरों में इंवर्टर जनरेटर लगा है, मगर दस मिनट बिजली न आए तो परेशान हो जाते हैं। अरे भई एयर कंडीशनर तो बिजली से चलेगा, इंवर्टर से नहीं। इधर बिजली से चलने वाले ऐशो आराम के आइटम बढ़ रहे हैं, लेकिन उस हिसाब से बिजली का प्रोडक्शन नहीं। बस बिजली वाले यहीं वक्त से मात खा गए।

-फेसबुक वॉल से

# बापू, लोकसभा चुनाव और वाल्मीकियों की उदासी


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

जब राजधानी ने पिछली 25 मई को लोकसभा चुनावों के लिए मतदान किया, तब यहां के मंदिर मार्ग स्थित ऐतिहासिक वाल्मीकि मंदिर में उत्साह और उम्मीद का माहौल था। इस वाल्मीकि मंदिर का गांधी जी से भी गहरा संबंध रहा है। वे यहां रहे थे। यहां पाकिस्तान से भी वाल्मीकि आते रहे हैं। वाल्मीकि मंदिर का कामकाज देखने वाले कृष्ण विद्यार्थी और उनके साथियों को उम्मीद थी कि ईस्ट दिल्ली का चुनाव नतीजा मील का पत्थर साबित होगा। आम आदमी पार्टी (आप) ने वाल्मीकि समाज से संबंध रखने वाले अपने दिल्ली विधानसभा के सदस्य कुलदीप कुमार को गैर-आरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाया। जाहिर है यह एक बड़ा फैसला था।

हालांकि जब 4 जून को कुलदीप कुमार की हार की खबर आई, तो कृष्ण विद्यार्थी और वाल्मीकि समाज के दिल टूट गए। एक सफाई कर्मी के पुत्र, कुलदीप कुमार का बचपन कठिनाइयों से भरा था। कुलदीप कुमार का परिवार यूपी के मोदीनगर से है। राजधानी में अधिकांश वाल्मीकि परिवार पश्चिमी उत्तर प्रदेश से या हरियाणा से आकर बसे थे। बापू, 214 दिन और बाबा साहेबः गांधी और बाबा साहेब अंबेडकर को अपना आदर्श मानने वाले कुलदीप कुमार पहले नगर निगम पार्षद बने और फिर विधायक। राजधानी के दिल में स्थित मंदिर मार्ग पर वाल्मीकि मंदिर है, जहां महात्मा गांधी 1 अप्रैल, 1946 से 10 जून, 1947 तक 214 दिनों तक रहे। देशभर के वाल्मीकि समाज के लिए यह बेहद अहम स्थान है।

महात्मा गांधी शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। गांधी जी बच्चों को पढ़ाते हुए उन्हें साफ-सुथरा रहने के महत्व को बताते थे। वे अपने उन विद्यार्थियों को फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में स्वच्छता पर ध्यान नहीं देते थे। स्वच्छता मिशन की शुरूआतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत 2 अक्तूबर, 2014 को इसी वाल्मीकि मंदिर से की थी। नरेंद्र मोदी ने वाल्मीकि बस्ती में अपने हाथों से झाड़ू लगाकर 'स्वच्छ भारत' अभियान की शुरुआत की थी, जहां पर बापू रहे थे और साफ-सफाई को लेकर बड़े-बच्चों को बताया करते थे।

पाकिस्तान के भी वाल्मीकिः वाल्मीकि मंदिर में भारत के साथ-साथ पाकिस्तान के भी वाल्मीकि और कुछ ईसाई भी पहुंचते रहे हैं कृष्ण विद्यार्थी से मिलने के लिए। ईसाई भी? पाकिस्तान के पंजाब सूबे के ईसाई समाज का अध्ययन करने वाले दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि "पाकिस्तान के पंजाब सूबे के लगभग सभी ईसाई मूल रूप से वाल्मीकि थे। वे ईसाई बनने के बाद भी ज्यादातर मामलों में सफाई कर्मी ही हैं। भारत के विपरीत, उनके पास रोजगार या शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का अभाव है। उनक जीवन में सिर्फ अंधेरा है।" दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज की स्थापना की थी।

दुर्भाग्य से पाकिस्तान में गांधी जैसा कोई मसीहा नहीं हुआ, जिन्होंने वाल्मीकि समुदाय को मैला उठाने के काम से मुक्ति दिलवाने की दिशा में सोचा हो। अगर भारत में वाल्मीकि समाज को गांधी का सहारा न मिलता तो कुलदीप कुमार जैसे नौजवान अपने पुरखों के काम को ही कर रहे होते। कहने की जरूरत नहीं है कि हिन्दू समाज के सामाजिक पिरामिड में वाल्मीकि सबसे निचले पाएदान पर माने जाते हैं। अपने घर के आसपास की किसी भी वाल्मीकि बस्ती में जाएं तो आपको मालूम चल जाएगा कि यह समाज कितनी विषम परिस्थितियों में जीने के लिए मजबूर है। ये अब भी प्रायः मैला उठाने से लेकर कचरे की सफाई के काम से ही जुड़े हैं। यह इतना महत्वपूर्ण काम भी मेहनत और तन्मयता से करते है, यह देखकर आपके मन में इनके लिए सम्मान के भाव के अतिरिक्त कुछ नहीं आ सकता।

# अयोध्या के अवधेश


ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

अयोध्या वालों को कोसना बेकार है। गैर भाजपा से जीतने वाले, अवधेश पासी भी को उन्हीं राम ने बनाया है, जिनने हम सबको बनाया है। राम पर उनका भी उतना ही अधिकार है, जितना किसी और का। संभव है, वे जन्म-जन्मांतर के किसी जीवन में राम के अति निकट रहे हों या कौन जाने इसी जीवन में राम के प्रति उनका सच्चा समर्पण और कठिन साधना रही हो जिसका उन्हें सुफल मिला है। (ध्यान-साधना नितांत व्यक्तिगत एवं गोपनीय चीजें हैं। न इनका बखान किया जाता है, न ही प्रदर्शन।)

राम की आन थी कि जो भी उनकी शरण में आता था, उसकी वे रक्षा करते थे। कहते हैं, जब रामेश्वरम का सेतु बन चुका था और लोग राम के नाम का गुणगान कर रहे थे, उसी समय रावण मंदोदरी को अपनी महिमा दिखाने के लिए मंदोदरी को लेकर समुद्र तट पर आया। उसने एक पत्थर उठाया, उसे मुंह तक ले जाकर कुछ कहा और फिर जब उसे समुद्र में छोड़ा, तो वह पत्थर भी तैरने लगा। मंदोदरी ने यह देखा, तो उसने अतीव विस्मित होकर कहा, "नाथ! आपने कौन सा मंत्र पढ़ा था कि यह पत्थर तैरने लगा।" रावण ने कहा, "मैंने पत्थर के कान में कोई मंत्र नहीं पढ़ा था, बस यह कहा था कि राम यदि तुम्हारा नाम सच्चा है तो तुम्हें अपने नाम की सौगंध है, यह पत्थर भी डूबे नहीं, तैरने लगे।"

संभव है, अवधेश ने भी राम को सच्चे मन से ध्यान कर कुछ ऐसा ही किया हो। फिर एक बड़ी बात यह भी कि दोनों ही अवधेश ठहरे। दाता भी अवधेश और याचक भी अवधेश। राम को कोल, किरात, भील, पासी वैसे भी अधिक प्रिय रहे हैं। ऐसे में एक अवधेश की सहायता दूसरा अवधेश नहीं करता, तो कौन करता।

# बीएड प्रवेश परीक्षा कल, सात केंद्रों पर शामिल होंगे 3412 परीक्षार्थी

## डीएम ने स्टैटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा केंद्र प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता, प्रत्तापगढ़

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड को लेकर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय सभागार में स्टैटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा केंद्र प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक की। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए।

डीएम संजीव रंजन ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड का बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा कराया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा नौ जून को दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह नौ से 12 और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी। पहली पाली में हिंदी व अंग्रेजी भाषा की परीक्षा होगी। वहीं दूसरी पाली में कला, विज्ञान वर्ग की परीक्षा संपन्न होगी। विश्वविद्यालय ने बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए सात केंद्र बनाए हैं। एमडीपीजी कॉलेज, पीबीपीजी कॉलेज सिटी में दो केंद्र, पीबी इंटर कॉलेज सिटी, राजकीय इंटर कॉलेज, केपी कॉलेज और पीजी कॉलेज पट्टी में केंद्र बनाए गए। जिसमें 3412 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा केन्द्रों पर 07 स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं 04 परीक्षा केन्द्र प्रतिनिधियों की ड्यूटी लगायी गयी है। डीएम ने बैठक में स्टैटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा केन्द्र के प्रतिनिधियों व प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड को सकुशल सम्पन्न करायें, किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये।

अभ्यर्थियों की सघन तलाशी करायी जाये, परीक्षा केन्द्रों पर नामित अधिकारी/अध्यापक अपना आईडी कार्ड साथ में रखें। परीक्षा केन्द्रों पर सभी प्रकार की व्यवस्था पहले से ही पूर्ण कर ली जाये जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। कोषागार से प्रश्न पत्रों को समय से प्राप्त कर परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध करा दिये जाये जिससे समय से परीक्षा प्रारम्भ की जा सके। परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी की निगरानी करते रहे यदि किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नकल करते हुये पाया जाये तो आवश्यक कार्यवाही की जाये। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह,डीआईओएस सरदार सिंह,प्रो. प्रदीप कुमार सिंह,डॉ. राजीव कुमार सिंह,कुलश्रेष्ठ तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



बीएड प्रवेश परीक्षा के सम्बन्ध में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते डीएम संजीव रंजन।

> बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रत्येक कक्ष में दो कक्ष निरीक्षकों को तैनात किया जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी कर लिया गया है।नकल विहीन और सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी।
>
> –प्रो .अखिलेश पाण्डेय
> परीक्षा नोडल/ प्राचार्य पीजी कालेज पट्टी,प्रतापगढ़

# प्रधानों ने बुलंद की हक की आवाज, सौंपा ज्ञापन



गौरा ब्लाक पहुंचे ग्राम प्रधानों ने बीडीओ को सौंपा सीएम को सम्बोधित ज्ञापन।

संवाददाता, गौरा/रानीगंज, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय प्रधान संघ के आह्वान पर गौरा ब्लाक के ग्राम प्रधानों ने अपने हक की आवाज बुलंद की। ग्राम प्रधान संघ गौरा के संयोजन में विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। मांगपत्र के द्वारा प्रधानों ने अपनी मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग किया।

गौरा ब्लॉक के ग्राम प्रधान शुक्रवार को ब्लाक कार्यालय पहुंचे। बीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मिलकर विभिन्न मांगों से संबंधित मुख्यमंत्री को संबोधित सामूहिक ज्ञापन सौंपा। जिसमें सहायक सचिव कम डाटा एंट्री ऑपरेटर, शौचालय केयरटेकर का मानदेय अलग से दिलाए जाने, रजिस्टर्ड डिप्लोमा अथवा जनपद में नियुक्त किसी भी तकनीकी सहायक से एस्टीमेट बनवाने में छूट देने, बिना शपथ के जांच न करने व शिकायत झूठी मिलने पर शिकायतकर्ता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने, प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति प्रमाणन व निलंबन की सभी सेवाओं को पंचायत में पंचायत को पूर्ण अधिकार देने सहित मांग शामिल है। इस दौरान प्रधान संघ गौरा की अध्यक्ष सोनिका घनश्याम कश्यप, ललिता,राकेश कुमार, निजाम अली ,रीता, अनुज यादव ,मदन यादव, कौशलेंद्र पाल हरीलाल बिंद ,आरती, मदीना, नजमा बानो सहित प्रधानगण मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** बाजार से बुलेट बाइक से घर जा रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली देहात के महकनी गांव निवासी 55 वर्षीय निशाकान्त मिश्र बुलेट बाइक से कटरामेदनीगंज चौराहे पर आए थे। शाम करीब सात बजे वह वापस घर जा रहे थे रायबरेली–जौनपुर हाईवे पर घर से पहुंचने से पहले ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। घायल अवस्था में गिरे देख लोगों ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पहुंचे घर वाले आनन–फानन में राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने निशाकांत को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजन बिलखने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ कोतवाली देहात विनीत उपाध्याय ने बताया कि वाहन की खोजबीन की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### किशोर को अगवा कर पीटा

**संवाददाता, पट्टी प्रतापगढ़, अमृत विचार :** कुकुवार पट्टी की निर्मला देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की शाम उसका 15 वर्षीय बेटा नितिन यादव शौच के लिए घर से कुछ दूर पर गया था। वहां पर पहले से मौजूद अज्ञात व्यक्तियों ने उसे अगवा कर लिया। उसे मारा पीटा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शुक्रवार को घायल अवस्था में उसे पट्टी कस्बे के ढकवा मोड़ पर छोड़कर अपहरण कर्ता भाग निकले। लोगों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

### पांच के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, झूंसी। अमृत विचार :** भूमि विवाद को लेकर गाली गलौज घर में घुसकर लाठी डंडे से मारपीट करने के आरोप में उतराव थाना क्षेत्र के बिरगापुर गांव निवासी जय मूर्ति यादव की तहरीर पर पुलिस ने परिवार के ही भारत लाल, जंग बहादुर यादव, रंग बहादुर, शेख बहादुर, दिल बहादुर समेत परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ बलवा मारपीट, जान से मारने की धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बता दें कि बृहस्पतिवार को सुबह जय मूर्ति यादव एवं भारतलाल के बीच भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई थी। जहां पर पुलिस ने जय मूर्ति यादव की तहरीर पर पांच लोगों सहित परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### झूंसी के वरेश बेल्जियम की यूनिवर्सिटी से करेंगे पीएचडी

**संवाददाता, झूंसी। अमृत विचार :** झूंसी की बसंत विहार कालोनी निवासी वरेश मिश्र का चयन बेल्जियम की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ल्यूविन में पीएचडी के लिए हुआ है। उनके पिता राजीव बनकटा पूर्व मुख्य विकास अधिकारी रहे हैं। वरेश की प्रारंभिक शिक्षा झूंसी के स्कूल से ही हुई। बाद में उन्होंने कंप्यूटर साइंस में ट्रिपलआईटी ग्वालियर से एमटेक किया। अध्ययन–अध्यापन में रुचि रखने के कारण उन्होंने ल्यूविन यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा दी थी। अब वह प्रोफ़ेसर वॉट प्रिनेल के निर्देशन में अपना शोध कार्य करेंगे। शोध कार्य करने के लिए वरेश को विश्वविद्यालय से 2560 यूरो डॉलर (दो लाख 45 हज़ार) रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। उन्होंने चयन का श्रेय अपने पिता राजीव बनकटा को दिया है।

### स्क्रूटनी के नाम पर मांगे रुपये तो दर्ज होगा केस

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की ओर से सचिव ने नया निर्देश जारी किया है। जिसमें उन्होंने साफ तौर पर डीआईओएस को जिम्मेदारी दी है कि अगर किसी भी छात्रों से स्क्रूटनी के नाम पर रुपये मांगे जाते है तो उनके खिलाफ केस दर्ज कराया जाए। इसकव साथ ही छात्रों को भी चेताया गया है। प्रयागराज में स्क्रूटनी के नाम पर फर्जीवाड़ा केंव का मामला संज्ञान में आया है। जहां सक्रिय गिरोह 10वीं और 12वीं के छात्रों व उनके परिजनों को अपने जाल में फंसा के रुपये ऐंठ रहे है। यह हिरोह उन्ही को अपना शिकार बना रहे है जिनका नंबर कम आया है। यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने यह जानकारी देते हुए छात्रों और उनके परिजनों को सचेत किया है कि स्क्रूटनी के नाम किसी की कॉल आये तो तत्काल सूचना करे। शिकायत आने पर डीआईओएस इस मामले में मुकदमा दर्ज करायेंगे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने यूपी के सभी जिलों के डीआईओएस को पत्र व्यवहार भी किया है।

### पूर्व सांसद से व्यापारियों ने की पीडीए की शिकायत

**संवाददाता, नैनी, अमृत विचार :** नैनी में सड़क चौड़ीकरण कार्य में हो रही मनमानी की शिकायत व्यापारियों ने शुक्रवार को पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह से उनके आवास पर जाकर की। गुरुवार को पीडीए के दस्ते ने नैनी के जेल रोड पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की थी। इस दौरान व्यापारियों ने मनमानी का आरोप लगाते हुए विरोध किया था। व्यापारियों का नेतृत्व कर रहे पूर्व सभासद विनय जायसवाल बाबा ने पूर्व सांसद को आरोप लगाते हुए बताया कि नैनी डाकखाना से जेल रोड चौराहा तक नाडा का निर्माण कार्य बीच सड़क से नाप ना कराकर एक पक्ष के लोगों को दबाया जा रहा है। हनुमान नगर में भी मानक के विपरीत निर्माण कार्य जा रहा है। इसके अलावा रामलीला मैदान की बाउंड्री भी मनमाने तरीके से तोड़ी गई है। इस अवसर पर नैनी के कई व्यापारी मौजूद रहे।

### मूट कोर्ट प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय के आदेश पर शुक्रवार को जनपद के विभिन्न छात्र–छात्राओं के द्वारा समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद के इलाहाबाद विधि विद्यालय के छात्र–छात्राओं में शुभम द्विवेदी, सुमित कुमार, शिवम मिश्रा, शिवम सिंह, हर्ष त्रिपाठी, हर्षिता त्रिपाठी, वैभव श्रीवास्तव, श्रेया मिश्रा सांगवी सिंह, शांतनु सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। विजेता टीम को व समस्त प्रतिभागियों को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की। यह जानकारी दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की गई।

### 17 केंद्रों पर होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देश के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार की उपस्थिति में बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जनपद में कुल 17 केंद्रों पर बीएड की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसको लेकर अधिकारियों के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी। जनपद में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए 09 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 17 स्टैटिक और 34 आब्जर्वर तैनात किए जाएंगे। नगर मजिस्ट्रेट ने चेतावनी देते हुए कहा कि गड़बड़ी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र प्रात : 09 .00 बजे से 12 .00 बजे तक एवं अपरान्ह 02 .00 बजे से 05 .00 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा में कुल 8237 परीक्षार्थी भाग लेंगे। इस अवसर पर बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि विजय कुमार वर्मा, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो . शम्भूराम (प्राचार्य आरएसकेडी पीजी कालेज जौनपुर, अमृतलाल पूर्वांचल विश्वविद्यालय, डा . राकेश कुमार पाण्डेय, शैलेन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### आश्रम पद्धति विद्यालयों में 1.38 करोड़ का घोटाला

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालयों में 1.38 करोड़ का बड़ा धांधली सामने आई है। राज्य विशेष अनुसंधान दल (एसएसआइटी) की जांच में इसका खुलासा शुक्रवार को हुआ है। इस जांच के बाद मौजूदा जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य भी मामले में दोषी पाये गये हैं।मालूम हो कि प्रयागराज में चार विद्यालयों में भोजन का प्रबंध ग्रामीण विकास सेवा संस्थान अलीग नाम की संस्था चला रही थी। संस्था के साथ किए गए लेन–देन में प्रधानाचार्य व जिला समाज कल्याण अधिकारी दोषी पाए गये। एसएसआइटी के रिपोर्ट मांगने पर विद्यालय से लेन–देने से जुड़े दस्तावेजों को गायब कर दिया गया। 23 जून 2023 को प्रयागराज के नवाबगंज थाने में तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र कुमार सिंह ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद जांच में यह बात सामने आई थी कि रेनू सिंह ने नियम के अनुरूप आवासीय भत्ता लिया था। इतना ही नहीं अन्य कई विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाचार्य अमित कुमार शुक्ला, छोटेलाल, जीतलाल पटेल के अलावा चारों विद्यालयों के पटल सहायकों व विद्यालयों में विभिन्न सामग्री की आपूर्ति करने वाली संस्थाओं के साथ मिलीभगत कर 1.38 करोड़ रुपये का घोटाला किया था। जिसके बाद एसएसआइटी ने आरोपित प्रवीण कुमार सिंह, रेनू सिंह, अमित कुमार शुक्ला, छोटेलाल व जीतलाल पटेल समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### पठारी क्षेत्र में पानी का संकट गहराया

**संवाददाता, बारा/नैनी, अमृत विचार :** पठारी क्षेत्र में मई, जून की भीषण गर्मी में अब हैंडपम्प पानी की जगह हवा उगल रहे हैं। कुएं, तालाब सब सूखने के कगार पर पहुंच गए हैं। शिकायतों के बाद भी अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नारीबारी जलनिगम से पेयजल आपूर्ति न होने से क्षेत्र के नारीबारी, सुरवल, गन्ने, मवैया, कोहडिया, भारत नगर, खुझवा, लोहगरा सहित दर्जनों गांवों में लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। नागरिकों ने इस बाबत अवर अभियंता अजीत मौर्या से बात किया तो उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्र शंकरगढ़ में आपूर्ति के चलते नारीबारी क्षेत्र में आपूर्ति बन्द है। जबकि ग्रामीणों ने अवर अभियंता नगरीय श्यामबाबू पाल से बात किया तो दो घण्टे सुबह दो घण्टे शाम को नारीबारी क्षेत्र में आपूर्ति देने का आश्वासन दिया था। किन्तु कर्मचारियों की लापरवाही से दर्जनों गांवों के लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने अविलंब पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग किया है।

# आशुतोष हत्याकांड का हुआ खुलासा

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार:** लगभग महीने भर से पुलिस के नाक का सवाल बना पत्रकार के हत्यारों को गिरफ्तार करना जिसमे अब जाकर पुलिस ने राहत की सांस लेते हुए पत्रकार आशुतोष हत्याकांड का फर्दाफ़ाश कर ही दिया। हालांकि पुलिस कप्तान के दावे के हिसाब से पर्दाफाश करने में दिए गए वक्त से कई गुना वक्त लग गया।

कोतवाली पुलिस के अनुसार शुक्रवार की अलसुबह मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ठाकुर, कांस्टेबल ज्ञान प्रकाश सिंह, नीरज कन्नौजिया, राकेश कुमार गुप्ता की टीम ने क्षेत्र के मलमला पुलिया से अपाचे सवार इनामी बदमाश नीतीश राय पुत्र सत्येंद्र राय निवासी बछउर थाना जीयनपुर आज़मगढ़ को घेरा बन्दी कर गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली लाकर पूछताछ करने पर उक्त बदमाश पत्रकार आशुतोष हत्याकांड का शूटर निकला जो जरायम की दुनियां में अपना नाम बनाने के लिए इस पेशे में आया था। कोतवाली पुलिस की पूछताछ पर उसने सारी सच्चाई उगल दी। नीतीश राय ने बताया की आशुतोष श्रीवास्तव की सुपारी प्लाटर सिकन्दर आलम नाम के व्यक्ति द्वारा दी गयी थी। जिसकी बात जेल में बंद ग्राम रसूलपुर थाना शाहगंज निवासी मो. हासिम के जरिये हुई थी। सुपारी की 50 हजार रुपये मिल गए थे शेष रकम बाकी थी। नीतीश राय ने पुलिस को बताया की 13/5/24 घटना वाले दिन इसी बाइक को मैं चला रहा था तभी रास्ते मे प्रिंश भय्या ने बताया की जमीन प्लाटिंग को लेकर आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या करना है। उसने बताया की एक बुलेट आएगी जिसपर सुर्दशन न्यूज़ लिखा होगा उसी आदमी का पीछा कर उसकी हत्या करना है और इमरानगंज बाज़ार में बताए गए आदमी आशुतोष श्रीवास्तव के बुलेट को ओवरटेक कर मेरे पीछे बैठे प्रशांत सिंह, प्रिंश भय्या ने आशुतोष श्रीवास्तव पर गोलियां चला कर छलनी कर दिया और मैं बाइक पर प्रिंश भइया को लेकर मौके से फरार गए। और घटना के बाद आसपास में ही आउटर में छिपकर रहने लगे। नीतीश राय ने आगे बताया की जब मुझे प्रिंश भईया के एनकाउंटर में मौत की जानकारी हुई थी तो मैं उसी सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकल जो चोरी की थी से प्रिंश भईया के घरवालों से मिलने जा रहा था।तभी आप लोगों (पुलिस) ने पकड़ लिया।

# ग्राम प्रधान की गला रेतकर हत्या

- कार में मिला रक्त रंजित शव,जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** ग्राम प्रधान की गला रेत कर हत्या कर दी गई। ग्राम प्रधान का रक्त रंजित शव उनकी कार में मिला तो इलाके में खलबली मच गई।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। मौत की खबर से प्रधान के परिजन बेहाल हैं।

महेशगंज थाना क्षेत्र के डिहवा जलालपुर गांव निवासी 40 वर्षीय करुणेश कुमार उर्फ मम्मन पुत्र हरिकेश बहादुर सिंह ग्राम प्रधान थे। उनकी कार शुक्रवार की शाम कुंडा कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर जमेठी मार्ग पर अवसान देवी धाम जाने वाले रास्ते पर बाग में खड़ी थी। जिसमें से खून टपक रहा था,यह देख बाग में आम तोड़वा रहे बागवान ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने खून टपकते देखा तो डर गए और सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कुंडा कोतवाल सत्येंद्र सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। कार का शीशा तोड़कर देखा तो पिछली सीट पर ग्राम प्रधान पड़े थे,उन्हें बाहर निकाला। पुलिस उन्हें लेकर सीएचसी कुंडा पहुंची। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उनके गले पर धारदार हथियार के निशान बने हुए थे। मौत की खबर मिलते ही बिलखते हुए परिजन मौके पर पहुंचे। जानकारी मिलते ही सीओ कुंडा अजीत सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अजीत सिंह ने बताया कि मौके से एक धारदार हथियार बरामद किया गया है। विभिन्न पहलुओं पर जांच के साथ परिजनों से पूछताछ की जा रही है।





इसी कार में मिला था ग्राम प्रधान का रक्त रंजित शव एवं करुणेश कुमार (फाइल फोटो)

# ईवीएम वेयर हाउस पर खाकी का पहरा

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को पूरी होने के बाद ईवीएम को वेयर हाउस में जमा करा दिया गया है। कक्ष को सील कर दिया गया है। इसकी सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। 24 घंटे खाकी की नजर रहेगी। सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी हो रही है। प्रतापगढ़ संसदीय सीट और कौशांबी लोकसभा के बाबागंज और कुंडा विधानसभा में मतदान कराने के लिए 11 हजार 49 ईवीएम की व्यवस्था की गई थी। इसमें चार हजार 87 बैलेट यूनिट, तीन हजार 391 कंट्रोल यूनिट और तीन हजार 571 वीवीपैट से मतदान कराया गया था। प्रतापगढ़ लोकसभा के सभी बूथों पर दो-दो ईवीएम की व्यवस्था की गई थी। लोकसभा चुनाव में 26 प्रत्याशियों के होने से प्रत्येक बूथों पर एक-एक ईवीएम बढ़ाई गई थी। मतदान के बाद इन सभी मशीनों को महुली मंडी में जमा कराया गया था।

# अवैध रूप से प्लाटिंग पर लगे रोक : मंडलायुक्त

संवाददाता, मिर्जापुर।

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. की अध्यक्षता में आयुक्त कैम्प कार्यालय के सभागार में विन्ध्य विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक कर नगर व उसके आस पास प्रस्तावित महायोजना के प्रस्ताव पर बोर्ड के सदस्यों की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा की गयी।

विन्ध्य विकास प्राधिकरण में अब तक कुल शामिल 68 गांव के अलावा महायोजना के अन्तर्गत 308 गांव और शामिल किये जाने पर मण्डलायुक्त की उपस्थिति में चर्चा की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि जनपद में विकास प्राधिकरण सीमान्तर्गत अथवा जहां भी विभिन्न बिल्डरों के द्वारा प्लाटिंग कर कालोनियां बनायी जा रही है, ऐसे अवैध ढंग से प्लाटिंग व कालोनियां पर अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी कालोनियां विकसित की जाए वह विन्ध्य विकास प्राधिकरण के मानक के अनुसार हो तथा सभी कालोनियों के नक्शा आदि प्राधिकरण के पास कराया जाए। उन्होंने कहा कि नई बसायी जाने वाली कालोनियों में सड़क, पार्क, नाली सहित बुनियादी सुविधाए उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि निर्माणाधीन विन्ध्य विश्वविद्यालय के आस पास कार्य योजना बनाकर विकास कराया जाए ताकि एक मिनी शहर की तरह उसका रूवरूप दिया जा सकें। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मण्डलायुक्त को बताया कि महायोजना के अन्तर्गत गंगा नदी के कटान को रोकने के दृष्टिगत एवं गंगा किनारे बसावट बस्तियो से आने वाले नाले, नालियो के पानी को रोकने के उद्देश्य से भटौली घाट से लेकर विन्ध्याचल तक गंगा के किनारे 20 मीटर चौड़ाई सड़क मार्ग (रिवर फ्रंट मार्ग) प्रस्तावित किया गया है, इस मार्ग के गंगा के किनारे की तरफ मजबूत दीवार बनाकर कटान को रोकने तथा बीच-बीच में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनाये जाने का भी प्रस्ताव शामिल हैं। प्रस्तावित महोयाजना के तहत स्मार्ट सिटी, औद्योगिक क्षेत्र, मेडिकल कालेज तथा विन्ध्य विश्वविद्यालय को ध्यान में रखते हुये प्रस्ताव बनाये गये हैं।



आयुक्त कैम्प कार्यालय के सभागार में बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

# अयोध्यावासियों को कहे जा रहे अपशब्द पीड़ाजनक : प्रमोद

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जारी किया बयान
- बोले-स्टाक मार्केट में 30 लाख करोड़ के घोटाले की जेपीसी से हो जांच

संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने स्टाक मार्केट के शेयरों के उतार चढ़ाव में 30 लाख करोड रूपये के बड़े घोटाले के आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराए जाने की मांग की है। कहा कि इस शेयर घोटाले की जेपीसी से जांच कराए जाने को लेकर कांग्रेस आने वाले संसद के सत्र में पूरी ताकत एवं शक्ति के साथ इस प्रकरण को उठायेगी। अब तक प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री की चुप्पी से भी यह साबित हो रहा है कि पीएम मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह बड़े सवाल के घेरे में है।

उन्होंने कहा कि ज्यादातर एक्जिट पोल से स्टाक मार्केट शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल आया। इसके बाद अचानक गिर गया। इन घटनाचक्र के चलते ही स्टाक मार्केट शेयर बाजार में तीस लाख करोड़ रूपये निवेशकों के डूब गये। अयोध्या नतीजे को लेकर भाजपा प्रत्याशी को मिली हार के बाद पिछले 48 घंटों में भाजपा के कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से अयोध्यावासियों को कहे जा रहे अपशब्द को अत्यन्त पीड़ाजनक एवं निन्दनीय ठहराया है। कहा कि साबित हो गया है कि भाजपा की श्रद्धा भगवान श्रीराम में नही है,बल्कि उनकी श्रद्धा भगवान श्रीराम के नाम पर सहारा लेकर सत्ता प्राप्ति मात्र में है। उक्त विज्ञप्ति मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल द्वारा जारी की गई।



प्रमोद तिवारी (राज्यसभा सदस्य)

# भाजपा की हार का खुलने लगा राज, नंदी के बूथ पर फेल हुई भाजपा की टीम

- मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में कांग्रेस व सपा ने मारी बाजी
- अर्श से फर्श तक की लड़ाई में धड़ाम हो गयी बसपा
- बूथ संख्या 210 पर कांग्रेस को मिले 362 मत

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद की सीट पर भाजपा के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी अपने अथक प्रयासों के बाद भी कमल नही खिला सके। कमल न खिलने का सबसे बड़ा कारण यह भी सामने आया है कि नीरज त्रिपाठी इस राजनिति के युद्ध में नए योद्धा थे। इसके अलावा उनके साथ चलने वाले भाजपा नेताओ ने भी उनके साथ भितर घात किया है। जिसकी वह से इस अखाड़े में उन्हें हार देखने पड़ी। जिसका लाभ सपा से कांग्रेस में आये दिग्गज नेता उज्ज्वल रमण सिंह को 40 साल बाद इलाहाबाद की सीट पर जीत मिल सकी।

लोकसभा चुनाव के बाद अब सीएम योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रियों के साथ बैठक कर समीक्षा कर रहे है। जिसमें सबसे बड़ी कमी कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की सामने आये है। नीरज त्रिपाठी के चुनाव में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व उनकी पत्नी पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता के बूथ पर आखिर भाजपा अपना कमल क्यों नही खिला सकी। आंकड़ों और समीक्षा की बात करे तो नंदी का बूथ बहादुरगंज स्थित ठाकुरदीन का हाता बूथ संख्या 210 है। जहां पर कांग्रेस को कुल 362 वोट मिले जबकि भाजपा को मंत्री के बूथ पर सिर्फ 105 वोट ही नसीब हुआ।

### नंदी के विधान सभा क्षेत्र में सिमट गयी भाजपा

मंत्री नंदी की बात करें तो उनके विधानसभा क्षेत्र में कई बूथों पर भाजपा सिमट कर रह गयी। वहीं कांग्रेस को 300 ने 400 हंसिल किया। करैली में कांग्रेस में वर्चश्व, मिले 1521 वोट, भाजपा सिर्फ 69शहर दक्षिणी की बात करें तो मंत्री का करेली बूथ मुस्लिम बाहुल्य रहा है। जहां कांग्रेस हावी रही। कांग्रेस को 1521 वोट मिले, जबकि भाजपा को सिर्फ 69 वोट मिल सके। वही दरियाबाद में कांग्रेस को 2332 और भाजपा के खाते में 653 वोट आया। इसी तरह से नखास कोहना में कांग्रेस को 2491 और भाजपा को महज 1074 वोट, तुलसीपुर में कांग्रेस को 1289 व भाजपा को 685 वोट, मीरापुर में कांग्रेस को 3330 व भाजपा को 445 वोट, 685 वोट, मीरापुर में कांग्रेस को 3330 व भाजपा को 445 वोट, मीरापुर–2 में कांग्रेस को 1049 व भाजपा को 5701 वोट मिले। नखास कोहना के बूथ संख्या 9 पर कांग्रेस को 476 तो भाजपा को 20 वोट ही मिल सके। इसी तरह तमाम बूथ हैं। जहां पर भाजपा कम वोट से हार गयी।

### प्रवीण पटेल को अपनी विस में नही मिला वोट

फूलपुर सीट इस बीजेपी प्रत्याशी प्रवीण पटेल भाजपा से सांसद तो बन गये, लेकिन अगर विधानसभा की बात करें तो वह अपनी ही विधानसभा में वोट नही निकाल सके। प्रवीण पटेल 2022 के विधानसभा चुनाव में जीते थे और विधायक चुने गए । लेकिन इस बार सपा से बहुत ही कम अंतर पर वोट पाकर जीत हांसिल कर सके।

### शहर पश्चिमी व उत्तरी से मिला बंपर वोट

फूलपुर संसदीय क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा हैं। जिसमें तीन विधानसभा सीट पर प्रवीण पटेल अमरनाथ मौर्य से कम वोट पाकर हार गये। वहीं शहर उत्तरी और पश्चिमी से उन्हें बंपर वोट मिला। जिसकी वजह से प्रवीण पटेल जीतकर सांसद बन गये। उन्हें शहरी उत्तरी में 91440 और अमरनाथ को 61735 वोट मिला। जबकि पश्चिमी से प्रवीण को 106414 और अमरनाथ को 91629 वोट मिला। दोनों विधानसभाओं में सपा साफ हो गई। गौर करने की बात है कि शहर उत्तरी से भाजपा के हर्षवर्धन वाजपेयी विधायक है और शहर पश्चिमी से सिद्धार्थनाथ सिंह बीजेपी के विधायक हैं।

### इलाहाबाद सहित 4 सीटों पर बसपा की जमानत जब्त

फॉर्मूला लेकर यूपी की सत्ता प्रयागराज में ब्राम्हणों के वजूद को लेकर बसपा का परचम लहराया था। चुनाव कोई भी रहा हो। यहां बहुजन समाज पार्टी हमेशा सुस्त रही है। जिसका समीकरण साफ दिखाई दिया और नतीजा यह रहा कि बसपा पूरी तरह से साफ हो गयी। बसपा के प्रत्याशी अपनी जमानत तक नही बचा सके। एक बात यही भी है कि कभी बहुजन समाज पार्टी का प्रयागराज मंडल में रसूख रहा है। 2007 में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मंडल के इलाहाबाद, फूलपुर, कौशाम्बी और प्रतापगढ़ लोकसभा सीट पर 2024 में जमानत भी नहीं सके पाई। हलांकि यह कोई पहली बार नही हुआ है। इससे पहले भी बसपा का प्रयास असफल रहा है। जिले के चारों सीटों की बात करें तो फूलपुर में बसपा प्रत्याशी जगन्नाथ पाल ही 82586 वोट पा सके है। जबकि प्रतापगढ़ में प्रथमेश मिश्र 80144, कौशाम्बी में शुभनारायण 55858 और इलाहाबाद में रमेश कुमार पटेल ने 49144 वोट हांसिल किये है। जबकि इतना वोट मायने नही रखता है। इतने वोट में भी यह यह जमानत नहीं बचा पाये।

## एक नजर

### राहगीरों को पिलाया गया शरबत

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के समरथपुर स्थित दुल्हन भवानी मंदिर पर हर सोमवार, शुक्रवार को मेला लगता है। गर्मी को देखते हुए समरथपुर वासियों द्वारा शुक्रवार को मंदिर के सामने शरबत वितरण का कार्यक्रम किया गया। यहां राहगीरों, दर्शनार्थियों को शरबत पिलाया गया। यहां सहयोग में तिलकराम यादव, विनोद कुमार, प्रवेश पांडेय, राधेश्याम विश्वकर्मा, शिवराम, साई, वेदप्रकाश, शिवा, ऋतिक, घंटी अग्रहरि, संजय आदि का विशेष सहयोग रहा।

### घर में घुसकर महिला को पीटा, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली के कूही डडीया गांव की उमा पत्नी फिरतू का शुक्रवार की सुबह विपक्षियों से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विपक्षियों ने उसे समय उमा को घर में घुसकर लाठी डंडों से मारा पीटा। जब वह अपने घर में खाना बना रही थी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राजेश ,युवराज, रानी एवं पूजा के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है

### चिकित्सा कैंप में लगाया गया पशुओं को टीका

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** एक मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के तत्वाधान में शुक्रवार को विकास खंड बल्दीराय क्षेत्र के उमरा गांव में पशु चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों के नेतृत्व में पशु चिकित्सा संबंधित कैंप लगाकर स्थानीय किसानों के पशुओं को वैक्सीन लगाई गई एवं निशुल्क इलाज किया गया।

### शिक्षक चन्द्रपाल को मिला पर्यावरण योद्धा सम्मान

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पर्यावरण के प्रति सक्रियता को देखते हुए शांति फाउंडेशन गोंडा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आर्टिस्ट, लेखक,शिक्षक चन्द्रपाल राजभर को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया।

# नए शासनादेश के खिलाफ प्रधानों में गुस्सा, पहुंचे कलेक्ट्रेट

## जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, शासनादेश वापस न हुआ तो भूख हड़ताल की दी चेतावनी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** पंचायती राज विभाग के एक शासनादेश ने प्रधानों की मुश्किल बढ़ा दी है। शासनादेश में पंचायत सहायक को भुगतान की जिम्मेदारी सौंप दी गई हैं। जिससे जिले के प्रधानों में आक्रोश है। शुक्रवार को दर्जनों की संख्या में प्रधान कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां पर सीएम को संबोधित एक ज्ञापन प्रधानों के एक प्रतिनिधि मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार को सौंपा है। शासनादेश में बदलाव न किए जाने की स्थिति में भूख हड़ताल की चेतावनी दी गई है।

शुक्रवार को जिले के प्रधान व प्रधान प्रतिनिध तिकोनिया पार्क में बैठक कर पंचायती राज विभाग के शासनादेश का विरोध किया। इसके बाद बाद सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को देने कलेक्ट्रेट पहुंच गए। डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना की न मौजूदगी में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार ने प्रधानों का ज्ञापन लिया। प्रधानों का आरोप है जिन पंचायत सहायकों को भुगतान के लिए अधिकृत किया जा रहा है वह संविदा पर नियुक्त है। जिनका कार्यकाल एक साल से तीन साल तक का ही है। ऐसे में भुगतान के लिए उन्हें अधिकृत किया जाना न्याय संगत नहीं है। जबकि, पहले भुगतान प्रधान व ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा किया जाता था। ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत से निर्वाचित तो सचिव सरकारी कर्मचारी होता है। दोनों महत्वपूर्ण व्यक्तियों के होते हुए ग्राम पंचायत के भुगतान में पंचायत सहायक जो कि संविदा पर एक नियत अवधि के लिए होता है, उसको शामिल करना प्रधानों के सम्मान को ठेस पहुंचाना है। साथ ही पंचायती राज अधिनियम के तहत प्रधानों का हनन करना है। प्रधानों ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि जारी शासनादेश बदला जाए, अन्यथा हम प्रधान सभी भुगतान पर रोक लगाते हुए अनिश्चितकालीन धरने के लिए बाध्य होंगे, इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।


शासनादेश के विरोध में ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रधान। अमृत विचार

### क्या है पंचायती राज का शासनादेश

पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने शासनादेश जारी कर सभी डीपीआरओ को निर्देशित किया था कि ग्राम पंचायत के सभी भुगतान पंचायत के कंप्यूटर से किया जाय। साथ ही ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर योजनाओं को अपलोड कर वर्क आईडी जनरेट कर ही भुगतान किए जाय। पोर्टल पर नवीन फंक्शन अपडेट हुए है, जिससे बाउचर बनाते समय सभी डिटेल डिटेल स्वत: अपडेट हो जायेगी। पंचायत सहायक के एप पर ऑनलाइन उपस्थिति, जियो टैगिंग व पंचायत सहायक के चेहरे से रजिस्टर्ड कर उसके पंजीकृत मोबाइल से सभी भुगतान ग्राम पंचायत के कंप्यूटर से किए जायेंगे। सभी डीपीआरओ को निर्देशित किया गया था कि पंचायतों के कंप्यूटर में पंचायत गेटवे पोर्टल अपडेट कर भुगतान किया जाय। इसका जल्द ही प्रशिक्षण सेवा प्रदाता कंपनियों द्वारा दिया जायेगा।

### कौन बने हैं पंचायत सहायक

ग्राम पंचायत के प्रधानों के चुनाव के बाद सभी ग्राम पंचायत में एक पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई थी। पंचायत सहायकों की नियुक्ति ग्राम प्रधान की सीट के आधार पर इंटरमीडिएट की मेरिट के आधार पर की गई थी। जिनकी नियुक्ति संविदा पर मानदेय के साथ एक निश्चित अवधि न्यूनतम एक से अधिकतम तीन साल तक के लिए की गई थी। पहले इसका कार्य ग्राम पंचायतों में बने मिनी सचिवालय में कंप्यूटर पर कार्य करने के लिए की गई थी। प्रधानों ने बताया कि अधिकतर पंचायत सहायक को कंप्यूटर का भी ज्ञान नहीं है।

# सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

## हाईवे का डिवाइडर तोड़कर स्कार्पियो ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार बेकाबू स्कार्पियो वाहन ने लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर लंभुआ के बाईपास पर डकाही के पास डिवाइडर तोड़कर दूसरी पटरी पर आ रही ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में ई रिक्शा पर सवार एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि, दो अन्य ने मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए कार्रवाई शुरू की है।

घटना लखनऊ वाराणसी राजमार्ग के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के डकाही बाईपास की है। शुक्रवार की सुबह बिना नंबर का एक ई रिक्शा सवारी लेकर जा रहा था। इसी बीच बिना नंबर की एक अनियंत्रित व तेज़ रफ्तार स्कार्पियो डिवाइडर तोड़ते हुए ई रिक्शा में ठोकर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा में बैठे एक बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं चालक सहित दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी लंभुआ भेजा। जहां मौजूद चिकित्सकों ने दोनो की गम्भीर देखते हुए मेडिकल कालेज भेजा। जहां इलाज के दौरान चालक व दुसरे घायल ने दम तोड़ दिया।

मृतक बुर्जुग की शिनाख्त गुरुदीन निषाद (62) निवासी वजूपुर पखरौली कोतवाली देहात व चालक की शिनाख्त राजेश कुमार (38) पुत्र वंशी निवासी ढाकापुर कोतवाली चांदा के रुप में हुई। वहीं तीसरे बुर्जुग साधु (65) निवासी सूर्यभान पट्टी थाना लंभुआ के रूप में हुई।


घटना स्थल पर खड़ा क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा व मौके पर मौजूद भीड़। अमृत विचार

> दोनों वाहनों को कब्जे में लिया गया है। तीनों मृतकों की पहचान हो गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अन्य कार्रवाई की जा रही है। -**अखंड देव मिश्र,** एसएचओ लंभुआ

### हाईवे पर दौड़ रहे ई रिक्शो लगातार हो रहे हादसे

परिवहन व पुलिस विभाग की उदासीनता के चलते रोक के बावजूद हाइवे पर लगातार ई रिक्शा दौड़ रहे हैं। जो आए दिन दुर्घटना के सबब बन रहे हैं। परिवहन विभाग ने बीते दिनों कोतवाली देहात के हादसे भी सबक नहीं लिया, शुक्रवार को एक बड़े हादसे ने फिर से विभाग की कलई खोल दी। एआरटीओ नंद कुमार से कई बार प्रयास के बावजूद संपर्क नहीं हो सका।

# फिर कोर्ट नहीं पहुंचे राहुल, 18 को सुनवाई

## राहुल के अधिवक्ता ने दिया अस्वस्थता का प्रार्थना पत्र

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। बचाव पक्ष राहुल गांधी की अस्वस्थ होने के कारण मौके व हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र एमपी-एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दिया।

वहीं इसी मामले में कोतवाली नगर घरहां कलां डिहवा निवासी रामप्रताप पुत्र रामनेवाज ने इसी मामले में पक्षकार बनने का प्रार्थना पत्र कोर्ट में दिया। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने पक्षकार बनाने का प्रार्थना पत्र रिसीव करते हुए विरोध जताया। पक्षकार बनाने के प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने 18 जून की तारीख नियत की है।

कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है जिसमें शुक्रवार को उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी।

### किशोरी से दुराचार के दोषी को 10 साल की कैद

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाना क्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व शौच के लिए गई किशोरी से दुराचार करने के दोषी करमजीत यादव को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को 10 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए अर्थदंड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है। एडीजीसी सीएल द्विवेदी के मुताबिक 7 फरवरी 2020 को शौच के लिए किशोरी के साथ आरोपी ने दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया। किशोरी के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गए गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर दोषी करमजीत को कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव की अदालत से दोषियों को उनके अपराध के अनुसार उनकी करनी की सजा व निर्दोषों को बरी करने का सिलसिला लगातार चल रहा है जिसके कारण यौन अपराध करने वाले अपराधियों को कानून के प्रति खौफ बना है।

# कुलपति के निरीक्षण में नकलविहीन मिली परीक्षा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने शुक्रवार को अपनी टीम के साथ शहर के तीनों एडेड महाविद्यालयों का प्रथम पाली में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कोई भी नकलची नहीं मिला।

उनके साथ आए कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र व परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने परीक्षा प्रणाली के हर पहलुओं का गहन निरीक्षण व परीक्षण किया। कुलपति ने सबसे पहले कमला नेहरू स्वायत्तशासी संस्थान को चेक किया। संस्थान की व्यवस्था से संतुष्ट होने के बाद उन्होंने प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार सिंह की तारीफ की। कमला नेहरू स्वायत्तशासी संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालयीय परीक्षा का प्रथम पाली में विज्ञान संकाय में शुरु थी। 7.30 बजे कुलपति अधिकारियों के साथ पहुंचीं। उन्होंने प्रत्येक परीक्षा कक्षों का सघन निरीक्षण किया। कुलपति ने संस्थान प्राचार्य से परीक्षा संबंधित कुछ पक्षों यथा नोडल केन्द्र व्यवस्था, परीक्षा नियंत्रण कक्ष, कक्ष परिप्रेक्षण, सहायक केन्द्राध्यक्षों की कार्यवृत्ति एवं आंतरिक सचल दल की सामयिक भूमिका आदि की जानकारी ली। प्राचार्य ने उन्हें बताया कि तीनों पालियों में मेरी उपस्थिति में सभी सचल दल सदस्यों की ओर से द्वारा परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के दौरान परीक्षा भवन में प्रवेश कराया जाता है। गनपत सहाय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह राणा की उपस्थिति में कुलपति की टीम ने निरीक्षण किया।


केएनआईपीएसएस में चल रही परीक्षा का निरीक्षण करतीं कुलपति। अमृत विचार

- **कुलपति ने शहर के तीनों एडेड महाविद्यालयों का टीम के साथ लिया जायजा**

वहीं, राणा प्रताप पीजी कॉलेज में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा चल रही परीक्षा का कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल, कुलसचिव, डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ सिंह ने औचक निरीक्षण किया। प्राचार्य एवं वरिष्ठ केंद्राध्यक्ष प्रो. डीके त्रिपाठी ने सभी परीक्षा कक्ष, नोडल केंद्र, परीक्षा नियंत्रण कक्ष को दिखलाया। कुलपति , कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक राणा प्रताप कॉलेज में चल रही परीक्षा की सफल एवं शुचितापूर्ण व्यवस्था से संतुष्ट नज़र आये और विद्यार्थियों को सीट पर ही उपलब्ध कराये जा रहे शीतल जल व्यवस्था की सराहना किया। इस अवसर पर सहायक केंद्राध्यक्ष, डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. संतोष अंश, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. वीना सिंह, डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. प्रीति प्रकाश, शिवानी पाण्डेय, कर्मचारियों में विनय सिंह, रवि सिंह रणवीर सिंह, रामलाल मिश्रा, रोहित कुमार अशोक सिंह, अजय प्रताप, विष्णु पाल व राजेश शर्मा आदि परीक्षा व्यस्था में सक्रियता से उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली-94

**बाएं से दाएं**

1. जिसका संस्कार हुआ हो।

5. 1. जगमगाने की अवस्था या भाव, दमक 2. प्रकाश में होने वाली चमक, चमचमाहट।

7. 1. वनरक्षक, वनमाली, बागवान, (गार्डनर) 2. माला बनाने वाला व्यक्ति 3. बादल, मेघ 4. बहुत घने जंगलों वाला प्रदेश।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. नाज़ुक 2. जोखिम भरा 3. संकट में फंसा हुआ।

2. विभाजन करने वाला, अलग-अलग हिस्सों में बांटने वाला।

3. 1. धुआं 2. बादल 3. धूमकेतु 4. उल्कापात 5. कोहरा 6. अपच के कारण आने वाली डकार 7. एक ऋषि 8. मकान बनाने के लिए तैयार किया गया स्थान।

4. वह कागज़ जिसपर संपत्ति गिरवी रखने की शर्तें लिखी गई हों।

6. गीदड़ नामक जानवर।



### वर्ग पहेली -93 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 पु | ■ | ■ | 2 चु |
| 3 अ | व | स | रा | नु | कू | ल |
| व | ■ | ■ | भि | ■ | ■ | बु |
| पी | ■ | ■ | ले | ■ | ■ | ल |
| ड़ | ■ | ■ | खा | ■ | 4 वा | ■ |
| न | ■ | 5 ठ | गा | ठ | गी | ■ |
| ■ | 6 दी | ग | र | ■ | श | ■ |

# आठ केंद्रों पर होगी बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए आठ केन्द्र बनाए गए हैं। इसके साथ इन केंद्रों पर परीक्षार्थियों की संख्या भी निर्धारित कर दी गई है।

नोडल कमला नेहरू स्वायत्तशासी संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने बताय कि गनपत सहाय पीजी कालेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इस केंद्र पर 500 विद्यार्थियों का अलॉट किया गया है। इसके अलावा राजकीय इण्टर कॉलेज परीक्षा केंद्र में 500 विद्यार्थी, केएनआईपीएसएस फरीदीपुर कैम्पस सेंटर सी लॉ फैकल्टी केन्द्र में 500 विद्यार्थी, केएनआईपीएसएस मेन कैम्पस सेंटर ए साइंस फैकल्टी केन्द्र में 500 विद्यार्थी, केएनआईपीएसएस कैम्पस फैकल्टी केन्द्र में 500 विद्यार्थी, केएनआईपीएसएस मेन कैम्पस सेंटर डी एग्रीकल्चर फैकल्टी केन्द्र में 500 विद्यार्थी, केशकुमारी राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज केन्द्र पर 500 विद्यार्थी और महात्मा गांधी स्मारक इण्टर कॉलेज परीक्षा केन्द्र में 317 विद्यार्थी आवंटित हैं। परीक्षा में कुल 3817 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### भाजपा नेता की गिरफ्तारी मामले में एसपी को भेजा पत्र

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** 16 महीने बाद भी भाजपा नेता के विरुद्ध दर्ज एफआईआर में विवेचना समाप्त न होने पर एसीजेएम ने एसपी को पत्र भेजा है। आदेश दिया है कि मामले में पुलिस की कार्रवाई मात्र औपचारिकता ही है, इसे शीघ्र पूरी कराएं। प्रकरण कुड़वार थाने के बहमरपुर लेदई मिश्र के पुरवा का है। यहां के नीरज पांडेय ने 5 फरवरी 2023 को प्राण घातक हमले सहित कई गंभीर धाराओं में एफआईआर लिखाई थी। जिसमें रामनाथ, चंदे, अमरदीप, गुड्डू, सोहन, गिरिजा, भाजपा नेता चिरंजीव उर्फ मोंटी व उनके पिता उमादत्त आरोपित बनाये गए है। मामले में गिरफ़्तारी न होने पर अभियोगी ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया तो थाने से 16 मार्च 23 को रिपोर्ट भेजी गई कि कुछ आरोपित को नोटिस दी गई। जबकि आरोपितों के विरुद्ध गिरफ़्तारी का वारंट जारी है किन्तु कार्रवाई नहीं की गई। मजिस्ट्रेट ने आपत्ति जताई है कि ज़ब भी थाने से रिपोर्ट मांगी जाती है विवेचक द्वारा यही लिखकर भेजा जाता है। इससे प्रतीत होता है कि गंभीर मामले में साल भर बाद पुलिस विवेचना में लापरवाही ही कर रही है।

## सुडोकू -7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 8 | | 9 | | | 4 |
| | | 8 | | | | 1 | 2 | |
| 5 | | | 3 | 7 | 1 | | | |
| | 2 | 3 | | | 8 | | 4 | |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| | 1 | | 2 | | | 3 | 9 | |
| | | | 9 | 1 | 4 | | | 3 |
| | 8 | 4 | | | | 6 | | |
| 2 | | | 5 | | 6 | | 7 | |

### सुडोकू - 6 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 5 | 4 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 4 | 1 | 3 | 9 | 2 |
| 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 15 .55 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 19 .42 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** – आज अधिकारियों के द्वारा आपको प्रोत्साहन मिल सकता है। दिन का उत्तर भाग आपके लिए शुभ रहेगा। पेपरवर्क में सावधानी रखें। विवाह से जुड़ी परेशानियों का निवारण हो सकता है। धार्मिक विषयों को लेकर आपका रुझान बढ़ेगा।

**वृष** – आज आप काम के बजाय अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद कर सकते हैं। सेहत को लेकर सावधानी रखें। आज धर्म-कर्म की ओर आकर्षित हो सकते हैं। पिता के साथ झगड़ा हो सकता है। अहंकार में आकर किसी को नीचा न दिखाएं।

**मिथुन** – आज किसी लक्ष्य को लेकर संकल्प ले सकते हैं। पहले किए गए प्रयासों का आपको फल मिल सकता है। सरकारी अधिकारियों से अपने संबंध अच्छे रखें। आप परिस्थितियों को अपने नियंत्रण में रख पाएंगे।

**कर्क** – आज राजनीतिक लोगों को शत्रुओं से भय हो सकता है। चुपचाप शांत होकर अपना समय व्यतीत करें। विवाह संबंधी चर्चाओं के लिए समय शुभ नहीं है। आप जिन पर बहुत ज्यादा विश्वास करते हैं, वे भी आपकी विशेष मदद नहीं कर पाएंगे।

**सिंह** – आज जीवनसाथी के साथ की अनबन दूर होगी,किंतु ससुराल पक्ष के लोगों को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। ज्यादा भागदौड़ से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में कोई बड़ा ऑर्डर अचानक आपको मिल सकता है।

**कन्या** – आज विवेकपूर्ण निर्णय लेने से आपको काफी सम्मान मिलेगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। व्यवसाय में आपको सहयोगियों के ऊपर निर्भर होना पड़ेगा। दीर्घकालिक योजना बनाने के लिए समय काफी अच्छा है।

**तुला** – आज आपका दिन अच्छा रहेगा। विरोधियों के साथ आप संयमपूर्वक व्यवहार करेंगे जिसके कारण संभव है कि आप किसी फंसे हुए मुद्दे को सुलझा लें। किसी गंभीर विषय को लेकर आज आप सोच-विचार कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज अति आत्मविश्वास में आकर कोई भी त्वरित निर्णय न लें। गुप्त साधनाओं और विद्याओं की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी,लेकिन आपको भटकाव के बजाय अपने मूल कर्म पर अधिक ध्यान देना चाहिए। संपत्ति निवेश को लेकर आपको ध्यान रखना होगा।

**धनु** – आज आपको स्वजनों के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। दूरस्थ मित्रों से शुभ समाचार मिल सकते हैं। तकनीकी के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। आप किसी इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। जॉब और व्यवसाय में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

**मकर** – आज कानूनी मामलों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। लोग आपसे सहयोग लेने की अपेक्षा करेंगे। संतान को लेकर परेशानियां दूर होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आप अति आत्मविश्वास में आ सकते हैं। किसी को कमजोर समझने की गलती न करें।

**कुंभ** – आज ऐसे कार्यों से बचें,जो आपका मनोबल गिराते हों। रिश्तेदारों के कारण आप कुछ व्यथित हो सकते हैं। छोटी-छोटी गलतियों को नजरअंदाज न करें। आप किताबें पढ़ने में रुचि ले सकते हैं। आप कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मीन** – आज दोस्तों से आपको काफी संबल मिलेगा जिससे आपको नई शुरूआत करने की प्रेरणा भी मिलेगी। आपको अपने व्यक्तिगत जीवन को सबसे ज्यादा समय देना चाहिए। आपको घूमने भी जाना चाहिए। आप अपनी गलतियों पर गहराई से विचार कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
अकेले हम अकेले तुम – सुबह : 09 .54
चाइना गेट – रात : 07 .00

**&pictures**
लगान – सुबह : 10 .26
फुकरे 3 – रात : 08 .00

**Sony Pix**
जॉन विक – दोपहर : 12 .00
द मैकेनिक – रात : 07 .34

**Zee Cinema**
सर्कस – सुबह : 10 .53
इंटरनेशनल राउडी – शाम : 05 .13

**Colors Cineplex**
डुप्लीकेट – सुबह : 11 .19
ओएमजी 2 – रात : 08 .49

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

ग्राहक- वैसे आपके होटल में सफाई बहुत ध्यानपूर्वक की जाती है।
मैनेजर (खुश होकर) - धन्यवाद! आपको किस बात से ऐसा आभास हुआ।
ग्राहक- ऐसा आभास जब हुआ, किसी ने होटल में घुसते ही मेरी जेब की सफाई कर दी।

पति (शादी के बीस साल बाद)- शादी से पहले मैं और तुम एक-दूसरे को देखने के लिए कितने बेचैन रहते थे।
पत्नी-अरे छोड़ो, पुरानी गलतियों को याद करने से क्या फायदा।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,693.36 | 23,290.15 |
| बढ़त | 1,618.85 | 468.75 |
| प्रतिशत में | 2.16 | 2.05 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर स्थिर होने पर ही नीतिगत कदम पर कर सकते हैं विचार: दास

## एमपीसी की बैठक में बोले आरबीआई गवर्नर, तब तक दरों पर कार्रवाई संभव नहीं

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक 'आगे के नीतिगत कदम' पर तभी विचार कर सकता है जब उसे सकल मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत पर स्थिर रहने का भरोसा हो। दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले की संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि मुद्रास्फीति दर को चार प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप लाना केंद्रीय बैंक का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने कहा-जब तक आरबीआई को मुद्रास्फीति के इस लक्ष्य के नीचे रहने का भरोसा नहीं हो जाता, तब तक दरों पर कोई कार्रवाई संभव नहीं होगी। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) पर रखने का लक्ष्य दिया हुआ है। आरबीआई के अनुमानों के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर तिमाही में 3.8 प्रतिशत पर आई है, लेकिन बाद में फिर से बढ़कर पांच प्रतिशत पर पहुंच रही है। दास ने कहा-मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप होना चाहिए और एक बार यह चार प्रतिशत पर पहुंच जाए तो इसे वहीं रहना चाहिए।

### फास्टैग, एनसीएमसी में खुद से जमा हो सकेंगे पैसे

ग्राहक जल्दी ही फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी), यूपीआई लाइट में राशि तय सीमा से नीचे जाने पर उसमें स्वचालित रूप से पैसा डाले जाने की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने ई-मैंडेट रुपरेखा के तहत इन उत्पादों में स्वत: पैसा डालने की सुविधा देने का प्रस्ताव किया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति के निर्णय की जानकारी देते हुए शुक्रवार को कहा कि निश्चित अवधि पर होने वाले भुगतान के लिए ई-मैंडेट का चलन बढ़ रहा है। इसको देखते हुए फास्टैग, एनसीएमसी आदि में खुद से पैसा डालने की सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव किया गया है। ई-मैंडेट व्यवस्था के तहत बैंकों को भुगतान के लिए संबंधित ग्राहक के बैंक खाते से निश्चित राशि काटे जाने की अनुमति दी जाती है। दास ने कहा कि ई-मैंडेट के तहत अभी दैनिक, साप्ताहिक, मासिक आदि जैसे निश्चित अवधि वाले भुगतान के लिए तय समय पर ग्राहक के खाते से पैसा स्वयं कट जाता है।

### अप्रैल में घट गई औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल महीने में घटकर 3.87 प्रतिशत रह गई जबकि इस साल मार्च में यह 4.2 प्रतिशत थी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को औद्योगिक श्रमिकों के लिए फरवरी, मार्च और अप्रैल, 2024 के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आंकड़े जारी किए। इस सूचकांक को आधार बनाते हुए सरकार कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत तय करती है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा-मार्च महीने के लिए सालाना आधार पर मुद्रास्फीति 4.20 प्रतिशत रही, जबकि मार्च, 2023 में यह 5.79 प्रतिशत थी। अप्रैल, 2024 के महीने में मुद्रास्फीति साल भर पहले के 5.09 प्रतिशत की तुलना में 3.87% रही। वहीं फरवरी के महीने में मुद्रास्फीति 4.90% रही जो एक साल पहले की समान अवधि में 6.16 प्रतिशत थी।

## तीव्र आर्थिक वृद्धि से विदेश गए स्टार्टअप देश का कर रहे रुख

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईपीईएफ की बैठक को वाणिज्य विभाग के सचिव बर्थवाल ने किया संबोधित



वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उल्लेखनीय रूप से ऊंची बने रहने से पहले विदेश जाने वाले स्टार्टअप उद्यमी वापस भारत का रुख कर रहे हैं। बर्थवाल ने भारत-प्रशांत क्षेत्र आर्थिक समृद्धि समझौता (आईपीईएफ) के तत्वावधान में स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक मंच की बैठक के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में लगभग दोगुनी है और यह विचारणीय विषय है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार बर्थवाल ने बैठक में कहा-देश की मजबूत विकास के कारण ही अब भारत के लिए सकारात्मक उल्टे प्रवाह की परिस्थितियां तैयार हो रही हैं। जो भारतीय स्टार्ट-अप कभी पूंजी पहुंच और कर लाभों के लिए विदेशों का रूख कर गए थे, अब स्वदेश वापसी कर रहे हैं। कहा कि आज डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एआई जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां और डेटा सेंटर का उदय भविष्य के भारतीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 94,150 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,350-55,550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 91,000 |
| चांदी तैयार | 91,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 73,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,900 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 91,700। |

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर अब तक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 31 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.84 अरब डॉलर बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर गिरकर 646.7 अरब डॉलर पर रहा था।

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 31 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.1 अरब डॉलर की जबरदस्त बढ़त के साथ 572.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 21.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.5 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.12 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 10 लाख डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.33 अरब डॉलर हो गया।


### चांदी में 2,600 रुपये का उछाल, सोना 150 बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी 2,600 रुपये के उछाल के साथ 95,900 रुपये प्रति किग्रा पर पहुंच गयी जबकि सोने में 150 रुपये प्रति 10 ग्राम की मजबूती देखने को मिली। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक, लगातार दूसरे दिन मजबूत होता हुआ चांदी आज 2,600 रुपये बढ़कर 95,900 रुपये प्रति किग्रा हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,300 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुआ था। इस बीच, सोने की कीमत 150 रुपये की तेजी के साथ 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

## गठबंधन सरकार में निर्णय लेने की प्रक्रिया होगी धीमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेटिंग्स एजेंसी मूडीज ने कहा भविष्य में निवेशकों का भरोसा हो सकता है कम



गठबंधन सरकार में राजनीतिक स्थिरता की कमी और आम सहमति बनाने की जरूरत के चलते निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। मूडीज एनालिटिक्स ने शुक्रवार को यह अनुमान जताते हुए कहा कि ऐसे में निकट भविष्य में निवेशकों का भरोसा कम हो सकता है।

रेटिंग्स एजेंसी मूडीज ने चुनाव के बाद एक टिप्पणी में कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों का मतलब है कि संसद में समीकरण बदलने वाले हैं, क्योंकि गठबंधन के सहयोगी नीतिगत निर्णयों में प्रभाव डालेंगे और फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। टिप्पणी के मुताबिक, हालांकि इससे शासन के लिए अधिक समावेशी दृष्टिकोण पाने में मदद मिलेगी। भारत चुनाव समीक्षाः मतदाताओं ने भाजपा को गठबंधन सरकार चलाने के लिए मजबूर किया' शीर्षक वाली समीक्षा में कहा गया, भाजपा को सरकार बनाए रखने के लिए बातचीत और समझौते की मदद लेनी होगी। इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है और शायद पार्टी की कुछ प्रमुख नीतिगत पहल धीमी हो सकती हैं। भाजपा ने 2024 के आम चुनाव में 240 सीटें जीतीं हैं, जबकि इससे पहले उसे 2019 में 303 सीटें मिलीं थीं। इस बार के आम चुनावों में हालांकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को लोकसभा में 293 सीटें मिलीं। मूडीज एनालिटिक्स ने कहा कि हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, लेकिन भाजपा की कमजोर स्थिति राजनीतिक समीकरण में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है।

## राष्ट्रीय

# नीट परीक्षा में हुई धांधली, कोर्ट की निगरानी में हो जांच

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक पोस्ट में कहा-पेपर लीक होने की सीधी जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी सरकार की है

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस ने शुक्रवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (स्नातक) में धांधली का आरोप लगाया और कहा कि इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए ताकि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिल सके। नीट का परिणाम गत चार जून को घोषित किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गया है। इसकी सीधी जिम्मेदारी मोदी सरकार की है।

उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनेकों अनियमितताओं से जूझना, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फँसना- उनके भविष्य से खिलवाड़ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है। उन्होंने कहा, "हमारी मांग है कि उच्चतम न्यायालय की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए जिससे नीट व अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले हमारे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिले। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया-पहले नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब छात्रों का आरोप है कि इसके परिणाम में भी भ्रष्टाचार हुआ है। एक ही सेंटर के 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और कई तरह की अनियमितताओं की बातें सामने आ रही हैं। दूसरी ओर, परिणाम आने के बाद देश भर में कई बच्चों के आत्महत्या करने की खबरें हैं। यह बहुत दुखद और झकझोरने वाला है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार लाखों छात्रों की आवाज को अनसुना क्यों कर रही है? प्रियंका गांधी ने कहा-छात्र-छात्राओं को नीट परीक्षा के परिणाम में धांधली से जुड़े वाजिब सवालों के जवाब चाहिए। क्या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वो जांच कराकर इन वाजिब शिकायतों का निस्तारण करे।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने नीट की उत्तर कुंजी से जुड़ी याचिका पर जानना चाहा एनटीए का रुख

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तर कुंजी में दो सही जवाब वाले एक प्रश्न को लेकर शिकायत करने वाली नीट-यूजी अभ्यर्थी की याचिका पर शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का रुख जानना चाहा। न्यायमूर्ति डी.के. शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए के वकील से याचिका पर निर्देश प्राप्त करने को कहा। याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि परीक्षा में इस प्रश्न का उत्तर नहीं देने वालों को समान अंक दिये जाने चाहिए, जैसा कि दोनों सही उत्तर देने वालों को दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि प्रतियोगी परीक्षा में निष्पक्षता का सिद्धांत यह प्रावधान करता है कि सभी अभ्यर्थियों का मूल्यांकन समान मानदंड पर होना चाहिए और आरोप लगाया कि प्राधिकारों ने दो सही विकल्पों को अंक प्रदान कर निष्पक्षता के साथ समझौता किया, जबकि निर्देशों में स्पष्ट संकेत दिया गया है कि केवल एक विकल्प सही है। अपने अंक पर नकारात्मक प्रभाव को टालने के उद्देश्य से 17 वर्षीय छात्रा व याचिकाकर्ता ने उक्त सवाल का जवाब नहीं दिया और 720 अंकों में 633 अंक और करीब 98 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। अखिल भारतीय स्तर पर उसकी रैंक 44,700 के करीब है।

### केजरीवाल की नियमित जमानत का ईडी ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नियमित जमानत आवेदन का विरोध किया। एजेंसी ने दावा किया कि उसके पास दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को "गंभीर" आर्थिक अपराधों से जोड़ने के लिए "पर्याप्त सबूत" हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को बताया कि उसके पास केजरीवाल के खिलाफ कई सबूत हैं। न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई 14 जून के लिए निर्धारित की है। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ धन शोधन के अपराध में शामिल होने के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं।

## मणिपुर के जिरीबाम में एक व्यक्ति की हत्या के बाद विरोध-प्रदर्शन

इंफाल, एजेंसी

- राज्य सरकार ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया

मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा 59 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद राज्य सरकार ने वहां अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सोइबम सरतकुमार सिंह का शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोगों ने खाली पड़े झोपड़ों में आग लगा कर प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार रात वहां निषेधाज्ञा लागू कर दी। स्थानीय लोगों द्वारा हत्या का विरोध जताने के बाद वहां स्थिति तनावपूर्ण रही। जिरीबाम के जिलाधिकारी के कार्यालय द्वारा जारी किए गए आदेशों का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया, असामाजिक तत्वों की गैरकानूनी गतिविधियों के कारण यहां अशांति फैलने, दंगे भड़कने और मारपीट होने की संभावना है। स्थानीय प्रशासन ने पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, आग्नेयास्त्र, लाठी-डंडे लेकर चलने...और जिले के राजस्व क्षेत्राधिकार के भीतर किसी भी व्यक्ति के अपने निवास स्थान से बाहर घूमने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिंह बृहस्पतिवार को सुबह अपने खेत पर गया था, जहां से वह लापता हो गया। बाद में उसका शव बरामद किया गया। बताया कि सिंह पर किसी नुकीली चीज से हमला किया गया था।

## एक नजर

### दिल्ली के लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रच रहा हरियाणा : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि यदि हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय राजधानी के लिए पानी छोड़ भी दे तो भी शहर में जल संकट का हल नहीं होगा, क्योंकि हरियाणा ने आने वाले पानी का प्रवाह कम कर दिया है। वजीराबाद बैराज का दौरा कर आतिशी ने जल स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने हरियाणा पर आरोप लगाया कि हरियाणा उच्चतम न्यायालय के पीठ पीछे दिल्ली के लोगों के खिलाफ बड़ी साजिश रच रहा है।

### हत्या के मामल में 16 लोगों को उम्रकैद

**औरंगाबाद।** बिहार में औरंगाबाद जिले की एक अदालत ने शुक्रवार को वृद्ध की हत्या मामले में 16 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दो) संजय मिश्रा की अदालत ने कुटुंबा थाने में दर्ज एक कांड में सुनवाई करते 16 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सभी के खिलाफ 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं देने पर सभी अभियुक्तों को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## राहुल लोकसभा चुनाव के मैन ऑफ द मैच, बनना चाहिए नेता प्रतिपक्ष : थरूर

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव का मैन ऑफ द मैच करार दिया और कहा कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए।

लोकसभा चुनाव में लगातार चौथी बार तिरुवनंतपुरम से निर्वाचित हुए थरूर ने दिए साक्षात्कार में कहा कि जनादेश का संदेश यह है कि मतदाताओं ने भाजपा के अति अहंकार और उसके मेरी बात मानिये, नहीं तो रास्ता नापिये के रवैये को अनुचित ठहराया है। अगली राजग सरकार को लेकर उनका कहना था, यह नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के लिए एक चुनौती होगी, जो अपनी सरकार चलाने में बहुत अधिक सलाह-मशविरा करने के आदी नहीं रहे हैं और मुझे लगता है कि यह उनके काम करने के तरीके को बदलने और सरकार के भीतर अधिक समायोजन करने की उनकी क्षमता की परीक्षा होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विपक्ष के साथ भी सरकार का अधिक समायोजन रहेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार कुछ मुद्दों पर मजबूर सरकार साबित हो सकती है क्योंकि इस गठबंधन का हिस्सा बनने वाली पार्टियों को हर बात पर सहमत होना होगा। थरूर ने कहा, पहले से ही अग्निपथ योजना पर एक पार्टी द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। इस विचार का जद (यू) और चिराग पासवान पार्टी द्वारा समर्थन किया गया है। आंध्र प्रदेश और बिहार दोनों में कई नेताओं ने अपने राज्यों के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा है, जिससे भाजपा सरकार ने अब तक इनकार कर दिया था। इसको भी फिर से देखना होगा।

कांग्रेस के निर्वाचित शशि थरूर ने कहा कि अब इस सरकार को अधिक सहमति वाला मॉडल शासन लाना होगा। उन्होंने मोदी सरकार पर पिछले 10 वर्षों में संसद को एक नोटिस बोर्ड की तरह मानने का आरोप लगाया और उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि यह उम्मीद करना व्यावहारिक नहीं होगा कि सरकार के सभी निर्णयों के लिए संसद रबर स्टांप होगी।

## केजरीवाल के सहयोगी बिभव की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

### स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट का मामला

दिल्ली की एक सत्र अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज करते हुए कहा कि यदि आरोपी को रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है। कुमार ने दूसरी बार जमानत के लिए अदालत का रुख किया था। न्यायाधीश एकता गौबा मान ने कहा-जांच अभी शुरुआती चरण में है और पीड़िता के मन में अपनी सुरक्षा के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों की सुरक्षा को लेकर भी आशंका है क्योंकि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। आवेदक या आरोपी बिभव कुमार के गवाहों को प्रभावित करने की आशंका है। न्यायाधीश ने याचिका खारिज करते हुए कहा-इसलिए, मुझे वर्तमान जमानत याचिका में कोई दम नजर नहीं आता। कुमार को 31 मई को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इस बीच कोर्ट ने कुमार की गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी याचिका की पोषणीयता पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

## हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में 48 घंटे में अतिसार के 58 नए मामले आए

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर के 10 गांवों में 48 घंटे के भीतर अतिसार के 58 नए मामले सामने आए जिसके बाद जिले में अतिसार के मरीजों की संख्या बढ़कर 310 हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर के अग्निहोत्री ने बताया कि शुक्रवार शाम तक अतिसार के 58 मामले सामने आए। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कुल 310 मामलों में से 14 मरीज अस्पताल में हैं, 233 को छुट्टी दे दी गई है और शेष मरीज घर पर ही इलाज करा रहे हैं। हमीरपुर जिले की लांबलू, चमनेड़, गसोता, बफरीन और पंधेर ग्राम पंचायतों के 12 गांवों में पिछले शुक्रवार से अतिसार के मामले सामने आ रहे हैं। इस क्षेत्र की आबादी करीब 4,550 है।

### कर्नाटक के राज्यपाल ने स्वीकार किया मंत्री बी नागेंद्र का इस्तीफा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राजभवन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकारी निगम से धन के अवैध हस्तांतरण के आरोपों के बीच नागेंद्र ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। राजभवन की ओर से कहा गया है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंत्री का इस्तीफा स्वीकार करने की सिफारिश की थी। कहा गया कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड में 87 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में इसके कर्मचारी चंद्रशेखर पी ने आत्महत्या कर ली थी।

## किसान संगठनों ने सीआईएसएफ कांस्टेबल के प्रति जताया समर्थन

चंडीगढ़, एजेंसी

### कंगना रनौत प्रकरण

- कहा-पूरे प्रकरण की उचित जांच की जानी चाहिए



देश के कुछ किसान संगठनों ने शुक्रवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की उस महिला कांस्टेबल का समर्थन किया, जिसने अभिनेत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की नव निर्वाचित सांसद कंगना रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था। इन संगठनों ने कहा कि पूरे प्रकरण की उचित जांच की जानी चाहिए।

रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक कांस्टेबल ने उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह घटना हुई है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा उन प्रमुख संगठनों में से है, जिन्होंने कहा कि वे सीआईएसएफ आरोपी महिला कांस्टेबल के साथ खड़े हैं। किसानों के विरोध प्रदर्शन पर कंगना के रुख को लेकर उनसे नाराज दिखाई देने वाली कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है और जांच शुरू कर दी गयी है। हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रदान करने का काम करने वाली सीआईएसएफ ने भी घटना की 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया है।

### कंगना रनौत की आतंकवाद को लेकर की गई टिप्पणी की पंजाब के नेताओं ने की आलोचना

पंजाब के नेताओं हरसिमरत कौर बादल, बिक्रम सिंह मजीठिया और सुखपाल सिंह खैरा सहित कई अन्य ने अभिनेत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत की पंजाब में आतंकवाद को लेकर की गयी टिप्पणी के लिए आलोचना की है। रनौत ने कहा था कि पंजाब में आतंकवाद और अतिवाद बढ़ रहा है। गुरुवार को चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर हुई एक चौका देने वाली घटना में सीआईएसएफ की एक महिला जवान ने कंगना को थप्पड़ मार दिया था। बताया जा रहा है कि महिला किसान आंदोलन को लेकर अभिनेत्री की टिप्पणी से आहत थी। शिरोमणि अकाली दल के सांसद बादल ने कहा कि किसी को भी पंजाबियों को आतंकवादी या उग्रवादी कहने और लोगों को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की इजाजत दी जानी चाहिए। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री मजीठिया ने एक्स पर लिखा कि हालांकि वह किसी भी रूप में हिंसा के समर्थक नहीं हैं।





## खेल डायरी

### जैसमीन पाओलिनी फ्रेंच ओपन फाइनल में



**पेरिस।** इटली की जैसमीन पाओलिनी ने मिर्रा आंद्रीवा को 6.3, 6.1 से हराकर फ्रेंच ओपन फाइनल में प्रवेश कर लिया जो उनके कैरियर का पहला ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा। इससे पहले किसी भी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे नहीं जा सकी पाओलिनी ने कहा कि ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह असंभव जैसा था लेकिन अब सच हो गया है। अब उनका सामना शनिवार को दो बार की गत चैम्पियन इगा स्वियातेक से होगा। इटली के यानिक सिनेर अगर कार्लोस अल्काराज को हरा देते हैं तो वह भी पुरूष एकल फाइनल में पहुंच जायेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन सिनेर चाहें जीते या हारें लेकिन सोमवार को रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच जायेंगे। वहीं स्वियातेक ने कोको गाफ को 6.2, 6.4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रोलां गैरो पर उनका जीत का सिलसिला 20 मैचों का हो गया।

### प्रदर्शन में सुधार चाहेगी भारतीय हॉकी टीम



**लंदन।** पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए भारतीय पुरूष हॉकी टीम इस सप्ताह के आखिर में जर्मनी और ब्रिटेन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मुकाबलों में अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेगी। भारत को शनिवार को विश्व चैम्पियन जर्मनी से खेलना है जबकि रविवार को ब्रिटेन से मुकाबला होगा। बेल्जियम चरण और लंदन में दो मैचों के बाद भारत 14 मैचों में 24 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। जर्मनी छठे और ब्रिटेन सातवें स्थान पर है। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि हमने कुछ अच्छी हॉकी खेली लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा। इन दो मैचों में हमारा लक्ष्य आक्रामक शुरूआत करने का होगा। हम अच्छी हॉकी खेलकर लय बनाये रखने की कोशिश करेंगे। बेल्जियम में भारत ने शूटआउट में अर्जेंटीना को हराया लेकिन बेल्जियम से 1-4 से हार गई। बेल्जियम ने उसे शूटआउट में हरया जिसके बाद भारत ने अर्जेंटीना को 5-4 से मात दी। लंदन में भारत ने जर्मनी को 3-0 से हराया लेकिन ब्रिटेन से 1-3 से टीम हार गई। हार्दिक ने कहा कि टीम को पता है कि ओलंपिक की तैयारी के लिए प्रो लीग के मैच कितने अहम है लिहाजा हम कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे।

### एसए20 लीग नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 तक

**नई दिल्ली।** बेतवे एसए20 लीग का तीसरा सत्र नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेला जायेगा। लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पहले दो सत्र की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न कैप की नजरें लगातार तीसरे खिताब पर होंगी। स्मिथ ने कहा कि पहले दो सत्रों की सफलता के बाद हम एक बार फिर इस सिलसिले को जारी रखते हुए सभी को विश्व क्रिकेट के नामी गिरामी सितारों को खेलते देखना का मौका देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम टूर्नामेंट के कार्यक्रम, नीलामी और खिलाड़ियों के नामों की घोषणा करेंगे। इसकी तैयारी चल रही है। हम खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिये खेल और मनोरंजन से भरा एक और सत्र लाने के लिये बेताब हैं।

# पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने अमेरिका से हार को काला दिन दिया करार

## डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सुपर ओवर तक चले मैच में पूर्व चैंपियन को हराकर अमेरिका ने किया बड़ा उलटफेर

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने आईसीसी टी20 विश्व कप में पदार्पण कर रहे अमेरिका के हाथों शिकस्त को अप्रत्याशित करार देते हुए इसे टीम के लिए 'काला दिन' करार दिया। अमेरिका ने डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सुपर ओवर तक चले मैच में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को हराकर इस विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर किया।



पूर्व कप्तान यूनिस खान ने कहा कि पाकिस्तान की टीम ने इस मैच कई रणनीतिक गलतियां की, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। यूनिस ने कहा कि सुपर ओवर में जब बाए हाथ का गेंदबाज गेंदबाजी कर रहा था तब फखर जमां को स्ट्राइक लेनी चाहिए थी। कोई भी ऐसे बुरे दिन से सीख सकता है और मुझे उम्मीद है कि बाबर आजम और अन्य खिलाड़ी अब हर मैच को करो या करो के रूप में लेंगे। यूनिस के अनुसार सबसे निराशाजनक बात यह थी कि अमेरिका में पाकिस्तानी मूल के लोग बड़ी संख्या में रहते है, जो पूरे दिल से टीम का समर्थन कर रहे हैं।

### अमेरिका को हलके में लेना भारी पड़ा , बाबर ने किया स्वीकार



**डलास।** अमेरिका के हाथों टी20 विश्व कप के पहले मैच में सुपर ओवर में मिली हार से स्तब्ध पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि विरोधी टीम को हलके में लेना उनकी टीम पर भारी पड़ गया। अमेरिका ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए पूर्व चैम्पियन और पिछले उपविजेता पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया। पाकिस्तान को पिछले टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे ने हराया था और हाल ही में बाबर आजम की टीम द्विपक्षीय शृंखला में आयरलैंड से हारी है। बाबर ने कहा कि किसी भी टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ तैयारी जरूरी होती है। यह मानसिकता की बात है। सहयोगी देशों जैसी टीम के खिलाफ आप चीजों को हलके में ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि आप अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पाते और सामने वाली टीम आपको हरा देती है। हमारे साथ यही हुआ। हमारी तैयारी अच्छी थी लेकिन मैच में हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि मैं निराश हूं। हमने तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमने पहले छह ओवर का फायदा नहीं उठाया और दसवें ओवर के बाद विकेट गंवाते गए, जिससे लय ही नहीं बन सकी। बल्लेबाजों को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

### थेरोन ने रऊफ पर गेंद से छेड़खानी का लगाया आरोप



**डलास।** अमेरिकी गेंदबाज रस्टी थेरोन ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर टी20 विश्व कप के मैच के दौरान गेंद से छेडखानी का आरोप लगाया है। थेरोन अमेरिकी टीम का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रऊफ ने दो ओवर पुरानी गेंद पर नाखून लगाए, जिससे उन्हें रिवर्स स्विंग मिलने लगी। पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए खेल चुके 38 वर्ष के थेरोन ने इस कथित घटना पर आंख मूंदने के लिये आईसीसी को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आईसीसी , क्या हम यह दिखावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने नई बदली गई गेंद को खरोचा नहीं है। दो ओवर के बाद ही गेंद को रिवर्स स्विंग कैसे मिलने लगी। आप साफ देख सकते हैं कि हारिस रऊफ ने गेंद पर नाखून लगाया है। अमेरिका ने पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराकर विश्व कप का पहला उलटफेर किया। रऊफ ने चार ओवर में 37 रन दे डाले।

### हार के बाद पाकिस्तानी टीम पर बरसे वसीम अकरम

**डलास।** महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने अमेरिका के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार पर पाकिस्तान की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि अब टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाना बाबर आजम की टीम के लिये कठिन होगा। अकरम ने कहा कि निराशाजनक प्रदर्शन। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए यह बुरा दिन था। उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तान को सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए जूझना होगा क्योंकि अब उसे भारत (नौ जून) के बाद दो और अच्छी टीमों (आयरलैंड और कनाडा) से खेलना है। पाकिस्तान की 1992 विश्व कप जीत के नायक ने कहा कि मैच का निर्णायक मोड़ अमेरिका को शुरूआती विकेट मिलना था। उन्होंने कहा कि मैच का निर्णायक मोड़ यही था कि अमेरिका ने शुरूआती विकेट चटकाए। पाकिस्तान के लिए बाबर और शादाब ने छोटी सी साझेदारी की लेकिन उनके अलावा कोई नहीं चला। फील्डिंग बहुत खराब थी। उन्होंने कहा कि मुझे और पाकिस्तान के हर प्रशंसक को यकीन था कि हम अमेरिका को हराएंगे, लेकिन सुपर ओवर में 18 रन देने के बाद उम्मीदें ध्वस्त हो गई।



### भारत के खिलाफ आगामी मैच टीम के लिए करो या मरो मुकाबले की तरह हो गया: मोहसिन खान

पूर्व सलामी बल्लेबाज मोहसिन खान ने कहा कि वह पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। मोहसिन 2010 से 2012 तक मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता थे। मोहसिन ने कहा कि भारत के खिलाफ आगामी मैच टीम के लिए करो या मरो मुकाबले की तरह हो गया है। मोहसिन ने कहा कि हमें वह मैच हर हाल में जीतना होगा, नहीं तो हम सुपर आठ से बाहर हो जायेंगे। पाकिस्तान के सात विकेट पर 159 रन के जवाब में अमेरिका की टीम ने तीन विकेट पर 159 रन बनाये। इसके बाद सुपर ओवर में अमेरिका के 18 रन के जवाब में पाकिस्तान 13 रन ही बना पाया।

### पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने नहीं दिखा आत्मसम्मान और जुझारूपन

क्रिकेट विश्लेषक ओमैर अलवी ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने वह आत्मसम्मान और जुझारूपन नहीं दिखाया जिसके लिए वह जाने जाते है। अमेरिका के खिलाफ उलटफेर से पहले, पाकिस्तान हाल के दिनों में अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड जैसी टीमों से भी हार गया है। पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने पउलटफेर करने के लिए अमेरिका की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आप अमेरिका की तुलना में हमारे अनुभव और प्रदर्शन को देखें। मैं धैर्य बनाए रखने और अनुशासन के साथ खेलने के लिए अमेरिका को पूरा श्रेय देता हूं। उन्होंने जो कैच लपके उससे मैच उनके पक्ष में हो गया। हमारे प्रशंसकों में निराशा है लेकिन मुझे लगता है हमारी टीम रविवार को भारत को हराकर कुछ सम्मान हासिल कर सकती है। सोशल मीडिया पर यह अटकलें भी लगने लगीं कि पाकिस्तान ड्रेसिंग रूम में सब कुछ ठीक नहीं है।

## पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए तैयार पंड्या



**न्यूयॉर्क।** हार्दिक पंड्या पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के आगामी मुकाबले को 'जंग' की तरह नहीं देखते लेकिन भारतीय हरफनमौला उस प्रतिद्वंद्वी का सामना करने को बेताब हैं जिसके खिलाफ उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। भारत और पाकिस्तान की टक्कर रविवार को होगी और पंड्या चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछली सफलता दोहराना चाहेंगे।

**रविवार को भिड़ेंगे भारत पाकिस्तान**

पंड्या ने कहा कि मैं बड़े मैचों में खेलने को लेकर काफी रोमांचित रहता हूं। मुझे यह बहुत खास लगता है और पाकिस्तान ऐसी टीम है जिसके खिलाफ मैंने कई मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। पंड्या ने पाकिस्तान के खिलाफ छह टी20 मैच खेलकर 84 रन बनाए, लेकिन 7.5 की इकॉनॉमी रेट से 11 विकेट भी लिये हैं। उन्होंने बीसीसीआई से कहा कि यह कोई जंग नहीं है, एक मैच ही तो है। भारत और पाकिस्तान के मैच हमेशा से रोमांचक होते रहे हैं। जज्बात का सैलाब उमड़ता है लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि हम अनुशासित प्रदर्शन करेंगे और एक ईकाई के रूप में अपना लक्ष्य हासिल करेंगे। अगर ऐसा कर सके तो एक और दिन अच्छा होगा।

## थाईलैंड ओपन में लक्ष्य सेन की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

जकार्ता, एजेंसी



इंडोनेशिया के जकार्ता के इस्तोरा स्टेडियम में पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ खेलते हुए लक्ष्य सेन।

स्टार शटलर लक्ष्य सेन की पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया में 14वें नंबर के खिलाड़ी सेन एक घंटे और एक मिनट तक चले मैच में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 22-24, 18-21 से हार गये। दोनों खिलाड़ियों के बीच पांच मैचों में यह एंटोनसेन की तीसरी जीत है।

सेन और एंटोनसेन के बीच पहले गेम में काफी करीबी मुकाबला देखने को मिला। डेनमार्क के खिलाड़ी ने 4-0 की बढ़त के साथ शुरूआत की लेकिन सेन ने वापसी करते हुए स्कोर 5-5 से बराबर किया और फिर 15-11 की बढ़त बना ली। अब वापसी करने की बारी एंटोनसेन की थी। उन्होंने लगातार अंक जीतते हुए स्कोर को 16-16 से बराबर किया। दोनों खिलाड़ी 22 अंक तक लगभग बराबरी पर रहे लेकिन एंटोनसेन ने लगातार दो अंक बनाकर पहले गेम को 32 मिनट में जीत लिया। दूसरे गेम में भी कड़ा संघर्ष जारी रहा और दोनों खिलाड़ी एक समय 18-18 की बराबरी पर थे। सेन की गलतियों का फायदा उठाकर डेनमार्क के खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक बनाये और मैच जीत लिया। सेमीफाइनल में एंटोनसेन का मुकाबला आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न से होगा।

## भारतीय तीरंदाजों ने टीम स्पर्धाओं में जीते 4 पदक

सुवोन, एजेंसी



भारतीय तीरंदाजों ने तीरंदाजी एशिया कप 2024 स्टेज 3 में दो रजत और दो कांस्य समेत चार पदक जीते। दक्षिण कोरिया के सुवोन आयोजित स्पर्धा में शुक्रवार को भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी और मिश्रित टीमों ने रजत पदक जीते, जबकि पुरुष कंपाउंड और महिला रिकर्व टीमों को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

भारतीय महिला कंपाउंड टीम में कुमुद सैनी, माया बिश्नोई और तेजल साल्वे की तिकड़ी फाइनल में सिम सूइन, पार्क जुंगयून और पार्क येरिन की दक्षिण कोरियाई टीम से 234-232 से हार गई। इससे पहले भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान को और क्वार्टरफाइनल में मंगोलिया को हराया था। कंपाउंड मिश्रित टीम के फाइनल में भारत की कुमुद सैनी और मानव जाधव दक्षिण कोरिया के सिम सूइन और कांग डोंगह्योन से 157-155 से हार गए। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में हांगकांग चीन को और सेमीफाइनल में कजाकिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची थी।

वहीं पुरुषों की कंपाउंड टीम स्पर्धा में मानव जाधव, गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु और कुशल दलाल ने चीनी ताइपे के हान टिंग लिन, चेंग एन काओ और हाओ-एन लू को 236-229 के स्कोर से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत ने सेमीफाइनल में मलेशिया से हारने से पहले क्वार्टरफाइनल में हांगकांग चीन को हराया था। भारत की रिकर्व महिला तीरंदाजी टीम ने प्लेऑफ में उज्बेकिस्तान को 5-3 से हराकर कांस्य पदक जीता। भार्गवीबेन भगोरा, बसंती महतो और 14 वर्षीय शारवरी सोमनाथ शेंडे ने ज़ियोदाखोन अब्दुसत्तोरोवा, निलुफर हमरोएवा और ओमिना एर्गाशोवा की विपक्षी टीम को शिकस्त दी।

## सिफत कौर ने म्यूनिख विश्व कप में जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख।** भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समारा ने शुक्रवार को आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के अंतिम दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस तरह से दो पदक जीत कर इस प्रतियोगिता में अपने अभियान का अंत किया।

सरबजोत सिंह ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। सिफत मामूली अंतर से रजत पदक से चूक गई। उन्होंने 452.9 अंक बनाए जो चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन हान जियायू से केवल 0.1 कम था। ग्रेट ब्रिटेन की विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सियोनैड मैकिन्टोश ने 466.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सिफत नीलिंग पोजीशन के बाद सातवें और प्रोन पोजीशन के बाद पांचवें स्थान पर चल रही थी। स्टैंडिंग पोजीशन में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया जिससे वह कांस्य पदक जीतने में सफल रही।

## कारूआना से प्रज्ञाननंदा को मिली मात, कार्लसन से हारे अलीरेजा

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

**नॉर्वे शतरंज**



भारतीय ग्रैंड मास्टर आर प्रज्ञाननंदा को नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से हार गए, जबकि विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को आर्मगेडन (टाइब्रेकर) में हराया। कार्लसन के अब 16 अंक हैं और उन्होंने हिकारू नाकामुरा पर 1.5 अंक की बढ़त हासिल कर ली है।

नाकामुरा को चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से हार का सामना करना पड़ा। कारूआना से आर्मगेडन में हारने के बावजूद प्रज्ञाननंदा 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बने हैं। वह चौथे नंबर पर काबिज अलीरेजा से एक अंक आगे हैं। कारूआना के 10.5 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर हैं। लिरेन छह अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। महिला वर्ग में भारत की आर वैशाली को चीन की टिंगजी लेई के हाथों हार का सामना करना पड़ा जिससे वह चौथे स्थान पर खिसक गईं। भारतीय खिलाड़ी कोनेरू हम्पी भी चीन की वेन्जून जू से हार गईं। वेन्जून जू अब 16 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। टिंगजी लेई और यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक उनसे 1.5 अंक पीछे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। वैशाली 11.5 अंकों के साथ चौथे, जबकि हम्पी नौ अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। स्वीडन की अनुभवी खिलाड़ी पिया क्रैमलिंग 6.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। वैशाली क्लासिकल गेम में हारने वाली एकमात्र खिलाड़ी रही। बाकी सभी बाजियां ड्रॉ रही, जिसके बाद परिणाम के लिए आर्मगेडन का सहारा लिया गया।

## मायूस होने की जरूरत नहीं है हम अब भी दौड़ में : स्टिमक

कोलकाता, एजेंसी



भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि उनकी टीम को कुवैत के खिलाफ विश्व कप के क्वालीफाइंग मैच गोलरहित ड्रॉ रहने पर निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि टीम अभी भी तीसरे दौर की दौड़ में बनी हुई है।

करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री के आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारतीय टीम ने निराश किया। छेत्री ने अपने 19 साल के करियर में 151 मैचों में 94 गोल दागकर विदा ली। स्टिमक ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमें निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम अभी भी दौड़ में हैं। अगले पांच दिन में पूरी कोशिश करूंगा कि टीम में यह आत्मविश्वास पैदा कर सकूं कि हम कतर को हरा सकते हैं। यह छोटी सी आशा है लेकिन है और हमें खुद पर भरोसा करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत को अब एशियाई दिग्गज कतर से 11 जून को खेलना है। वहीं कुवैत की टीम अफगानिस्तान से खेलेगी। भारत को हर हालत में हार से बचना होगा। कोच ने छेत्री का आखिरी मैच देखने बड़ी तादाद में आये दर्शकों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों की तारीफ करनी होगी जो बड़ी तादाद में आये। हम नतीजे से निराश है। मैच कठिन था और उन्होंने बेहतर शुरूआत की। हमें लय पकड़ने में समय लगा।

## वुशु के साथ खेलो इंडिया महिला लीग का चौथा सत्र शुरू

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया महिला लीग का 2024-25 संस्करण 10 जून को कर्नाटक के बागलकोट में दक्षिण क्षेत्र वुशु लीग के साथ शुरू होगा। इसमें सांडा और ताओलू स्पर्धाओं में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणियों में कुल 300 एथलीट भाग लेंगे। इसमें आंध्र प्रदेश, पांडिचेरी, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप और ओडिशा के वुशु खिलाड़ी भाग ले सकते है।

लीग में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर स्पर्धाओं के शीर्ष आठ वुशू एथलीटों में 7.2 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। राष्ट्रीय वुशू मुख्य कोच कुलदीप हांडू ने कहा, "खेलो इंडिया महिला लीग ने वुशू को राष्ट्रीय स्तर पर बहुत बढ़ावा दिया है और तीनों डिवीजनों सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर की महिला एथलीट इससे लाभान्वित हो रही हैं।

**टी-20 विश्वकप** | न्यूजीलैंड को मिला है कठिन ग्रुप सी, जिसमें दो बार की चैंपियन मेजबान वेस्टइंडीज जैसी टीमें शामिल

## न्यूजीलैंड के सामने आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान की चुनौती

प्रोविडेंस, एजेंसी

न्यूजीलैंड की टीम टी20 विश्व कप में ग्रुप सी के मैच में शनिवार को आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान टीम के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो विरोधी को हलके में लेने की गलती करने से बचना होगा। न्यूजीलैंड को कठिन ग्रुप मिला है जिसमें दो बार की चैम्पियन मेजबान वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान जैसी टीमें हैं।

बारिश के कारण अभ्यास सत्र रद होने से न्यूजीलैंड की तैयारी पर असर पड़ा है। उसे पहले दो मैचों में अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से खेलना है। अफगानिस्तान की टीम ने यहां पहला मैच जीता है और हालात से अच्छी तरह वाकिफ हो गई है। न्यूजीलैंड की ताकत हालांकि आईसीसी टूर्नामेंटों में हालात के अनुरूप तुरंत ढलना रही है और टीम पिछले कुछ साल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करती आई है। उसके पास अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा फिन एलेन और रचिन रविंद्र जैसे युवा खिलाड़ी भी है। कागजों पर कीवी टीम बेहद मजबूत लग रही है जिसके पास बल्लेबाजी में गहराई और गेंदबाजी में विविधता है। नई गेंद ट्रेंट बोल्ट संभालेंगे जिनका साथ देने के लिये लॉकी फर्ग्युसन और टिम साउदी हैं। बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर ने भी वेस्टइंडीज में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनका इकॉनॉमी रेट 5.5 रहा है।



**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक। रिजर्व : सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी।

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, जिमी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी। रिजर्व : बेन सियर्स। **मैच : सुबह पांच बजे से।**

### विलियमसन ने की अफगानिस्तान के गेंदबाजों की प्रशंसा



**प्रोविडेंस (गयाना)।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का मानना है कि अफगानिस्तान के पास टी20 विश्व कप में खेल रही टीमों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनुभव हासिल करने के बाद उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है। न्यूजीलैंड के टीम विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी। इस प्रारूप में इन दोनों टीमों के बीच अभी तक केवल एक मैच खेला गया है। विलियमसन ने कहा कि निश्चित तौर पर उनके पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं। ईमानदारी से कहूं तो उनके पास बेहद कुशल खिलाड़ी हैं। उनके पास इस प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक है। अफगानिस्तान के पास कप्तान राशिद खान, मुजीब उर रहमान और नूर अहमद के रूप में चोटी के स्पिनर हैं। विलियमसन आईपीएल में राशिद खान के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान ने कहा कि हमने फ्रेंचाइजी प्रतियोगिताओं में देखा कि अफगानिस्तान के कई खिलाड़ी उसमें खेलते हैं और उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है। उन्हें निरंतर शीर्ष स्तर पर खेलने का मौका मिल रहा है। हमने पिछले विश्व कप में देखा था कि वनडे में उनकी टीम कितनी अच्छी है। उनकी टीम बेहद कुशल है और कड़ी चुनौती पेश कर सकती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# बांग्लादेशी सांसद की हत्या का आरोपी भारत को सौंपा

काठमांडू, एजेंसी

- अवामी लीग के सांसद 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता गए थे



नेपाल ने पिछले महीने कोलकाता में हुई बांग्लादेशी सासंद अनवारुल अजीम अनार की नृशंस हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया है। शुक्रवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एक समाचार पोर्टल ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया, नेपाल पुलिस द्वारा संपर्क किए जाने के बाद सोमवार की सुबह नेपाल की इंटरपोल शाखा ने मोहम्मद सियाम हुसैन को भारतीय अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया।

समाचार पोर्टल की खबर के अनुसार, हत्या के बाद नेपाल भाग गए हुसैन को पिछले गुरुवार को नेपाल के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया गया। बांग्लादेशी सासंद के परिचित द्वारा 18 मई को दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार 56 वर्षीय अवामी लीग के सांसद अनार 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता गए थे लेकिन 17 मई को उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# भारत में विशिष्ट लोगों को मिलता है सुरक्षा घेरा

भारत में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या फिर अन्य गणमान्यों को जेड+, जेड, वाई और एक्स श्रेणी की सुरक्षा की जाती है। यह सुरक्षा कई प्रमुख सुरक्षा एजेंसी द्वारा प्रदान की जाती है जिनमें एसपीजी, एनएसजी, आईटीबीपी और सीआरपीएफ जैसी एजेंसी शामिल हैं। इस सुरक्षा को लेने के लिए सरकार को एप्लीकेशन देनी होती है, इसके बाद खुफिया एजेंसी व्यक्ति को होने वाले खतरे का अंदाजा लगाती हैं और उसके बाद ही सुरक्षा तय की जाती है। गृह सचिव और डायरेक्टर जनरल और चीफ सेक्रेटरी की कमेटी तय करती है कि किस व्यक्ति को कौन सी सुरक्षा दी जाए। इसके बाद व्यक्ति का विवरण औपचारिक मंजूरी के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी दिया जाता है।



### अधिकांश सेलेब्रिटी को मिलती है जेड श्रेणी सुरक्षा

जेड श्रेणी में 22 कर्मियों का सुरक्षा कवर होता है, जिसमें 6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं। यह दिल्ली पुलिस या आईटीबीपी या सीआरपीएफ कर्मियों द्वारा प्रदान की जाती है। उदाहरण के लिए योग गुरु रामदेव और कई अभिनेताओं को जेड सुरक्षा प्रदान की जाती है।

### यह होती है सिक्योरिटी सिस्टम की प्रक्रिया

यदि किसी व्यक्ति को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिलती है, तो उसे पूरे देश में सुरक्षा मिलेगी, इसके लिए एक तंत्र है। जैसा कि ऊपर बताया गया है, जेड श्रेणी की सुरक्षा में एनएसजी या सीआईएसएफ जैसी सुरक्षा एजेंसियां तैनात होती हैं, लेकिन जब कोई व्यक्ति राज्य से बाहर जाता है, तो उसके साथ कुछ ही कमांडो जाते हैं। बाकी सुरक्षा प्रदान करना उस विशेष राज्य की जिम्मेदारी है। लेकिन, इसके लिए वीआईपी को राज्य में दौरे की पूर्व सूचना देनी होगी। इस प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था कभी उजागर नहीं की जाती है।

### वाई श्रेणी में आठ और एक्स श्रेणी में दो सुरक्षा कर्मी तैनात

वाई श्रेणी में आठ सुरक्षा कर्मियों का सुरक्षा कवर होता है, जिसमें 2 कमांडो और पुलिसकर्मी शामिल होते हैं। इसमें दो निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) प्रदान किए जाते हैं। भारत में इस श्रेणी की सुरक्षा पाने वाले लोगों की संख्या काफी हैं। वहीं एक्स श्रेणी में दो कर्मियों (कोई कमांडो नहीं, केवल सशस्त्र पुलिस कर्मी) का सुरक्षा कवर होता है। यह एक पीएसओ द्वारा प्रदान किया जाता है।

### प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राज्य के सीएम को जेड+ सुरक्षा

जेड प्लस भारत में सुरक्षा की सर्वोच्च श्रेणी है। इसमें 10 प्लस एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मियों सहित 55 कर्मियों का सुरक्षा कवर प्रदान किया जाता है। प्रत्येक कमांडो मार्शल आर्ट और निहत्थे युद्ध में विशेषज्ञ होता है। देश में जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और कुछ अन्य लोग शामिल हैं।

## एक नजर


### रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्र नदी में डूबे

**मॉस्को।** रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्रों की सेंट पीटर्सबर्ग के निकट एक नदी में डूब से मौत हो गयी है। रूस में भारतीय दूतावास ने कहा वेलिकि नोवगोरोड शहर में नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले भारतीय मेडिकल छात्र - दो लड़के और दो लड़कियां - रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक नदी में डूब गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक छात्रा वोल्खोव नदी में डूबने लगी। चार छात्रों ने उसे बचाने की कोशिश की। इस दौरान छात्रा और उसे बचाने गये चार में से तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गयी। एक छात्र को बचा लिया गया।

### अमेरिकी संसद को संबोधित करेंगे नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 24 जुलाई को अमेरिकी संसद को संबोधित कर सकते हैं। इससे उन्हें इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख करने का मौका मिलेगा। अमेरिकी नेताओं ने पिछले सप्ताह नेतन्याहू को सांसदों को संबोधित करने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया था और गुरुवार देर रात संबोधन की तारीख तय की।

### फिलेमोन यांग संरा महासभा के नये अध्यक्ष



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमोन यांग को अपना नया अध्यक्ष चुना है। मीडिया रिपोर्टों के श्री यांग सितंबर में शुरू होने वाले महासभा के 69वें सत्र की अध्यता करेंगे। महासभा के आगामी सत्र की थीम और उनका मुख्य संदेश 'विविधता में एकता, शांति की उन्नति, सतत विकास तथा हर जगह सभी के लिए मानवीय सम्मान' है।

### बाइडन ने जेलेंस्की से माफी मांगी

**पेरिस।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन ने शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से अमेरिकी सैन्य सहायता में महीनों की देरी के लिए माफी मांगी। पेरिस डी-डे लैंडिंग की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में दोनों नेता शामिल हुए। इस मौके पर बाइडन ने जेलेंस्की से कहा कि वह यूक्रेनी लोगों से उन महीनों के लिए माफी मांगते हैं जब उन्हें यह पता नहीं था कि और सहायता आएगी या नहीं।

# हूती ने संरा के नौ कर्मी बंधक बनाए

## इजराइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में जहाजों को निशाना बनाया

दुबई, एजेंसी

बढ़ते वित्तीय दबाव और अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन से हवाई हमलों का सामना कर रहे हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के कम से कम नौ यमनी के कर्मचारियों को बंधक बना लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहायता समूहों के लिए काम करने वाले अन्य लोगों को भी बंधक बनाए जाने की आशंका है।

ये घटना ऐसे समय हुई है जब हूती विद्रोहियों ने लगभग एक दशक पहले यमन की राजधानी पर कब्जा कर लिया था और उसके बाद से ही सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ लड़ रहे हैं। हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में जहाजों को निशाना बनाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हालांकि अधिक ध्यान आकर्षित करने के साथ-साथ इस गुप्त समूह ने घरेलू स्तर पर असहमति के खिलाफ भी कार्रवाई की है, जिसमें हाल ही में 44 लोगों को मौत की सजा सुनाना भी शामिल है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में काम करने वाले कर्मचारियों को बंधक बनाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार एजेंसी, इसके विकास कार्यक्रम, विश्व खाद्य कार्यक्रम के कर्मचारी तथा इसके विशेष दूत के कार्यालय में काम करने वाला एक व्यक्ति शामिल है। बंधक बनाए एक कर्मचारी की पत्नी को भी विद्रोहियों ने पकड़ रखा है। संयुक्त राष्ट्र ने इस पर तत्काल टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। माय्यून ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ने बंधक बनाए गए संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों की पहचान की है।



मध्य गाजा में इजराइली हमले के बाद क्षतिग्रस्त इमारतें।

### मध्य गाजा में इजराइली हमलों में 18 लोगों की मौत

**यरूशलम।** मध्य गाजा में गुरुवार देर रात इजराइल के हवाई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 18 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे एक दिन पहले, एक स्कूल परिसर पर किए गए हमले में 33 लोग मारे गए थे, जहां विस्थापित फलस्तीनियों ने शरण ले रखी थी। अधिकारियों ने बताया कि नुसैरत और मागजी शरणार्थी शिविरों तथा देर अल-बला और जावेदा कस्बों में शरणार्थी शिविरों पर हमले किए गए। अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार, जान गंवाले वाले लोगों में चार बच्चे और एक महिला तथा नुसैरत शरणार्थी शिविर के मेयर भी शामिल हैं। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि मध्य गाजा में उसका अभियान जारी है और सैनिकों ने दर्जनों आतंकियों को मार गिराया तथा इलाके में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है।

### ठोस ईंधन वाली फिलिस्तीनी मिसाइल का किया प्रक्षेपण

**दुबई, एजेंसी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने अपने शस्त्रागार में एक नई, ठोस ईंधन वाली मिसाइल का प्रदर्शन किया और उसका प्रक्षेपण किया। यह मिसाइल ईरान द्वारा पहले प्रदर्शित की गई मिसाइल से मिलती जुलती है जिसे तेहरान ने हाइपरसोनिक गति से उड़ने वाला बताया है। विद्रोहियों ने सोमवार को इजराइल में दक्षिणी खाड़ी क्षेत्र में अकाबा के ईलात बंदरगाह पर अपनी नई फिलिस्तीनी मिसाइल दागी। प्रक्षेपण के कारण हवाई हमले के सायरन बज उठे लेकिन किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं है। बुधवार देर रात हूतियों द्वारा जारी किए गए फुटेज में फिलिस्तीन को एक मोबाइल लॉन्चर पर रखा हुआ और बाद में हवा में जाते हुए देखा गया जिसके इंजन से सफेद धुआं निकल रहा था। ठोस ईंधन वाली मिसाइलों में सफेद धुआं निकलना आम बात है। ठोस ईंधन वाली मिसाइल को तरल ईंधन वाली मिसाइल की तुलना में तेजी से स्थापित किया और दागा जा सकता है। ईरानी मीडिया ने फिलिस्तीन के प्रक्षेपण की जानकारी दी।

### दो डॉक्टर, अस्पताल कर्मी एवं बिचौलिए को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**पुणे कार हादसा**

**पुणे, एजेंसी।** पुणे की एक अदालत ने 19 मई के पोर्श दुर्घटना मामले में शुक्रवार को ससून अस्पताल के दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी के साथ-साथ एक अन्य व्यक्ति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मध्यप्रदेश के रहने वाले दो आईटी पेशेवरों की उस दिन तड़के कल्याणी नगर में उस समय मौत हो गई, जब उनकी मोटरसाइकिल को कथित तौर पर नशे में धुत्त एक नाबालिग लड़के द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार ने टक्कर मार दी। ससून अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े, डॉ. श्रीहरि हलनौर, अतुल घटकांबले और अमर गायकवाड़ को जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी आर कचारे की अदालत में पेश किया गया, जिन्होंने सभी अरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तोवड़े, हलनौर एवं घटकांबले पर किशोर के माता-पिता के साथ मिलकर रक्त के नमूनों को बदलने की साजिश रचने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, गायकवाड़ ने आरोपी डॉक्टरों और किशोर के पिता के बीच बिचौलिये के रूप में काम किया था। जांच अधिकारी (आईओ) सुनील तांबे ने अदालत को बताया कि गायकवाड़ और एक अन्य कथित बिचौलिये अशफाक मकानदर की पुलिस हिरासत 10 जून को समाप्त हो रही थी, लेकिन उनकी भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने के बाद से गायकवाड़ की मजिस्ट्रेट हिरासत रिमांड (एमसीआर) की मांग की जा रही है।

# केन्या से हिमालय पहुंचीं ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई


राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार :** यदि आप हिमालय क्षेत्र में रहते हैं तो इन दिनों और एक विशेष प्रकार की ड्रैगनफ्लाई हजारों लाखों की संख्या में अपने आसपास उड़ते हुए देख रहे होंगे। यह ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई हैं। इन दिनों ये अरबों, खरबों और उससे भी अधिक संख्या में हिमालय क्षेत्र में प्रवास के लिए आई हुई हैं।


बटर फ्लाई शोध संस्थान के निदेशक पीटर स्मैटाचैक बताते हैं कि यह ड्रैगनफ्लाई अपनी चौथी पीढ़ी के रूप में इन दिनों हिमालय क्षेत्र में है। अभी यह ड्रैगनफ्लाई भारत में केन्या से आई हैं। हिमालयी क्षेत्र में इनका प्रवास 15 से 20 दिनों का रहता है। इस दौरान इसकी यह पीढ़ी यहां ( भारत ) में अंडे देगी और मर जाएगी।

इसके बाद अंडों से निकलने वाली ड्रैगन फ्लाई फिर केन्या वापस जाएंगी। वहां वह पीढ़ी अंडे देगी और वहीं मर जाएंगी। वहां उन अंडों से निकले बच्चे केन्या से दक्षिण अफ्रीका जाएंगे। वहां वह अंडे देंगे और मर जाएंगे। वहां अंडों से निकले बच्चे केन्या का रुख करते हैं और फिर वहां अंडे देंगे। इसी चक्र के तहत ड्रैगनफ्लाई फिर भारत पहुंचेंगी। इस तरह यह ड्रैगनफ्लाई चार पीढ़ी में लगभग 25 हजार किलोमीटर का सफर तय करती हैं।

### अमूर फाल्कन से ड्रैगन फ्लाई का विशेष संबंध



अमूर फाल्कन बाज परिवार का एक छोटा शिकारी पक्षी है। यह दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीकी तटों में सर्दियों के लिए भारत और अरब सागर में बड़े झुंडों में प्रवास करने से पहले दक्षिण-पूर्वी साइबेरिया और उत्तरी चीन में प्रजनन करता है। पक्षी विशेषज्ञों के मुताबिक अमूर फाल्कन एक मात्र ऐसा मांसाहारी पक्षी है जो कि माइग्रेट करते हुए समुद्र के बीच से भी गुजरती है और ऐसे में भी कभी यात्रा के दौरान नहीं उतरती है। बताते हैं कि अमूर फाल्कन ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई के साथ उड़ान भरती है और रास्ते में इनको खाती है और इसलिए रास्ते भर उसको भोजन मिलता रहता है।



> दक्षिण भारत में पाई जाने वाली ड्रैगनफ्लाई भी इसी प्रजाति की है। लेकिन, दक्षिण भारत की यह ड्रैगनफ्लाई माइग्रेट नहीं करती है। -पीटर स्मैटाचैक, निदेशक बटर फ्लाई शोध संस्थान

# मोदी और लाई की बातचीत सिर्फ शिष्टाचार : अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता ने चीन की आपत्ति के संबंध में दिया जवाब

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते के बीच बधाई संदेशों के अदान प्रदान पर चीन की आपत्ति पर अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दो विदेशी नेताओं का इस प्रकार के बधाई संदेश देना राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा है।



विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, मैं कहूंगा कि इस तरह के बधाई संदेश राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा हैं। मिलर ने चीन की आपत्ति के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। मोदी की जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति ने उन्हें बधाई संदेश भेजा था जिसके प्रत्युत्तर में मोदी ने बुधवार को कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं।

### चीन की निंदा की

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जीत के बाद ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते और उनके बीच ट्वीट्स के आदान-प्रदान का विरोध करने पर चीन की निंदा की।

# अंतरिक्ष में झूम उठीं सुनीता विलियम्स

ह्यूस्टन, एजेंसी

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने जैसे ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में प्रवेश किया, वह खुशी से झूमती और नाचती नजर आईं। अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करते ही अमेरिकी नौसेना की परंपरा के अनुसार घंटी बजाकर उनका स्वागत किया गया।

विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर ने बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सफलतापूर्वक जोड़ दिया है। रास्ते में आई कुछ नई समस्याओं को दूर करने के बाद यह संभव हो पाया। विलियम्स (58) ने बुधवार को तीसरी बार अंतरिक्ष की यात्रा की और उन्होंने एवं विल्मोर ने बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर सवार होकर आईएसएस जाने वाले पहले सदस्य बनकर इतिहास रच दिया। विलियम्स इस परीक्षण उड़ान की पायलट हैं जबकि 61 वर्षीय विल्मोर इस मिशन के कमांडर हैं।



अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में सुनीता विलियम्स। • एजेंसी

- अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करते ही अमेरिकी नौसेना ने घंटी बजाकर उनका स्वागत किया

### शून्य गुरुत्वाकर्षण के कारण लहराते दिखे बाल

नीले रंग की वर्दी पहने विलियम्स शून्य गुरुत्वाकर्षण के कारण उनके बाल ऊपर की ओर लहराते दिखते हैं। विलियम्स ने कहा हमारे पास एक और परिवार है, जो बहुत बढ़िया है।

# इमरान ने सुप्रीम कोर्ट में दिया केजरीवाल का उदाहरण

इस्लामाबाद, एजेंसी



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उनके साथ किये गए दुर्व्यवहार की उच्चतम न्यायालय में शिकायत की और भारत में लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने का उदाहरण दिया। राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश में संशोधन से जुड़े एक मामले में प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ के समक्ष गुरुवार को अपनी पेशी के दौरान, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष ने अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से उन्हें प्रताड़ित किये जाने की शिकायत की।

न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति जमाल खान मंदोखेल, न्यायमूर्ति अतहर मिनाल्ला और न्यायमूर्ति सैयद हसन अजहर रिजवी भी पीठ में शामिल हैं। न्यायमूर्ति मिनाल्ला ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि खान जेल में हैं जबकि वह एक बड़ी पार्टी के प्रमुख हैं जिसके लाखों समर्थक हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# पति, पत्नी और पड़ोसी लोगों को गुदगुदाने के लिए तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे दर्शकों के लिए गेम्स नाइट थीम पर आधारित एक दिलचस्प एपिसोड लेकर आएगा, जिसमें फन टास्टिक कॉमेडियन गैग्स और मज़ेदार वन-लाइनर्स के साथ प्रफुल्लित करने वाले गेम खेलेंगे। जाने-माने कॉमेडियन परितोष त्रिपाठी, सागर करांडे और हेमांगी कवि टीम बनाकर अपना अनूठा गैग पति, पत्नी और पड़ोसी पेश करने वाले हैं, जिसमें हेमांगी पत्नी की भूमिका निभाएंगी, जो अपने पति के लिए स्वादिष्ट खाना लेकर आती है, जिसकी भूमिका सागर ने निभाई है। जैसे ही वे अंदर जाने वाले होते हैं, उनका तंग करने वाला पड़ोसी, जिसका किरदार परितोष ने निभाया है, बिन बुलाया मेहमान बनकर आ जाता है। यह दंपत्ति अपना खाना छुपाने और उसे घर से बाहर निकालने के लिए बड़े मज़ेदार तरीके से संघर्ष करते हैं। जैसे ही पड़ोसी को छुपी हुई दावत का पता चलता है, हंगामा मच जाता है, जिससे जोड़े को हास्यास्पद तरीके से उसका पीछा करना पड़ता है! परितोष त्रिपाठी ने कहा, लोगों के जीवन में झगड़ालू पड़ोसी काफी परेशान करने वाली हकीकत है।

## वरुण धवन की फिल्म जुग-जुग जियो का बनेगा सीक्वल!



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरुण धवन की सुपरहिट फिल्म जुग-जुग जियो का सीक्वल बनाया जा सकता है। करण जौहर निर्मित फिल्म वर्ष 2022 में रिलीज हुई थी। जुग-जुग जियो में वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर जैसे सितारे थे। इस फिल्म में दो अलग-अलग जेनरेशन के कपल को दिखाया गया था। जुग-जुग जियो 2 पर काम किया जा रहा है। इस बार यह फिल्म नए टाइटल के साथ आ सकती है। चर्चा है कि जुग जुग जियो के सीक्वल में एक बार फिर वरुण धवन नजर आ सकते हैं। संभव है कि टाइगर श्रॉफ भी इस फिल्म का हिस्सा बने। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन फिल्म होने वाली थी, जिसमें वरुण और टाइगर लीड रोल में होंगे। निर्देशक राज मेहता के साथ राइटर्स की एक टीम ने इस मूवी की स्क्रिप्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स इस फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत या 2025 की शुरुआत में कर सकते हैं।

## 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा बिग बॉस ओटीटी 3

**मुंबई, एजेंसी।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 ,जियो सिनेमा पर 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 प्रीमियर के लिए तैयार है। इस बार सलमान खान शो की मेजबानी नहीं करेंगे।अनिल कपूर शो को होस्ट करने जा रहे हैं। शो की लॉन्चिंग डेट का खुलासा कर दिया गया है। बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 जियो सिनेमा पर 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा। अनिल कपूर ने इस शो को लेकर कहा है कि, बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं। हम दोनों दिल से जवान हैं। लोग अक्सर कहते हैं मजाक में कि मैं रिवर्स एजिंग हूं, लेकिन बिग बॉस में ये खूबी है। ऐसा महसूस होता है जैसे स्कूल वापस जाना, कुछ नया और रोमांचक प्रयास करना। मैं बिग बॉस में उसी ऊर्जा को 10 गुना अधिक लाने जा रहा हूं।

**खगोल विज्ञान** इस खोज को आश्चर्यजनक मान रहे हैं वैज्ञानिक, एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में प्रकाशित हुई खोज

# यह ग्रह तारे के करीब होने के बावजूद बनाए हैं वजूद

अमृत विचार, नैनीताल


- ग्रह का नाम हॉट-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट टीआईसी 365102760 बी व उपनाम फीनिक्स रखा गया
- इसके आकार प्रकार को लेकर वैज्ञानिक इसे सुपर-पफ हॉट नेपच्यून कह रहे, तारे की उम्र कम से कम 6.3 अरब वर्ष है

वैज्ञानिकों ने दूर गगन में एक ऐसे ग्रह की खोज की है, जो अपने सूर्य के बेहद करीब होने के बावजूद वातावरण का वजूद बनाए हुए है। खोजे गए इस ग्रह का नाम हॉट-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट टीआईसी 365102760 बी व उपनाम फीनिक्स रखा गया है। इस खोज को वैज्ञानिक आश्चर्यजनक बता रहे हैं। इस ग्रह का स्वामी रेड जायंट स्टार है। इसके आकार प्रकार को लेकर वैज्ञानिक इसे सुपर-पफ हॉट नेपच्यून कह रहे हैं। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह ग्रह सिग्नस तारामंडल में मौजूद है, जो हमसे 1,810 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। इसके तारे की उम्र कम से कम 6.3 अरब वर्ष है। यह ग्रह हर 4.2 दिनों में अपने तारे की परिक्रमा पूरी करता है। इस बाहरी ग्रह की दुनिया खगोलविदों की सोच से आश्चर्यजनक रूप से छोटी, पुरानी और बेहद गर्म है। यह दुर्लभ एक्सोप्लैनेट की श्रेणी में आता है । अपने मेजबान तारे के बहुत करीब और बहुत अधिक गर्म होने के बावजूद, इसका वातावरण बरकरार है। मगर अभी तक इसका कारण पता नहीं लग सका है। इसका आकार पृथ्वी से 6.2 गुना बड़ा है। बुध व सूर्य की दूरी की तुलना में अपने तारे से लगभग 6 गुना अधिक करीब है। यह भीषण तापमान के साथ तप रहा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि लगभग 100 मिलियन वर्ष में इसकी मौत हो जाएगी।

### पृथ्वी के वातावरण को समझने में मददगार होगी यह खोज

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बाहरी ग्रह के जरिए पृथ्वी के भविष्य के बारे में अनुमान लगा सकते हैं। जब हमारा सूर्य अंत समय में फैलना शुरू होगा, तो उसके ताप में पृथ्वी का वातावरण गायब होना शुरू हो जाएगा। जिस कारण इस खोज को पृथ्वी के भविष्य के साथ जोड़ा जा रहा है।



तारे का बेहद नजदीकी ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर। • अमृत विचार